WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 8 दिसंबर 2024 मार्गशीर्ष , शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 235 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

**मैं** निकला गड्डी लेके रस्ते में बीच सड़क पे संसद भवन आया मैं उत्थे गड्डी छोड़ आया... गाते हुए पता नहीं किसने राज्यसभा में एक कांग्रेसी सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की कुर्सी के पास पचास हजार रूपये के नोटों की गड्डी छोड़ दी। अब इस कैश को लेकर संसद में क्लेश हो रहा है। सिंघवी उस नोटों की गड्डी से किनारा कर रहे है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि फिर वह गड्डी किसकी है? बहरहाल इस कैश कांड की जांच हो रही है। जांच के बाद खुद ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

# बेरहम इंसान की करतूत ने ले ली नन्हें हाथी शावक की जान

- शिकारियों ने वन्यप्राणियों के शिकार के लिए रखा था पोटाश बम
- पोटाश बम चबाने से जबड़े में आई थी गंभीर चोट
- सूजन बढ़ने से खाने-पीने में हो रही थी परेशानी

*जीवन एस साहू*

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यप्राणी प्रेमियों के लिए दुखद खबर सामने आई है। पोटाश बम की चपेट में आने से एक माह से दर्द लिए इधर-उधर की ठोकरें खाते हुए घूम रहे नन्हें हाथी शावक की मौत हो गई है। बेरहम इंसान की करतूत ने बेजुबां जानवर की जान ले ली है।

बता दें कि वन्यप्राणियों के शिकार के लिए रखे पोटाश बम को हाथी शावक ने खा लिया था, इससे कि गंभीर रूप से घायल हो गया था, इसकी दो दिनों से तबीयत और बिगड़ गई थी। इसके इलाज के लिए रिजर्व प्रशासन और वाइल्ड

लाइफ एक्सपर्ट अपनी टीम के साथ जुटे हुए थे, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हो पाया और हाथी शावक अघन ने शनिवार की दोपहर 3:35 बजे आखिरी सांस ली। विभाग के उपनिदेशक वरुण जैन ने हाथी शावक की मौत की पुष्टि की है। मालूम हो कि माहभर पहले वन्यप्राणियों के शिकार के लिए लगाए गए पोटाश बम को नन्हें हाथी शावक ने खा लिया था, जिससे कि उसके जबड़े और पैर में चोटें आई थी। जानकारी मिलते ही वन अमला हाथी शावक की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी हुई थी। उसके इलाज के लिए डॉक्टर्स एवं ट्रैकर्स ड्रोन के माध्यम से मॉनिटरिंग भी कर रही थी, लेकिन हाथियों के झुंड के बीच ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

### जीभ व मुंह में आई जख्म

जानकारी के मुताबिक हाथी शावक दो दिन पहले रिसगांव रेंज से तौरेंगा रेंज पहुंचा हुआ है। पोटाश बम चबाने से जीभ व मुंह में आई जख्म लाख कोशिशों के बावजूद ठीक नहीं हो सका था। सूजन बढ़ने के कारण हाथी अब कुछ भी नहीं खा पा रहा था। शावक काफी कमजोर होने से ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। सोए हालत में ही हाथी का उपचार जारी था। हाथी के दयनीय स्थिति को लेकर अफसर चिंतित थे। विभाग के हर प्रयास के बावजूद भी शावक को आखिरकार नहीं बचाया जा सका। शावक की मौत से वन विभाग में शोक की लहर है।

## जम्मू-कश्मीर के लिए 13 केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी

**श्रीनगर (वार्ता)।** केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर पर विशेष ध्यान देने के लिए धन्यवाद दिया, क्योंकि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र शासित प्रदेश के लिए 13 केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी है। डॉ सिंह ने शुक्रवार को 'एक्सÓ पर लिखा, जम्मू-कश्मीर पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद। उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्र शासित प्रदेश में विभिन्न स्थानों के लिए 13 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी। इनमें से 50 प्रतिशत से अधिक उधमपुर लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। प्रदेश में केंद्रीय विद्यालयों को गूल और रामबन (जिला रामबन), बानी, रामकोट (जिला कठुआ), रियासी, ककरयाल-कटरा (जिला रियासी), रत्नीपोरा, गलांदर-चंद्रहारा (जिला पुलवामा), मुगल मैदान (जिला किश्तवाड़), गुलपुर (जिला पुंछ), ड्रगमुल्ला (जिला कुपवाड़ा), विजयपुर (जिला सांबा) और पंचेरी (जिला उधमपुर) के लिए मंजूरी दी गई है।

## कार्यवाहक राष्ट्रपति ने की सरकार भंग करने की घोषणा

**औगाडौगू (वार्ता)।** पश्चिम अफ्रीका में देश बुर्किना फासो के कार्यवाहक राष्ट्रपति इब्राहिम ट्रोरे ने देश की सरकार को भंग करने और प्रधानमंत्री को बर्खास्त करने का फैसला किया है। बुर्किनाबे समाचार पोर्टल लेफासो ने शुक्रवार को इस आदेश का हवाला देते हुए बताया कि इस्तीफा देने वाली सरकार तब तक काम करती रहेगी, जब तक कि नई सरकार नियुक्त नहीं हो जाती।

## अनन्या पांडे यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को एनडीटीवी के इंडियन ऑफ द ईयर अवाड्स 2024

में यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इस दौरान अनन्या ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर बात की।अनन्या पांडे से पूछा गया कि एक के बाद एक सक्सेस देख उन्हें कैसा लगा तो उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है. मैंने इस तरह की फिल्में की जिससे लोग कनेक्ट कर पाएं। मैंने भी खुद को दर्शकों से जुड़ा हुआ महसूस किया। काफी लोगों ने कहा कि उन्हें मेरा काम अच्छा लगा। वहीं अनन्या ने अपनी फेवरेट फिल्म और रोल के बारे में भी बताया।

## ग्लोबल एंटरटेनर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित हुए कपिल

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कॉमेडियन कपिल शर्मा को एनडीटीवी इंडियन ऑफ द ईयर अवॉड्स के ग्लोबल एंटरटेनर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया है। कपिल शर्मा ने इस दौरान अपने शो द ग्रेड इंडिया कपिल शो से लेकर डिप्रेशन तक जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। एनडीटीवी इंडियन ऑफ द ईयर अवॉड्स शो में कपिल शर्मा से सवाल-जवाब किए गए।जिसमें उन्होंने बड़ी बात कही है। कपिल शर्मा से पूछा गया कि आपने बहुत से डाउनफॉल देखे, लेकिन आप हर बार विनर बनकर खड़े हुए।

### मुंबई पुलिस को मिला मैसेज, जांच शुरू

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी

**मुंबई (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस को शनिवार को व्हाट्सएप पर यह मैसेज मिला। मैसेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि पीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला मैसेज राजस्थान के अजमेर से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले संदिग्ध की तलाश में पुलिस टीम को अजमेर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन के व्हाट्सएप नंबर पर कुछ घंटे पहले यह संदेश भेजा गया। इसमें कहा गया कि दो आईएसआई एजेंटों और पीएम मोदी को निशाना बनाने के लिए बम ब्लास्ट करने की साजिश की जा रही है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि संदेश भेजने वाला मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति है या शराब के नशे में उसने संदेश भेजा है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर पहले भी ऐसे धमकी भरे संदेश मिल चुके हैं।

### सलमान खान को भी धमकी मिला था

मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर 7 नवंबर को कई ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

### नुकसान पहुंचाने की धमकी

इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी। कॉल का पता पश्चिमी उपनगरों के अंबोली से लगाया गया और इसके बाद मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस की एक टीम ने महिला कॉलर का पता लगाया और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। जांच के बाद महिला मानसिक रूप से अस्थिर पाई गई और कॉल को शरारत के तौर पर पाया गया। अधिकारी ने बताया कि महिला का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

## गृहमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा महकमा अलर्ट

### शाह 14 दिसंबर से छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर राजधानी रायपुर पहुंचेंगे तथा दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगे। बस्तर जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि, गृहमंत्री का दौरा बस्तर में हो सकता है हालांकि अभी उनका प्रोटोकॉल नहीं आया है। पर शाह दौरे को देखते हुए बस्तर में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाई जा रही है। साथ ही पेट्रोलिंग और गश्त को भी बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा महकमा को अलर्ट किया गया है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने

गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात भी की। इस मुलाकत के बाद साय ने बताया कि अमित शाह 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ आएंगे तथा दो प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने कहा,छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गौरव की बात है कि उन्हें प्रेसीडेंट पुलिस कलर अवॉर्ड मिला है। केंद्रीय गृहमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल होकर अवार्ड देंगे। इसके अलावा ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

## दिल्ली कूच के लिए पहुंचे 60 किसान गिरफ्तार, भेजे जेल

**ग्रेटर नोएडा(ए.)।** 10 फीसदी भूखंड समेत मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत शनिवार को दिल्ली कूच करने पहुंचे 60 से अधिक किसान और महिलाओं को परी चौक से गिरफ्तार कर लिया। सभी को लुकसर जेल भेज दिया है। किसान जत्थों के रूप में नारेबाजी करते हुए पहुंचे।

10 फीसदी भूखंड देने समेत मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन में गिरफ्तार किसानों को रिहा करने समेत मांगों को लेकर जेल भरो आंदोलन चल रहा है। शनिवार को किसानों के दिल्ली कूच करने की सूचना पर परी चौक पर सवेरे से ही भारी संख्या में पुलिस, पीएसी समेत आरपीएफ के महिला जवान तैनात किए थे। करीब 12 बजे तुगलपुर गांव की और से नारेबाजी करते हुए 30 से अधिक किसान, महिलाएं परी चौक पर पहुंचे। किसानों के परी चौक पर पहुंचते ही पुलिस ने उनको चारों ओर से घेर लिया। किसानों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। उसके आधा घंटे के बाद दादरी के एनटीपीसी के नजदीक के गांवों के किसान और महिलाएं नारेबाजी करते हुए परी चौक पर पहुंचे। इनमें 40 से अधिक महिलाएं भी शामिल थी। महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार करने के दौरान काफी देर तक धक्का-मुक्की भी हुई। महिलाएं जमीन पर बैठकर नारेबाजी करती रही। पुलिस ने उनको उठाकर बस से जेल ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

## नक्सलियों ने की मुखबिरी के शक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या

**बीजापुर /नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस मुखबिर होने के संदेह में नक्सलियों ने एक महिला आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या कर दी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के थिम्मापुर गांव में घटी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ अज्ञात नक्सली गांव में लक्ष्मी पदम (45) के घर में घुसे और उसके परिवार के सामने ही उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। उन्होंने शव को घर के आंगन में फेंक दिया और फरार हो गए। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनास्थल पर माओवादियों की मद्देड़ क्षेत्र समिति द्वारा जारी एक पर्चा

मिला है, जिसमें उन्होंने महिला पर पुलिस मुखबिर के रूप में काम करने का आरोप लगाया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की बेटे के सामने हत्या

बासागुड़ा इलाके में हमलावरों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उसके बेटे के सामने निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी

### सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में नक्सलियों की सामग्री बरामद

*नारायणपुर नारायणपुर के थाना सोनपुर- कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम वाला, कोंगे, कान्दुलपाड़, पांगुड़ व आसपास के क्षेत्रों में माआवोदियों के उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी रवाना हुई थीं। सर्चिंग गश्त के दौरान ग्राम वाला-पांगुड़ के जंगल में सुरक्षा बलों को रसोई गैस सिलेण्डर, वेल्डिंग गैस सिलेण्डर, फोल्डेबल चेयर, डेटोनेटर, नक्सली वर्दी, पि_ बैंग, सोलर प्लेट, हथियार बनाने की मशीन, बड़ी संदुके, तेल टिन, साबून एवं भारी मात्रा में नक्सल साहित्य सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई थी। बरामद नक्सली सामग्रियों रसोई गैस सिलेण्डर, वेल्डिंग गैस सिलेण्डर, फोल्डेबल चेयर, डेटोनेटर, नक्सली वर्दी, पि_ बैंग,* ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

## राजनाथ कल से रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे

**नई दिल्ली (वार्ता)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल से रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री और रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव मंगलवार को मास्को में सैन्य और सैन्य तकनीकी

सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। दोनों नेता सैन्य-से-सैन्य और औद्योगिक सहयोग सहित रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। रक्षा मंत्री सोमवार को यंत्र शिपयार्ड, कलिनिनग्राद में भारतीय नौसेना के नवीनतम बहुउद्देशीय स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी इस अवसर पर श्री सिंह के साथ होंगे।

## सीरिया: संघर्ष में तीन लाख 70 हजार लोग विस्थापित

**संयुक्त राष्ट्र,(वार्ता)।** सीरिया के सशस्त्र बलों और हयात तहरीर अल-शाम आतंकवादी समूह के बीच जारी संघर्ष बढ़ने के बाद से करीब 3 लाख 70 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हुये हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय

कार्यालय (ओसीएचए) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने आज कहा कि सीरिया में शत्रुता बढ़ने के बाद से करीब 3,70,000 पुरुष, महिलाएं और बच्चे विस्थापित हुये हैं। इनमें से एक लाख ऐसे लोग शामिल हैं, जो एक से अधिक बार अपने घर छोड़कर गए हैं। गौरतलब है कि सीरिया में 2011 से सशस्त्र संघर्ष जारी है। यहां हयात तहरीर अल-शाम आतंकवादी समूह (जिसे पहले नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था और यह रूस में प्रतिबंधित है) और कई अन्य सशस्त्र समूहों ने 29 नवंबर को सीरियाई सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया, जो इदलिब के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के उत्तर से अलेप्पो और हमा शहरों की ओर बढ़ रहा है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने पांच दिसंबर को कहा है कि आतंकवादियों के साथ ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

### गरमा-गरम

### वाह रे सरकारी तंत्र ... सहकारी समिति में घोटाला, पीड़ित किसान ने दी आत्महत्या की चेतावनी

# किसान ने कर्ज नहीं लिया फिर भी समिति ने बना दिया कर्जदार...

- सांसद, कलेक्टर, एसडीएम से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**डोंगरगढ़/नवप्रदेश।** हर साल धान खरीदी शुरू होते किसानों के कर्ज की वसूली धान खरीदी के साथ शुरू हो जाती है। हर साल समिति वाले किसानों को धान का भुगतान में से कर्ज की वसूली करते है। सहकारी समितियों में किसानों की ऋण पुस्तिका जमा रहती हैं। जिसमें फर्जीवाड़ा कर समिति के पदाधिकारियों और बैंकर मिलकर सैकड़ों किसानों के नाम से कर्ज लेकर राशि हड़प लेने सैकड़ों शिकायतें हैं। ये समस्या हर साल हर मंडियों में सामने आती है और उसमें लीपापोती कर सलटा दिया जाता है, पर इसका पुख्ता समाधान आज तक नहीं हो पाया है। सरकार को संज्ञान लेकर इस तरह के मामले में सख्त सजा का प्रावधान करना चाहिए। ताकि किसान इस तरह के फर्जीवाड़ा से मुक्त हो सके।

### प्रबंधक और बैंक की मिलीभगत

ताजा मामला डोंगरगढ़ सहकारी समिति का उजागर हुआ है। जिसमें भोले-भाले किसानों के नाम पर फर्जी लोन लेकर लाखों की हेराफेरी किया गया। सोसायटी प्रबंधक और बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत ने किसानों को ऐसा फंसाया कि अब वे न खेती

के लिए जरूरी साधन जुटा पा रहे हैं और न ही अपनी उपज बेचने में सक्षम हैं। मामला डोंगरगढ़ विकासखंड के छिपा सहकारी समिति का है। पीड़ित किसानों का कहना है कि हमने कभी कोई लोन नहीं लिया, फिर भी हमें कर्जदार बना दिया गया। हमने सांसद, कलेक्टर, एसडीएम, सबसे शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तो ऐसा लग रहा है कि हमें आत्महत्या ही करनी पड़ेगी।

### कहानी चौंकाने वाली

पलांदूर गांव के जितेंद्र यादव की कहानी चौंकाने वाली है। महज दो एकड़ जमीन के मालिक जितेंद्र के नाम पर 2,65,000 रुपए का कर्ज दिखा दिया गया, जबकि प्रावधान के अनुसार इतनी जमीन पर केवल 60,000 रुपए का लोन दिया जा सकता ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

### जल्द कार्रवाई होगी : एसडीएम

डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचे किसानों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फर्जी लोन माफ करने की मांग की है। एसडीएम का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है। जल्द ही इस पर कार्रवाई होगी।

### आंदोलन की चेतावनी

किसान यादवराम वर्मा ने बताया, हमने कभी कोई लोन नहीं लिया, फिर भी हमें कर्जदार बना दिया गया। हमने सांसद, कलेक्टर, एसडीएम, सबसे शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तो ऐसा लग रहा है कि हमें आत्महत्या ही करनी पड़ेगी। किसान संतोष वर्मा ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा, हम नौ किसान इस घोटाले के शिकार हुए हैं। जब खाद लेने गए, तब पता चला कि हमारे नाम पर लाखों का कर्ज है. हमारी मांग है कि भुगतान में बिना कोई कटौती किए हमें धान बेचने दिया जा। इस घोटाले ने किसानों की जिंदगी पर बड़ा असर डाला है।

# 'सौ हाथों से कमाएं और...', पीएम मोदी-रक्षामंत्री राजनाथ ने की सहयोग की अपील

**नई दिल्ली।** शहीदों और सीमाओं पर बहादुरी से लड़ने वाले जवानों को सम्मानित करने के लिए हर साल आज का दिन सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज का दिन हमारे देश के लिए बहुत गौरव का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर देश के जवानों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम किया है। साथ ही उन्होंने देश वासियो से शहीदों के परिजनों और जवानों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में सहयोग की भी अपील की है।

पीएम मोदी ने इस मौके पर एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने के बारे में है। उनकी बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनके बलिदान और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। आइए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में भी योगदान करें।

**सैनिकों का बलिदान और अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत**

अपनी पोस्ट में आगे राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे सैनिकों का बलिदान और अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान लोगों से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सौ हाथों से कमाए और हजार हाथों से दान दे।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी लोगों से की अपील

पीएम मोदी के अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस मौके पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। एक्स पर एक वीडियो संदेश में, राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का दिन देश नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और समर्पण को पहचानने और "बहादुरों" के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का एक अवसर है। हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच की तरह काम करते हैं, जो हर स्थिति में हमारी रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। भले ही वह खतरा बाहरी हो, या प्राकृतिक आपदाएं।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस का इतिहास

भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाने के पीछे की एक खास वजह है। भारत कई दशकों तक अंग्रेजों का गुलाम रहा। हालांकि 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र घोषित हो गया। इसके बाद भारत का संविधान बना और यह एक लोकतांत्रिक देश बन गया। हमारे सामने एक बड़ी चुनौती थी देश की सीमा की रक्षा करना। इसके लिए सेनाएं अस्तित्व में आईं, जिन्हें मजबूत किया जाने लगा। आजादी के दो साल बाद 28 अगस्त 1949 को भारत सरकार ने भारतीय सेना के जवानों के कल्याण के लिए एक समिति का गठन किया। सेना के जवानों के कल्याण के लिए गठित समिति ने प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को झंडा दिवस मनाने का फैसला लिया। इस समिति ने धन जमा करने के लिए लोगों के बीच छोटे झंडे बांटे और इससे चंदा एकत्र किया। उस दौरान झंडे में तीन रंग (लाल, गहरा नीला और हल्का नीला) थे। ये रंग तीनों सेनाओं को प्रदर्शित करते हैं। झंडे से चंदा एकत्र करके धमा जमा करने के पीछे समिति के तीन मुख्य उद्देश्य रहे। पहला, जंग के समय जनहानि पर सहयोग करना। दूसरा, सेना के कर्मियों और उनके परिवार का कल्याण व सहयोग करना और तीसरा, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवार का कल्याण करना।

## न्यूज गैलरी

### पूजा स्थल विशेष प्रावधान अधिनियम के कुछ प्रावधानों को दी गई 'सुप्रीम' चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 12 दिसंबर को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। याचिकाओं में किसी पूजा स्थल को फिर से पाने या 15 अगस्त 1947 को प्रचलित स्वरूप में परिवर्तन की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाने वाले प्रावधानों को चुनौती दी गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ दोपहर 3.30 बजे मामले की सुनवाई करेगी। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इस दावे कि मस्जिदों के नीचे मंदिर हैं को लेकर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी का हर 'वाहिनी', 'परिषद' और 'सेना' के पीछे एक अदृश्य हाथ है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों को ऐसे इतिहास को लेकर लड़ाई में धकेला जा रहा है, जिसका कोई अस्तित्व ही नहीं था। कोई भी देश महाशक्ति नहीं बन सकता, अगर उसकी 14 प्रतिशत आबादी इस तरह के लगातार दबाव का सामना करे।

### पीरियड्स के दौरान छात्राओं को एक दिन की छुट्टी

**गंगटोक।** सिक्किम विश्वविद्यालय ने छात्राओं के लिए एक बड़ा फैसला सुनाया है। पीरियड्स के दौरान छात्राओं को एक दिन के अवकाश की अनुमति दी गई है। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी अधिसूचना में इस बात की जानकारी दी गई है। सिक्किम विश्वविद्यालय छात्र संघ द्वारा पिछले माह एक प्रतिवेदन दिया गया था। इसके बाद सिक्किम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार लक्ष्मण शर्मा ने चार दिसंबर को इस आशय की अधिसूचना जारी की।

**महाविकास अघाड़ी को झटका**

# बाबरी मस्जिद विध्वंस पर शिवसेना-यूबीटी के रुख से सपा नाराज, गठबंधन छोड़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनावी नतीजों में महायुति को जबरदस्त जीत मिलने के बाद विपक्षी गठबंधन में दरारें पड़नी शुरू हो गई हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल समाजवादी पार्टी ने अब गठबंधन छोड़ने का फैसला कर लिया है। महाराष्ट्र सपा प्रमुख अबु आजमी ने शनिवार को कहा कि शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे के बाबरी मस्जिद विध्वंस को लेकर रुख के चलते उनकी पार्टी ने एमवीए को छोड़ने का निर्णय किया है। बता दें कि शिवसेना-यूबीटी के नेता मिलिंद नार्वेकर ने हाल ही में अपने एक्स अकाउंट पर बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़ी एक तस्वीर पोस्ट की थी। इसमें बाल ठाकरे का वक्तव्य- 'जिन्होंने ये किया मुझे उन पर गर्व है' भी शामिल था। शिवसेना सचिव ने इसके साथ ही उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और अपनी तस्वीर भी इस पोस्ट में इस्तेमाल की थी। इस पर अबु आजमी ने कहा कि अगर महा विकास अघाड़ी में कोई इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करता है तो उनमें और भाजपा में क्या फर्क रह जाता है? आखिर हम उनके साथ क्यों रहें?

### अबु आजमी ने एमवीए छोड़ने की क्या वजह बताई?

सपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख अबु आजमी ने एमवीए छोड़ने के फैसले पर कहा, "शिवसेना-यूबीटी की तरफसे अखबार में एक विज्ञापन दिया गया था जिसमें बाबरी मस्जिद के विध्वंस में शामिल लोगों को बधाई दी गई थी। उनके (उद्धव ठाकरे के) करीबियों ने इसे एक्स पर भी पोस्ट किया और मस्जिद के गिराए जाने का स्वागत किया।" उन्होंने कहा, "इसलिए हम महा विकास अघाड़ी छोड़ रहे हैं। मैं सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बात कर रहा हूं।"

गौरतलब है कि सपा की महा विकास अघाड़ी गठबंधन से इस दूरी की नींव विधानसभा चुनाव से पहले ही पड़ गई थी। दरअसल, तब एमवीए की तरफ से उम्मीदवारों के चयन से समाजवादी पार्टी के नेता अबु आजमी ने नाराजगी जाहिर की थी और अकेले चुनाव लड़ने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि ऐसा लगता है कि वे समाजवादी पार्टी को सीटें नहीं देना चाहते हैं। मैं नहीं चाहता कि एमवीए टूटे और वोट बंटें, लेकिन अगर वे हमारी बात नहीं सुनते हैं तो हमारे पास अकेले चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

**महाराष्ट्र में सपा के पास कितनी सीटें?**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने एमवीए के स्थापित दलों की मौजूदगी के बावजूद चुनाव लड़ा और दो सीटों- भिवंडी ईस्ट और मानखुर्द शिवाजी नगर सीट पर जीत हासिल की। भिवंडी ईस्ट से सपा के रईस कसम शेख जीते। वहीं, मानखुर्द शिवाजी नगर से महाराष्ट्र सपा के प्रमुख अबु आजमी ने जीत का परचम लहराया।बता दें कि महाराष्ट्र में चुनावी नतीजों में महायुति को जबरदस्त जीत हासिल हुई। राज्य की 288 सीटों वाली विधानसभा में महायुति को 230 सीटें मिलीं, जबकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी सिर्फ 46 सीटें ही हासिल कर पाई। एमवीए में शिवसेना-यूबीटी 20 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी, जबकि कांग्रेस को सिर्फ 16 सीटों पर जीत मिली। वहीं, राकांपा को महज 10 सीट पर ही जीत हासिल हुई।

**एक हजार करोड़ की संपत्ति मुक्त**

## बेनामी संपत्ति' मामले में अजित पवार को बड़ी राहत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद ही उपमुख्यमंत्री और एनसीपी चीफअजित पवार को बड़ी राहत मिली है। आयकर विभाग ट्राइब्यूनल ने पवार की 1 हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति मुक्त कर दी है। 7 अक्टूबर 2021 में छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने इस संपत्ति को जब्त कर लिया था। इसमें उनकी पत्नी सुनेत्रा और बेटे पार्थ की संपत्ति शामिल हैं। उस समय वह शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी का हिस्सा थे। ट्राइब्यूनल ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा, आयकर विभाग कोई ऐसा सबूत पेश नहीं कर पाया है जिससे पता चले कि इन संपत्तियों के मामले में बेनामी लेनदेन किया गया। बैंकिंग सिस्टम के जरिए ही सारे लेनदेन हुए थे। आयकर विभाग ने अजित पवार की जिन संपत्तियों को जब्त किया था उसमें दिल्ली का एक फ्लैट, सतारा की शुगर फैक्ट्री और गोवा का रिजोर्ट शामिल था।

पवार की तरफ से पेश हुए वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि पवार परिवार ने इन संपत्तियों को लेकर कोई गड़बड़ी नहीं की है और उनके खिलाफ लगे आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि वैध माध्यम के जरिए ही सारा लेनदेन किया गया था। आयकर विभाग भी ऐसा कोई सबूत नहीं दे पाया है जिससे पवार परिवार और बेनामी लेनदेन के बीच कोई कनेक्शन मिले। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि 5 नवंबर 2024 को आयकर विभाग ने कहा था कि ट्राइब्यूनल अपने आदेश पर एक बार फिर विचार करे। हालांकि ट्राइब्यूनल ने आयकर विभाग की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। आपको बताते चलें के विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार ने जो हलफनामा दिया था उसके मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 124 करोड़ की है। उन्होंने बताया था कि उनके पास 14.12 लाख कैश और अकाउंट में 6.81 लाख रुपये जमा है। इसके अलावा उनके पास टोयोटा कैमरी, होंडा सीआरवी और 3 ट्रेलर ट्रैक्टर हैं। इसके अलावा उनकी पत्नी केपास 10 लाख की गाड़ी है।

# कांग्रेस को पसंद नहीं ममता का दावा लीडरशिप पर इंडिया गठबंधन में रार

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजयी रथ को रोकने के लिए तैयार इंडिया गठबंधन में मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने जैसे ही इंडिया गठबंधन की लीडरशिप पर अपना दावा ठोका कि कांग्रेस भी खुलकर सामने आ गई। देश की सबसे पुरानी पार्टी को यह बात रास नहीं आई। हालांकि, ममता के दावे को अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) का समर्थन जरूर मिला है। साथ ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने लालू यादव को इस गठबंधन की शिल्पकार करार दिया है।

**कांग्रेस का विरोध**

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस ने ममता बनर्जी के दावे पर असहमति जताई। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि गठबंधन का नेतृत्व सामूहिक सहमति से तय किया जाना चाहिए, न कि किसी एकतरफा घोषणा से। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, ÷गठबंधन का नेतृत्व एक सामूहिक निर्णय होना चाहिए और

इसे सभी सहयोगियों की सहमति से तय किया जाएगा।

**समाजवादी पार्टी का रुख**

समाजवादी पार्टी (एसपी) ने ममता के नेतृत्व का समर्थन किया है। समाजवादी पार्टी ने कहा कि ममता बनर्जी अपने नेतृत्व कौशल से हरियाणा और महाराष्ट्र में लगातार चुनावी हार के बाद इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा, 'अगर ममता बनर्जी ने ऐसी इच्छा जाहिर की हैं तो इंडिया ब्लॉक के नेताओं को उसपर विचार करना चाहिए और उनका सहयोग लेना चाहिए। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। ममता बनर्जी ने भाजपा को बंगाल में रोकने का काम किया है। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के प्रति हमारा 100 प्रतिशत समर्थन और सहयोग है।'

**गठबंधन के सामने चुनौतियां**

इन विभिन्न बयानों से यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्षी दलों को एकजुट रहना चुनौतीपूर्ण होगा। गठबंधन ने अब तक ईवीएम छेड़छाड़ जैसे मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाई है, लेकिन नेतृत्व को लेकर विवाद उनके सामूहिक उद्देश्य को कमजोर कर सकता है। सियासी एक्सपर्ट का मानना है कि इन मुद्दों को सार्वजनिक मंच पर लाने के बजाय आंतरिक चर्चा में हल किया जाना चाहिए।

**राजद का बयान**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इस बहस को अलग दिशा देते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव ही गठबंधन के असली निर्माता हैं। राजद के प्रवक्ता ने कहा, ÷इंडिया गठबंधन किसी एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पर नहीं बल्कि सामूहिक ताकत पर आधारित है। लालू प्रसाद यादव ने इस गठबंधन की नींव रखी थी और उनकी दृष्टि ही इसे आगे ले जाएगी।

### स्कूल के मेन गेट पर लड़के को बांधकर शिक्षकों ने पीटा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में स्कूल के मेन गेट पर शिक्षकों की ओर से 7 वर्षीय लड़के को बांधकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को इसे लेकर जांच का आदेश दिया गया। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना 25 नवंबर को केंद्रपाड़ा जिले के मार्शाघई पुलिस थाना क्षेत्र में एक निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुई थी। घटना की तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद यह मामला प्रकाश में आया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। कक्षा में कथित रूप से गड़बड़ी फैलाने के आरोप में लड़के को दंडित किया गया।

## हिमंत बिस्व सरमा की कैबिनेट में विस्तार, चार मंत्रियों ने ली शपथ

**गुवाहटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को चार मंत्रियों के शपथ लेने के साथ अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम सरमा के मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले चार नये मंत्रियां प्रशांत फूकन, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और रूपेश गोआला हैं। ये सभी भाजपा के विधायक हैं। शपथ समारोह में मुख्यमंत्री के साथ उनके कैबिनेत के अन्य मंत्री भी शामिल थे।

भाजपा नेता प्रशांत फूकन डिब्रूगढ़ से चार बार विधायक रह चुके हैं। कृष्णेंदु पॉल पथारकांडी से दो बार, जबकि कौशिक रॉय और रूपेश गोआला क्रमशः लखीपुर और डूम डूमा से एक बार विधायक रह चुके हैं। इन नए मंत्रियों के शपथ के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अब 19 सदस्यीय मंत्रिपरिषद के प्रमुख हैं।

सीएम सरमा ने कहा, "हमारे मंत्रालय में बराक घाटी से कोई प्रतिनिधित्व नहीं था।आज हमने अपने मंत्रिपरिषद में चार मंत्रियों को शामिल किया है। एक पद अभी भी खाली है और उसे आने वाले दिनों भर दिया जाएगा। असम में कई विकास गतिविधियां चल रही है। चार मंत्रियों को शामिल किये जाने से मंत्रिपरिषद मजबूत हो गई है।"

### असम पुलिस ने पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा

असम पुलिस ने बांग्लादेश से दो महिला समेत छह घुसपैठियों को पकड़ा और पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, असम पुलिस ने सतर्क कदम उठाते हुए छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ कर उन्हें वापस भेज दिया। उन सभी को सीमा पार भेज दिया गया।

घुसपैठियों की पहचान मोहम्मद दीदारुल इस्लाम, संटू खान, इस्माइल हुसैन राहत, साकिब हुसैन, शाति अख्तर और मीम शेख के तौर पर की गई है। मुख्यमंत्री ने यहा नहीं बताया कि इन सभी घुसपैठिओं को भारत-बांग्लादेश सीमा के किस सेक्टर पर रोका गया था। अबतक भारत में अवैध तरीके से घुसपैठ करने के आरोप में 167 लोगों को पकड़ा गया है। बाद में उन्हें उनके देश वापस भेज दिया गया।

## बांग्लादेश हिंसा को लेकर व्हाइट हाउस के पास होगा प्रदर्शन

**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफहो रही हिंसा को लेकर दुनियाभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अमेरिका में भी हिंसा का मुद्दा गरमा गया है। कई भारतीय-अमेरिकी बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमलों का विरोध करने के लिए अगले दो दिनों में अमेरिकी राजधानी और शिकागो में शांतिपूर्ण रैलियां आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। 'बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार' के विरोध में मार्च का आयोजन हिंदूएक्शन द्वारा सोमवार को व्हाइट हाउस के पास किया जा

रहा है, जबकि 'नरसंहार रोकें: बांग्लादेश में हिंदुओं की जान बचाएं' का आयोजन शिकागो में रविवार को समुदाय के प्रतिष्ठित लीडर्स द्वारा किया जा रहा है। भारतीय-अमेरिकियों द्वारा पिछले कई महीनों में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अपराध का दस्तावेजीकरण करने के लिए बनाए गए www.stophindugenocide.org में कहा गया है, "बांग्लादेश में स्थिति केवल एक क्षेत्रीय संकट नहीं है; यह एक मानवीय आपदा है। नरसंहार मानवता के खिलाफ अपराध है। हस्तक्षेप करना, सुरक्षा करना और आगे के अत्याचारों को रोकना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है।" हाल के दिनों में हिंदुओं के खिलाफक्रूरता चौंकाने वाले स्तर तक बढ़ गई है। हिंदूएक्शन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने निवर्तमान बिडेन-हैरिस प्रशासन से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ कट्टरपंथी इस्लामवादियों द्वारा हिंसा को और बढ़ने से रोकने के लिए हर संभव उपाय करने का आह्वान किया। 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को कथित तौर पर 50 से अधिक जिलों में 200 से अधिक हमलों का सामना करना पड़ा है।

**चरमपंथी हिंसा...** | **सऊदी अरब और मलेशिया के जरिए 2.8 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई**

# रोहिंग्या आतंकवादियों को ट्रेनिंग दे रहा है बांग्लादेश, पाकिस्तान का पूरा सपोर्ट? भारत की चिंता बढ़ी

**ढाका।** बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी ट्रेनिंग देने की खबरें सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है कि इन्हें ट्रेनिंग देने के बाद म्यांमार में जारी गृहयुद्ध में शामिल होने के लिए भेजा जाता है। बता दें कि भारत के पड़ोसी देश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से चरमपंथी हिंसा बढ़ती जा रही है। अब रोहिंग्याओं को आतंकी बनाने की खबरें चौंकाने वाली हैं।

एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन से रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी गतिविधियों के लिए ट्रेनिंग दे रहा है। 250 से ज्यादा रोहिंग्याओं को ट्रेन किया जा रहा है। इसके लिए सऊदी अरब और मलेशिया के जरिए 2.8 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई है। यह खतरनाक घटनाक्रम क्षेत्रीय शांति को अस्थिर कर सकता है और भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा सकता है।

**आतंकवाद की ओर बढ़ते कदम**

रोहिंग्याओं को बांग्लादेश में ट्रेनिंग दी जा रही है और म्यांमार में लड़ने के लिए भेजा रहा है। बांग्लादेश में स्थिते दुनिया के

सबसे बड़े शरणार्थी शिविर कॉक्स बाजार से जुलाई में 32 वर्षीय रफीक ने नाव के जरिए म्यांमार की सीमा पार की। उसका मकसद म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध में शामिल होना था। रफीक ने बताया, "हमें अपनी जमीन वापस पाने के लिए लड़ना होगा। और कोई रास्ता नहीं है।" कॉक्स बाजार के शिविरों में इस साल उग्रवादी गतिविधियों और भर्ती में तेजी देखी गई है। चार विश्वसनीय सूत्रों और दो आंतरिक एजेंसी रिपोर्टों के अनुसार, शिविरों में हिंसा और उग्रवाद का स्तर बढ़ता जा रहा है।

रोहिंग्या मुख्य रूप से मुस्लिम समूह है जो दुनिया की सबसे बड़ी देशविहीन आबादी है। इस आबादी ने 2016 में बौद्ध-बहुल म्यांमार की सेना के हाथों नरसंहार से बचने के लिए बांग्लादेश की ओर भागना शुरू कर दिया था। तब से वे भारत और बांग्लादेश सहित कई देशों में विभिन्न जगहों पर बसे हुए हैं। 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट किए जाने के बाद से म्यांमार में लंबे समय से चल रहे विद्रोह ने जोर पकड़ लिया है। इसमें कई सशस्त्र समूह हैं। इसमें अब रोहिंग्या लड़ाके भी शामिल हो गए हैं। ये लड़ाके उसी म्यांमारी सेना के साथ मिलकर लड़ रहे हैं जिसने कभी उन पर अत्याचार किया था। इसकी वजह अराकान आर्मी (एए) को बताया जा रहा है। कहा जाता है कि अराकान आर्मी (एए) ने भी रोहिंग्याओं पर अत्याचार किए थे और उन्हें भागने के लिए मजबूर किया। अब रोहिंग्या अपने पूर्व सैन्य उत्पीड़कों के साथ मिलकर अराकान आर्मी से लड़ने के लिए समूहों में शामिल हो गए हैं।

### क्षेत्रीय अस्थिरता और भारत के लिए चिंता

इस पूरे घटनाक्रम से भारत के लिए सुरक्षा चुनौतियां बढ़ सकती हैं। म्यांमार और बांग्लादेश के बीच अस्थिरता का प्रभाव न केवल पूर्वोत्तर भारत पर पड़ेगा, बल्कि आतंकवादी गतिविधियों के जरिए क्षेत्रीय शांति पर भी असर होगा। बांग्लादेश के लिए यह स्थिति एक "टिकिंग टाइम बम" बन चुकी है, क्योंकि हिंसा और उग्रवाद की बढ़ती घटनाएं शरणार्थियों की वापसी के प्रयासों को और जटिल बना रही हैं। कुल मिलाकर रोहिंग्या संकट अब एक अंतरराष्ट्रीय समस्या बन चुका है, जिसमें आतंकवाद, शरणार्थी संकट, और क्षेत्रीय अस्थिरता के कई पहलू शामिल हैं। भारत समेत क्षेत्रीय देशों को मिलकर इस समस्या का हल निकालना होगा, ताकि मानवता और शांति को बचाया जा सके।

जिले में संचालित बारों की लगातार मिल रही थी शिकायत

# राज्यस्तरीय आबकारी उड़नदस्ता टीम की छापामार कार्रवाई, जिला की टीम को भनक नहीं

*बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित बारों की लगातार शिकायत के बाद राज्यस्तरीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए शहर के प्रमुख बार हैवैन्स पार्क सहित अन्य बारों की जांच की। जहां से भारी मात्रा में दूसरे राज्य की शराब बरामद किया है। टीम ने कार्रवाई के दौरान हरियाणा राज्य की अंग्रेजी शराब सर्वाधिक मात्रा में जब्त किया है। उड़नदस्ता टीम ने शुक्रवार की शाम छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। इस पूरी कार्रवाई की जिला आबकारी विभाग को भनक तक नहीं लगी।*

अब मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्यस्तरीय आबकारी उड़न दस्ता टीम ने बिलासपुर में हैवन्स पार्क हॉटल समेत चार अलग अलग ठिकानों पर कार्रवाई की। बीते शुक्रवार टीम ने बिलासपुर के पश्चिम सर्कल स्थित टेलीफोन एक्सचेन्ज रोड पर हैवेन्स पार्क सहित अन्य बार में कार्रवाई की। कार्रवाई में सहायक आबकारी अधिकारी नीलम किरण सिंह की अगुवाई में उप निरीक्षक योगेश सोनी और अन्य 8 सदस्यों ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। राज्य स्तरीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने छापामार कार्रवाई के दौरान हैवेन्स पार्क हॉटल से राज्य के बाहर से लाई गई शराब जब्त की। सर्वाधिक मात्रा में हरियाणा राज्य की अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसके अलावा मध्यप्रदेश की शराब जब्ती हुई है। सूत्र के अनुसार कार्रवाई को शुरु से गुप्त रखा गया और जिला के आबकारी अफसरों को भनक तक नहीं लगी। हैवैन्स पार्क हॉटल आबकारी विभाग के पूर्वी सर्कल में आता है। जिले में लगभग एक दर्जन बार संचालित है जहां से लगातार शिकायतें आती रहती है। इसी कड़ी में राज्य स्तरीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने जिले में संचालित बारों में दबिश दी और जांच पड़ताल कर अन्य राज्यों से मंगाए गए अवैध शराब पकड़ी। हालांकि जिला स्तरीय आबकारी टीम ने इसकी पुष्टि नहीं की है, क्योंकि राज्य स्तरीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने कार्रवाई को गोपनीय रखा।

### राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम की बड़ी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ शराब नीति के अनुसार राज्य के बाहर की शराब की बिक्री और परोसने पर प्रतिबन्ध है। बावजूद इसके चोरी छिपे दुकान और बार में शराब बेची और पिलायी जाती है। पहले भी आबकारी उड़नदस्ता टीम ने बाहरी राज्यों की शराब बेचने की शिकायत पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है। इसी क्रम में बिलासपुर में बाहरी राज्यों की शराब बेचने और पिलाने की शिकायत पर राज्यस्तरीय उडनदस्ता टीम ने सहायक आबकारी अधिकारी नीलम किरण सिंह की अगुवाई में हैवन्स पार्क, सिल्वर ओक समेत कुल चार बार पर धावा बोला।

### आबकारी नियमों का उल्लंघन

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लाई गई नई शराब नीति के तहत बार का समय सुबह दस बजे से रात्रि 12 बजे तक का है, लेकिन कई बार दो बजे रात तक भी खुला रहता है जिसे नवप्रदेश ने अपने 16 अक्टूबर के अंक में जिले में संचालित बारों द्वारा आबकारी नियमों का किस तरह उल्लंघन किया जा रहा है इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था और जिले के ईल्यूम बार सहित कई बारों में हुए विवाद को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

## न्यूज गैलरी

### पुराना बस स्टैंड में चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सार्वजनिक जगह पर चाकू लहराते हुए आमजनों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।तार बाहर

पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति पुराना बस स्टैंड स्थित चखना दुकान के सामने धारदार हथियार रखकर आने जाने वालों को दिखा कर डरा धमका रहा है कि सूचना से जिले के पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र कुमार जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) अक्षय कुमार साबद्रा को दी गयी। जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपी को पकड़कर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए जिस पर तत्काल थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के निर्देशन में एक टीम पुराना बस स्टैंड की ओर रवाना की गई ।टीम के द्वारा मौके से एक व्यक्ति को पकड़ा जिसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया आरोपी वैभव यादव के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक

कलेक्टर-एसपी ने सेना की वीरता और सेवा को किया सलाम

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस सेना के प्रति कृतज्ञता और प्रतिबद्धता प्रकट करने का दिन: कलेक्टर

*बिलासपुर/नवप्रदेश। शहीदों और योद्धाओं के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में कलेक्टर अवनीश शरण ने सेना की वीरता व सेवा को सलाम किया है।*

कलेक्टर और एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने झण्डा खरीदकर सेनाओं के कल्याण के लिए आर्थिक सहयोग भी किया। जिला सैनिक बोर्ड के अध्यक्ष कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश की सेना के प्रति कृतज्ञता, प्रतिबद्धता प्रकट करने और उनके लिए एकजुट होने का दिन है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें उन सैनिकों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। सेना के जवान जिन्होंने देश की रक्षा और शांति के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए,

### झंडा दिवस शहीदों के लिए समर्पित दिन: एसपी

एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण और शहीदों के लिए समर्पित दिन है। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम शिव बनर्जी भी मौजूद थे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हरिश्चन्द्र तिवारी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशस्त्र झंडा दिवस हमारे उन योद्धाओं को समर्पित है जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर शत्रुओं का सामना किया। यह दिवस भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिवस है।

उनके और उनके परिवारों का ऋण हम कभी नहीं चुका सकते। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजक सूबेदार मेजर शिवेन्द्र पाण्डेय, कर्नल पी एल केशरवानी, कर्नल जे जे लाल, ग्रुप कैप्टन संजय कुमार पांडे, जिला सैनिक बोर्ड के सदस्य पैरा कमांडो पुरूषोतम कुमार चंद्रा, भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा मंडल चुनाव की बनाई रणनीति

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के अंतर्गत मंडल चुनाव के संदर्भ में बिलासपुर, सरगुजा संभाग के पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सांसद गजेंद्र पटेल, खूबचंद पारख पदेश चुनाव अधिकारी, रामसेवक पैकरा पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष छत्तीसगढ़, धरमलाल कौशिक पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, चम्पादेवी पावले प्रदेश सह चुनाव अधिकारी, भूपेंद्र सव्वनी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किशोर महानद प्रदेश मंत्री भाजपा सहित जिला चुनाव अधिकारी, शह चुनाव अधिकारी जिला पर्यवेक्षक, संभाग,जिला सगठन प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक गजेन्द्र पटेल एवं खूबचंद पारेख ने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार कौशिक ने किया आभार प्रकट चम्पादेवी पावले ने किया।

# सूने मकान का ताला तोड़कर 50 हजार के गहने और नकदी चोरी

■ देवरीखुर्द थाना क्षेत्र का मामला

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** देवरीखुर्द में एक घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के गहने और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के दौरान परिवार शादी में शामिल होने चिरमिरी गया हुआ था। जब परिवार वापस लौटा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और ताले टूटे हुए थे। तोरवा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबध में मिली जानकारी अनुसार घटना महेंद्र कुमार समुद्रे के घर की है, जो हाईकोर्ट बिलासपुर में असिस्टेड पेड-3 के पद पर पदस्थ हैं। महेंद्र कुमार 4 दिसंबर की रात 10.30 बजे अपने परिवार सहित चिरमिरी शादी में गए थे। 7 दिसंबर को सुबह 4.30 बजे जब वे वापस लौटे, तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर जाने पर आलमारी का लॉक टूटा हुआ मिला और सारा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी चेक करने पर पता चला कि चोर 2 जोड़ी चांदी की पायल, 5 जोड़ी बच्चा के चांदी के कड़े, एक चांदी की गिलास, एक सोने का ताबीज, एक जैकेट, 4-5 जोड़ी साड़ियां और 30,000 रुपये नगदी लेकर फरार हो गए हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 50,000 रुपये बताई जा रही है। महेंद्र ने बताया कि यह गहने उनके बच्चे की छठ्ठी में मिले थे। मामले की शिकायत पर तोरवा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 305 ई और 331 (4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के चंद कदम दूर पर अवैध गतिविधियां संचालित

मिली जानकारी के अनुसार देवरीखुर्द स्वास्थ्य केंद्र से कुछ ही दूरी पर एक घर में अवैध गतिविधियां संचालित होती हैं जहां आए दिन युवक युवतियों का जमावड़ा लगा रहता है बताया जाता है कि बाहर से युवक वहां आते हैं और सारा दिन वहां मौज मस्ती होती है यदि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करें तो पुलिस को मामले का खुलासा करने में मदद मिल सकती है।

## खरकेना में लोक सुनवाई 15 जनवरी को

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम ग्राम खरकेना एवं ग्राम धौराभाठा में स्थापित मेसर्स बिलासपुर माईनिंग इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड में इस्टैबलिस्मेंट ऑफ ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट कम्प्राइसिंग ऑफ डीआरआई एण्ड ब्रिक्स मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 15 जनवरी 2025 को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को ग्राम खरकेना के खेल मैदान में सवेरे 11 बजे से शुरू होगी।

# केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने निक्षय प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान बिलासपुर सहित राज्य में आज से शुरू हो गया। 100 दिनों का यह सघन अभियान 23 मार्च 2025 तक चलेगा। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री तोखन साहू ने जिला कार्यालय परिसर से इस अभियान के लिए समर्पित प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इन वाहनों के माध्यम से लोगों को टीबी और कुष्ठ रोग के इलाज के लिए जागरूक किया जाएगा। टीबी और कुष्ठ बीमारी की पहचान की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर पहुंच कर सर्वे करेगी। बीमारी की पुष्टि के लिए नमूना लिया जाएगा। पुष्ट होने पर सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क

इलाज किया जाएगा। उन्होंने 5 टीबी मरीजों को पोषण युक्त भोजन पैकेट भी वितरित किया। योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले स्वयं सेवकों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। गौरतलब है कि फिलहाल लगभग 2000 टीबी और 400 के करीब कुष्ठ रोगी जिले में चिन्हित हैं, जिनका इलाज निःशुल्क रूप से सरकारी अस्पतालों में किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक धरम लाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, धरमजीत सिंह, दिलीप लहरिया, कलेक्टर अवनीश शरण, सीएमएचओ डॉ अनिल श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण उपस्थित थे।

# शैक्षणिक संस्थानों की 100 गज दायरे में न बिके तंबाकू, गुटखा

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने कोटपा एक्ट को लेकर संभाग के सभी जिलों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला कलेक्टरों से और अपने कार्यालय में संभाग स्तरीय अधिकारियों की प्रत्यक्ष बैठक लेकर तम्बाकू और गुटखा के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए एक्ट का कड़ाई से पालन किए जाने के निर्देश दिए। स्कूलों को तम्बाकू मुक्त परिसर घोषित कराकर प्रमाण पत्र देने को भी कहा है। बैठक में संभागायुक्त कावरे ने कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुपालन सहित जिला स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण

### कमिश्नर ने दिए कोटपा एक्ट का पालन करने कलेक्टरों को निर्देश

कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति की नियमित त्रैमासिक बैठक आयोजित किया जाए तथा जिला अधिकारियों की प्रति सप्ताह ली जाने वाली समय-सीमा की बैठकों में भी इस पर चर्चा किया जाए। जिलों में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों की बिक्री ना हो। इस हेतु सम्बंधित शिक्षण संस्थान के भारसाधक अधिकारियों को निर्देशित किया जाये। इस सम्बंध में संस्था प्रभारी से नियमित रूप से प्रमाण पत्र लिया जावे। कोटपा एक्ट के प्रावधानों के सतत निगरानी एवं उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें एवं जिला स्तर पर वाट्सएप नम्बर भी जारी किया जावे। जिला स्तरीय प्रवर्तन दलों के माध्यम से सप्ताह में कम से कम एक बार विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर कोटपा एक्ट के तहत् निगरानी सुनिश्चित करें।

## खुर्दा रेल मण्डल में ट्रैफिक कम पावर ब्लाक, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची रेल मंडल एवं ईस्ट कोस्ट रेल्वे के खुर्दा रेल मण्डल में ट्राफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। राँची रेल मंडल में यह कार्य के लिए 12 से 26 दिसंबर तक किया जाएगा एवं ईस्ट कोस्ट रेल्वे के खुर्दा रेल मण्डल में 7 से 8 दिसंबर तक किया जाएगा। जिसका विवरण इस प्रकार है- **परिवर्तन मार्ग से चलने वाली गाडियां**-18 दिसम्बर को गाडी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल परिवर्तन मार्ग राऊरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 21 दिसम्बर 2024 को गाडी संख्या 13425 मालदा-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग राऊरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 17 दिसम्बर को गाडी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग राऊरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। **देरी से चलने वाली गाड़ी**-8 दिसम्बर 2024 को गाडी संख्या 22910 पूरी-वलसाड एक्सप्रेस पूरी से 04 घंटे 50 मिनिट देरी से

रेल सुविधा

छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए नियमित चलाएं सारनाथ एक्सप्रेस

# रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को विधायक धर्मजीत सिंह ने लिखा पत्र

*बिलासपुर/नवप्रदेश। दुर्ग से छपरा चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को नियमित रूप से चलाने के लिए विधायक धर्मजीत सिंह ने रेल मंत्री को पत्र लिखा है।*

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने पत्र मे रेल मंत्री से कहा है कि आपके संज्ञान में एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण विषय लाना चाहता हूँ। हमारा छत्तीसगढ़ राज्य विकास के पथ की ओर अग्रसर होता हुआ प्राकृतिक एवं खनिज संसाधन से परिपूर्ण हैं, जिसके कारण उत्तर प्रदेश और बिहार के बड़ी संख्या में लोग यहां कामकाज एवं भ्रमण करने के साथ-साथ निवासरत हैं। हमारे छत्तीसगढ़ के नागरिक धार्मिक कार्य एवं अंतिम क्रिया-कर्म करने के लिए लगातार प्रयागराज और काशी की यात्रा करते हैं और इस मार्ग पर चलने वाली दुर्ग से छपरा सारनाथ एक्सप्रेस

15159 और 15160 प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन हैं, जो विगत 40 वर्षों से चल रही हैं। वर्तमान में इस ट्रेन को दिसंबर, जनवरी और फरवरी के महीने में कोहरे की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए आधे से अधिक दिनों में रद्द कर दिये हैं, अर्थात प्रतिदिन चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस सप्ताह में केवल तीन दिन चलेगी। आगामी समय में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा हैं, जहां यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए 150 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई हैं उस स्थिति में छत्तीसगढ से इस मार्ग पर चलने वाली नियमित ट्रेन को कोहरे की आशंका से कर रद्द करने से यात्रियों को बहुत असुविधा हो रही हैं। दुर्ग से छपरा, सारनाथ एक्सप्रेस से प्रतिदिन 1000 से अधिक यात्री सफर करते हैं। वर्तमान में इस ट्रेन को 76 दिनों के लिए रद्द कर दिया गया हैं, इस स्थिति में इस ट्रेन से सफर करने वालों का आंकड़ा अगर निकाला जाए तो इससे प्रभावित यात्रियों की संख्या लगभग डेढ़ लाख से अधिक होगी जो आगामी महाकुंभ को देखते हुए यह संख्या और अधिक होने की संभावना है।

### दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस रद्द करना अनुचित

वर्तमान में दुर्ग से छपरा चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को आगामी समय में कोहरा पड़ने की संभावना से रद्द किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता हैं क्योंकि कोहरा पड़ने की पूर्वानुमान 03 माह पहले तो मौसम विज्ञानी भी लगाने में असमर्थ रहते हैं और कोहरा पड़ने की संभावना से रद्द करना जनहित में उचित प्रतीत नहीं होता हैं। अतः आपसे सादर आग्रह हैं कि जनहित में दुर्ग से छपरा चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द करने के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए प्रतिदिन नियमित रूप से चलाने हेतु संबंधितों को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

## सुनो भाई उधो

# कोंदा छत्तीसगढ़

परमानंद वर्मा

जिस प्रकार बिना मुंह के व्यक्ति को गूंगा मूक कहा जाता है। शरीर के सारे अवयव होते हुए भी पशुवत हो जाता है, उसी तरह कोई राज्य बिना भाषा के मूकवत जानवर की तरह ही होता है। बोलने से उसकी पहिचान जाति, धर्म, वैभव, संस्कृति, योग्यता व्यक्तित्व सब कुछ पता चलता है।

छत्तीसगढ़ का जन्म तो हो गया है लेकिन यह गूंगे संतान की तरह है। भाषा के लिए बड़े-बड़े डॉक्टरों के पास एम्स में इलाज के लिए दाखिल किया गया है। कम से कम इनका मुंह तो खुले। इसी संदर्भ में पढ़िये यह छत्तीसगढ़ी आलेख...।

बात सुजानिक असन सब बड़े-बड़े बोलथे। सांगा म नइ समाही। फेर जब ओ केहे के बात पूरा करे के बारी आथे तहां ले दांत ल निपोर देथे, ऐती-ओती झांके ले धर लेथे।

लपरहा मन अइसने होथे। उपास न खाए के फरहार बर लहर-लहर कहिथे तउन अइसने मन होथे।

बाते-बाते मं, थूक मं बरा नइ चूरे। ओकर बर पछीना ओगारे बर परथे। जांगर टोरे ले परथे।

तब कहूं कोनो काम जाके सिध परथे। जइसे छत्तीसगढ़ राज हासिल करे के खातिर का-का उदिम नइ करिन। सिद्धो मं माल-पुआ अइसने नइ मिलगे छत्तीसगढ़िया मन ला?

सब जुर मिल के आंदोलन करिन। सीधा अंगुरी मं घी नइ निकलय। जब थक-हारगे तब अपन आंदोलन ला थोकिन अइसे बल देवत गिन जेमा दिल्ली सरकार के आंखी उघरिस, तब कहूं जाके अटल सरकार हा आंखी-कान रमजत नवा छत्तीसगढ़ राज के घोसना करिस।

सियान मन कहिथे, सिद्धो मं लइका नइ होवय, बारा कुआं मं बांस डारबे तब कहूं जाके घर मं किलकारी गूंजथे।

हमर पुरखा अउ सियान मन ओ उदिम करिन तब आज ओकरे मन के पुन्न-परताप अउ आशिरवाद के परिणाम हे के, हमर परदेस छत्तीसगढ़ राज मं खुशी-खुशी जीयत हन अउ सांस लेवत हन।

छत्तीसगढ़ राज तो बनगे, मिलगे, सिरिफ राजभर मिले हे। राज ला कोन पोगरा लिन, कोन राज करत हे, कोन मलई खात हे, कुरसी टोरत हे?

ओकर मन बर तो 'सोने मा सुहागा' कस दिन आगे, चांदी ही चांदी हे। आम अउ मूल छत्तीसगढ़िया ला का मिलिस, ठेंगवा?

जउन जिनिस मन मिलना रिहिस तउन तो सपना होगे हे, नोहर होगे।

कोनो भी राज के पहिचान होथे, ओकर भासा। सरकार हा भुलवारे खातिर राजभाषा आयोग तो बड़ चालाकी से बना दिस जइसे रोवत लइका मन ला चुप कराय खातिर बतासा धरा देथे। ओला पाके लइका मन चुप होके खेले-कूदे, नाचे-गाये ले धर लेथे।

राजनीतिक खिलाड़ी मन जानथे, शतरंज के गोंटी, वजीर, ऊंट, हाथी, अउ पियादा ला कइसे अउ कब कोन मउका मं चले जाथे, खेले जाथे। राज ला देके भुलवार देहें, अब छत्तीसगढ़ी भासा ला दरजा दे के बारी आय हे तब कनमटक नइ देवत हें। काबर आंखी-कान लोरमाय हे।

जब मराठी, गुजराती, पंजाबी, कन्नड़, उड़ीसा, तेलुगू भासा मन महारानी असन राज करत हे तब छत्तीसगढ़ी ला काबर सीता असन काबर वनवास देके जंगल-जंगल राम-लखन संग भटकावत हे।

कुरसी टोरइया मन रायजादा बनके राज करत हे, तब अपन छत्तीसगढ़ी भासा महतारी हा काबर लंका मं रावन सही अशोक वाटिका मं धारोधार आंसू रोवत हे। कोन अइसे बेटा हे जउन अपन महतारी ला रोवत, कलपत देख सकहीं?

ओ मन बेर्रा (वर्णसंकर) होही जउन अइसन हालत मं महतारी ला देखत होही। बड़े-बड़े समारोह मं कॉलेज, विश्वविद्यालय मं छत्तीसगढ़ी मं बोल के रोटी टोरइया, मिठलबरा असन बोलइया, भासन करइया, बोलइया, लिखइया, पढ़इया शहर ले लेके गांव-गांव, गली-गली मिल जाही।

अइसे पढ़ही-लिखही भीम, अरजुन सही महायोद्धा अउ बली उहिच मन हे अउ भासा बर लड़े खातिर महाभारत छेड़ दिही फेर केहेंव नहीं शुरू मं के बात के बड़े सुजाकिन असन गला फाड़-फाड़ के बोलही, सांगा मं नइ समाही, गोला, बम, बारुद फेल खा जही फेर मउका मं दांत ला निपोर देथे।

'पर भरोसा तीन परोसा', खवइया मन हमरे आगू मं उपजे, पले, बाढ़े हे अउ हमी मन ला बड़ गियानिक बरोबर उपदेश झाड़थे, जना-मन हमन कांही नइ जानन, भोकवा, अढ़हा अउ अंगूठा छाप हन।

बोली, भासा, कला, संस्कृति परब, तीज-तिहार के दुरगति हे, मान हे, सम्मान होवत हमरे अपने राज मं तउन ये सब अंधरा मन ला नइ दिखय।

बड़े-बड़े उपाधि, पद, पदवी, अउ मान के मुकुट पहिन के किंजरे भर ले नइ होवय। असली बेटा हौ छत्तीसगढ़ के तो राज पाये खातिर जइसे सब जुरमिल के आंदोलन करेव वइसने अपना भाषा खातिर घला चलव, उठव।

ऐती-मेती मंनइ देवय सरकार हा। भले ओहर काहत हे छत्तीसगढ़ राज हम बनाय हन, अब संवारबो घला फेर हमला अब पहिली छत्तीसगढ़ी भासा चाही, ओला देवौ।

## आदर्श शिक्षा नीति संक्षिप्त

# शिक्षा पद्धति में सुधार हेतु संक्षिप्त भाव पक्ष

धीरज लाल टौंक
महा सचिव भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति अखिल विश्व गायत्री परिवार दुर्ग

***तीन वर्ष की अबोध आयु से बीस बाईस वर्ष का युवक होने तक छात्र विद्यालयों और शिक्षकों के संरक्षण मे होता है***

वर्तमान मे चल रही शिक्षा नीति के निर्माता लार्ड मेकाले थे, जिनका मूल उद्देश्य था, हमारी सांस्कृतिक विरासत को पूरी तरह नष्ट कर देना। आजादी के पश्चात हमारी अपनी सरकार बनने के बाद भी शिक्षा पद्धति उसी सोच से यथावत चलती रही, यह सबसे बड़े आश्चर्य की बात रही। परिणामतः आज चहुं ओर छल, कपट, मिलावट, झूठ, से शुरू होकर भ्रष्टाचार, रिश्वत, खोरी, लूटपाट, हत्या, बलात्कार, के रास्ते नक्सल वाद, और आतंकवाद, की सारी सीमाएं लांघ कर देश का समूहिक चरित्र रसातल मे जा पहुंचा है, सयुंक्त परिवार अब स्वार्थ और कलह की मार से बिखर रहे हैं, जीवन मे अनुशासन और मानवता का अभाव हो गया है ।

ये सारे कृत्य इसी पद्धति से चलने वाले विद्यालयो से निकले हुए भूतपूर्व छात्र कर रहे हैं । सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि इन विद्यालयों से पूछने का ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि आपने समाज को ऐसे छात्र क्यों दिया ?देखा जय तो पाठ्य पुस्तकों के संकलन मे नैतिकता, चरित्रता, मानवता, शिस्टता, आदर्श वादिता, जैसे महत्वपूर्ण तत्वों की कोई अनिवार्यता नहीं चाही गई, जो की मानवता वादी आदर्श और संतुलित समाज व्यवस्था का प्राण होती है।

*किसी फेक्टरी का उत्पादन खराब हो तो उस पर ताला लगा दिया जाता है, देश के भविष्य को गढ़ने वाली विद्यालय रूपी फेक्टरी की न तो ज़िम्मेदारी तय की गई है, और न ही उससे प्रश्न करने का कोई प्रावधान है। समाज के नागरिकों मे यदि सज्जनता, शालीनता, और शिस्टता कहीं दिखाई देती है तो यह छात्र के परिवार से मिले संस्कारों के कारण है विद्यालय की पाठ्य सामग्री से शायद बिलकुल नही।*

लेकिन अब बात जब समझ मे आ गई है तो

इस परिस्थिती मे सुधार कर लिया जावे । शिक्षा पद्धति निर्धारित करने से पूर्व यह देखा जाना चाहिए कि हमे किस दक्षता के नागरीक चाहिए, तथा ऐसी दक्षता पैदा करने के लिए किस तरह के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक अभ्यास की जरूरत है, कैसी पाठ्यपुस्तक चाहिए, केवल किताबों से बात नहीं बनेगी, सेना और किसान की तरह का सरीरिक अभ्यास कराना होगा, चित्त को गढ़ने के लिए अष्टांग योग की साधना चाहिए ।

नेपोलियन बोनापार्ट ने विश्व विजय की कल्पना की थी तो सारे देश मे सैनिक स्कूल खोल दिये थे, सैनिक राष्ट्रीय अवशकता थी लक्ष्य एवं राष्ट्रीय अवशकता के अनुरूप शिक्षा पद्धति निर्धारित की गई फिर हमारे यहाँ ये सोच क्यो नहीं उभरी। और भावनात्मक परिष्कार के लिए पारिवारिक स्नेह, ईश्वरीय आस्था और व्यक्ति मे समस्टी के विस्तार के लिए समूहिक संवेदना जगाने वाली शिक्षा पद्धति गढ़नी पड़ेगी। जो की हमरी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति का सबसे ताकत वर पहलू था। लेकिन आज की बदली हुए परिस्थिति मे इसे कैसे लागू करे कुछ संभावित सुझाव प्रस्तुत हैं।

कक्षा पहली से पाँचवी के छात्रों मे निम्न लिखित पाँच गुणो का बीजारोपन अनिवार्य रूप से कर दिया जावे तो छात्र बड़ा होकर अपराध की दिशा मे कभी नहीं जाएगा। 1 ) ईश्वर आस्था :- ईश्वर सर्व व्यापी है, और न्याय कारी है ( उसे चाहे जिस किसी भी नाम से पुकारा जाए। उससे कभी भी कुछ भी छुपा नहीं सकता।2 ) कर्मफल का सिद्धान्त ;- कर्मफल का सिद्धान्त अकाट्य है, सभी को अपने अच्छे बुरे कर्मो का दंड और पुरस्कार कभी न कभी अवश्य मिलता ही है 3) श्रम शीलता ;- वर्तमान शिक्षा पद्धति केवल मेमोरी टेस्ट मात्र है, सरीरिक श्रम कुछ भी नहीं छात्र के शरीर मे अधिक से अधिक परिश्रम करने की क्षमता अभी बचपन से ही पैदा की जतनी चाहिए4 ) मुफ्त खोर न बने ;- छात्रों के मन मे यह बात अच्छी तरह से बैठ जानी चाहिए की मुफ्त मे कुछ भी नही मिलता । किसी को कुछ मिलता हुआ दिखता भी है तो किसी न किसी रूप मे उसकी कीमत जरूर चुकानी पड़ती है। माता पिता से, परिवार से, समाज से, प्रकृति से, हमे बहुत कुछ मिला है जिसकी कीमत हमे बाद मे चुकानी ही पड़ती है। 5) प्रातः जल्दी उठने का अभ्यास ;- छात्रों का प्रातः जल्दी उठने का अभ्यास अनिवार्य है, यहीं से प्रगति और मानवीय सोच के सारे द्वार खुलते हैं।

इसी प्रकार कक्षा 6 वीं से 12 वी तक के पाठ्यक्रम भी गढ़े जाने चाहिए जिसमे पाठ्य सामाग्री के साथ सप्ताह मे एक दिन कुटीर उद्योग बागवानी का समावेश किया जावे। *छात्रों को कृषि से सक्रीयता पूर्वक जोड़ना आवश्यक है, बेहतर होगा ग्रीष्म कालीन दीर्घ अवकाश के स्थान पर वर्षा कालीन दीर्घ अवकाश दो भाग मे दिया जावे पहले 15 दिन धान बोवाई के समय और दूसरे 15 दिन धान कटाई के समय, इससे छात्रों से कृषि मे सहयोग भी मिलेगा, और छात्रों मे कृषि के संस्कार भी पड़ेंगे।* ग्रीष्म काल मे विद्यालय प्रातः 6 से 10 बजे तक और संध्या 4 से 7 बजे तक लगाया जा सकता है।

वर्तमान शिक्षा पद्धति मे मानसिक विकास की सामाग्री तो भरपूर है, लेकिन मानवता एवं संस्कार जन्य सामाग्री एवं भावनात्मक परिष्कार की सामग्री का नितांत अभाव है। इसी कारण आज समाज मे अपराध, हिंसा, बलात्कार, लूट जैसी घटनाए अनियंत्रित ढंग से बढ़ रही हैं।

दूसरी बात यह है की पाठ्य सामाग्री मे और शिक्षण तकनीकी मे सुधार मात्र से छात्रों के जीवन मे बहुत बड़ा परिवर्तन तब तक नहीं आएगा जबतक निष्ठावान समर्पित शिक्षकों का व्यक्तित्व न मिले। शिक्षकों का व्यक्तित्व ही अच्छे छात्र गढ़ने का बेहतर साँचा होता है उनकी जीवन शैली मे ऐसा कुछ आदर्श और आकर्षक दिखाई पड़ता तो आज के छात्र का जीवन स्वयमेव आदर्श बन जाता।

प्रस्तुत आलेख देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांति कुंज के वरिष्ठ शिक्षा विशेषज्ञों से विचार विमर्श के आधार पर तैयार किया गया है। हमारा संक्षेप मे एक ही मन्तव्य है कि छात्रों को मात्र बौद्धिक क्षमता ही नहीं उनमे नैतिकता, आस्तिकता, शृजन शीलता, परिश्रम शीलता, आदि गुणो का विकास करने वाली शिक्षा नीति एवं पाठ्य सामग्री तैयार की जा सके तो आज पहली कक्षा मे प्रवेश करने वाली पीढ़ी अगले 20 वर्ष बाद आदर्श युवा पीढ़ी 30 वर्ष बाद बेहतर नागरिक और 50 वर्ष बाद आदर्श समाज का निर्माण दिखाई पड़ेगा। वही दूसरी ओर वर्तमान राजनैतिक उठापटक की परिस्थितियों से निकल कर शिक्षा पद्धति का परिमार्जन एक बड़ी चुनौती तो है ही ।

# 200 बछर पुराना मंदिर: महानदी के तीर म बसे मां रिक्छिन दाई के अद्भुत महिमा

शशिकला साहू
करेली छोटी, मगरलोड, धमतरी

भारत भुइंया के मंझ मा बसे छत्तीसगढ़ ला देवी दाई के बड़ आसीस मिले हे। चारों खूंट मा अलग-अलग रूप मा बिराज के छत्तीसगढ़ ला अपन आसीस ले नवा अंजोर देवत हे। धमतरी जिला के छोटी करेली गांव मा महानदी के तीर मा बइठे रिक्छिन दाई हा घलव अपन आसीस सब भगत मन ला देवत हे। रिक्छिन दाई ला मां दुर्गा के रूप माने जाथे। गांव के लोगन मन अपन गांव के कुल देवी के रूप मा उंकर पूजा करथे। सियान मन यहू कहिथे कि रिक्छिन माता हा गांव के दाउ-दीवान मन के देवी आय, फेर गांव वाला मन येला अपन गांव के देवी मानथे। ये मंदिर हर लगभग 200 बछर पुराना बताए जाथे।

### मंदिर हे.. फेर मूरति नइ

अलग-अलग जगा मा आय-जाय मा देखें बर मिलथे कि मंदिर बने हे ता ओमा देवी-देवता मन के मूरति पधारे जाथे या फेर कोनो आने परकार के चिन्हा राख के ओला साकार माने जाथे। करेली गांव के रिक्छिन दाई के संग अइसन किस्सा नइहे। महानदी के तीर मा एक बाड़ा कस परसार मा रिक्छिन देवी के मंदिर हावय, फेर अंदर मा कोनो मूरति नइहे। रिक्छिन देवी के चिन्हारी अलगेच्च ढंग ले होथे। रिक्छिन देवी के पहिचान लाल पालो माने डांग अउ घोड़ा आय। लोगन मन हा इखरे पूजा करथे। एक बछर मा दू बेर दसहरा अउ होरी मा ये मंदिर हा खुलथे। ये दूनों दिन दुरिहा-दुरिहा ले भगत मन मा रिक्छिन के दरस करे बर आथे। कहे जाथे कि मां रिक्छिन सबो झन के मनोकामना ला पूरा करथे।

### पालो बनाय बर करना परथे नियम-धियम

रिक्छिन माता के पहिचान पालो बनाय बर बड़ नियम-धियम के पालन करना परथे। येकर पालो बनाय के जिम्मेदारी गांव के एक झन दर्जी रामनाथ साहू ला मिले हे। गांव के सियान मन बताथे कि ये लाल पालो ला बनाय के बेरा ये बात के धियान रखना परथे कि वोहा भुइंया मा नइ छुआना चाही। येकर ले बांचे बर पालो सिरजइया हा विसेस बेवस्था करथे। यहू बात घलो हे कि हर साल ये पालो ला नवा सिरजाय जाथे।

मांग भरके, मुड़ी ढ़ाक के नइ जाना हे मंदिर भीतर

गंगरेल तीर के अंगारमोती मंदिर कस इंहचो माइलोगिन मन के मंदिर भीतर मांग भरके, मुड़ी ढांक के जाना मना हे। गांव के सियान मन बताथे कि रिक्छिन दाई ह विधवा आय। तिही पाय के इहां साज-सिंगार के साथ माइलोगिन मन मंदिर मा नइ जा सकय। मानता हावय कि अइसे करे ले देवी दाई नाराज हो जाथे अउ येकर परभाव देखा देथे। कोनो बड़का समसिया नियम टोरइया मनखे करा आ जाथे। हालांकि बाबू जात मन के जाय-आय बर कोनो परकार के प्रतिबंध नइहे।

### माता खुद आथे मंदिर ले बाहिर

दसराहा अउ होरी बछर भर मा दू दिन अइसे होथे, जब रिक्छिन दाई हा खुद भगत मन ला दरसन दे बर अपन ठांव ले बाहिर आथे। वइसे तो हफ्ता मा दू दिन मां रिक्छिन के मंदिर हा खुलथे, फेर दसराहा अउ होरी के दिन बनेच्च सुभ माने जाथे। दसराहा अउ होरी के दिन देव बाजा के संग दाई ला परघाय जाथे। येकर बाद आगु-आगु देवी सवारी यानी घोड़ा अउ ओकर बाद अस्त्र-शस्त्र ला धरके सब भगत मन रेंगथे। खचाखच भीड़ के बीच देवी दाई हा गांव के सीतला माता के मंदिर तक आथे। कहे जाथे कि मां सीतला अउ रिक्छिन दाई हा बहिनी आय। दूनों झन हा इही दिन एक दूसर ले भेंट-मुलाकात करथे अउ सुख-दुख ला बांटथे।

दसराहा मा दुरिहा-दुरिहा ले आथे भगत मन, बलि के परंपरा घलो चलथे

कहे जाथे कि माता रिक्छिन ला अपन अंगना ले कोनो भगत खाली नइ भेजे। सबो के झोली भर देथे। तिही पाय के माता के भगत मन दसराहा के दिन आथे अउ मा रिक्छिन के दरसन करके मन्नत मांगथे। अवइया बछर तक मांग पूरा हो जाथे। जब भगत मन के आस हा पूरा हो जाथे ता अपन सरधा के अनुसार माता ला भेंट करथे। बोकरा के बलि देके मां रिक्छिन ला काम पूरा करे बर धन्यवाद देथे।

### दसराहा के एक दिन बाद माता जाथे मगरलोड

माता रिक्छिन हा केवल करेली गांव मा नइ, बल्कि आसपास के गांव मन मा घलो बड़ प्रसिद्ध हावय। दसराहा के एक दिन बाद माने एकादशी के दिन दाई रिक्छिन हा मगरलोड मा जाथे। मां रिक्छिन तो दसराहा के दिन अपन गांव मा रहिथे। अपन गांव वाला मन संग दसराहा मनाथे। दाई रिक्छिन के अगोरा मा मगरलोड के रहवइया मन एक दिन बाद दसराहा मनाथे। करेली के रहवईया मन बताथे कि मां रिक्छिन मन सात बहिनी हे। जेमे से एक झन बसकरहिन दाई मगरलोड म हवय। ये दिन माता रिक्छिन अउ ओकर बहिनी बसकरहिन के मुलाकात होथे।

## QUIZ TIME

1) भारत में सुपर कम्प्यूटर परम का निर्माण कहां हुआ था?

2) रदरफोर्ड के प्रकीर्णन परीक्षण ने किसकी मौजूदगी को सिद्ध किया?

3) किस एक्सप्रेस वे का नाम अटल पथ घोषित किया गया है?

4) कॉन्टिनेंट ऑफकॉन्ट्रास्ट्स किसे कहते हैं?

5) प्रभा अत्रे, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस पेशे से जुड़ी थी?

Ramaquiz

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेष:** शुभ फलदायी रहेगा। सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर व्यवहारिकता से नए संबंध बनाएंगे।

**वृष:** आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

**मिथुन:** आर्थिक दृष्टिकोण से निराश करने वाला रहेगा। धन की आमद बुद्धि बल का प्रयोग करने पर ही होगी।

**कर्क:** पिछले कुछ दिनों से चल रही आर्थिक स्थिति आज भी यथावत रहेगी प्रयास करने पर कही से खर्च लायक साधन जुटा लेंगे लेकिन मन मे भविष्य को लेकर दुविधा लगी रहेगी।

**सिंह:** आज के दिन अनिर्णय की स्थित किसी भी कार्य को समय पर होने से रोकेगी। मेहनत करने के पक्ष में आज बिल्कुल नही रहेंगे।

**कन्या:** आज के दिन आप सौंदर्य के प्रति विशेष आकर्षित रहेंगे। मौज शौक साज सज्जा के सामान पर दिल खोल कर खर्च करेंगे।

**तुला:** आज का दिन संघर्षमय रहेगा। दिन के प्रथम भाग में ही थोड़ी शांति अनुभव करेंगे लेकिन इसके बाद किसी कारण से भय बना रहेगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान दिलाएगा दिन के आरंभ में किसीकी बेतुकी बात को लेकर क्रोध में रहेगें थोड़ा बहुत गुस्सा दिन भर बना ही रहेगा।

**धनु:** आज का दिन भी सफलता वाला है लेकिन अपनी वाणी एवं व्यवहार को संतुलित रखना जरूरी है।

**मकर:** दिन के आरम्भ में अन्य दिनों की तुलना में अधिक पूजा पाठ करेंगे। लघु धार्मिक यात्रा के भी योग है।

**कुंभ:** आज आपके अंदर साहस की कमी रहेगी लोगो के सामने अपनी शेखी दिखाएंगे लेकिन अंदर से हालात कायर जैसे रहेंगे।

**मीन:** आज के दिन लाभ के अवसर आपकी तलाश में रहेंगे। दिन में जिस किसी के भी संपर्क में रहेंगे उससे कुछ ना कुछ लाभ अवश्य होगा।

## आज का पंचांग

सूर्योदय:06:57, सूर्यास्त: 05:20, चन्द्रोदय: 28:04, चन्द्रास्त:14:47, अयन: दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु: हेमन्त, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत:-2081 (काल), मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-शुक्ल, तिथि-पंचमी, नक्षत्र-उत्तरासाड़ा, योग-सौभाग्य, प्रथम करण-कौलव (17:07 तक) द्वितीय करण तैतिल (30:23 तक)।

**॥ गोचर ग्रहा: ॥**

सूर्य -वृश्चिक, चंद्र-तुला (18:07 से), मंगल-कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-वृश्चिक (उदय, पूर्व, वक्री), गुरु -वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु - मीन, केतु - कन्या।

**शुभ यात्रा दिशा**

पश्चिम-दक्षिण (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें)

**आज जन्मे शिशुओं का नामकरण**

उत्तरासाड़ा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (खी, खू, खा, खो,) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य -

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 258 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## न्यूज गैलरी

### लोधी वर वधु परिचय सम्मेलन 8 को

**रायपुर/नवप्रदेश।** श्री नवयुवक लोधी मिलन समारोह समिति ,गोंदिया के तत्वावधान में रविवार , 8 दिसंबर को युवक-युवति परिचय सम्मेलन ( वर्ष 36) का आयोजन जे. एम. हाय स्कूल, गणेश नगर गोंदिया में किया जा रहा है । इसका कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक भेरसिंह नागपूरे एवं उद्घाटन एड. यीशुलालजी उपराडे, जिलाध्यक्ष भाजपा के द्वारा किया जाएगा । प्रमुख अतिथि विधायक राजकुमारजी कराहे एवं विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सांसद डॉ. प्रशांतजी पडोडे एवं विधायक मा. विनोदजी अग्रवाल का जाहिर सत्कार किया जायेगा। मध्य भारत के सबसे बड़े लोधी समाज सम्मेलन में न केवल गोंदिया-भंडारा बल्कि नागपुर, चंद्रपुर, अमरावती, गडचिरोली, बालाघाट, शिवनी, जबलपुर , छिंदवाड़ा एवं नरसिंहपुर से भी बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में युवक- युवती परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों के खेलकूद के कार्यक्रम लिये जाएंगे। प्रावीण्य प्राप्त विद्यार्थियों का सत्कार एवं प्रसिद्ध लोधी गौरव पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

### सी.एस.के. स्कूल ने वृद्धाश्रम में गर्म कपड़े बांटे

**रायपुर/नवप्रदेश।** दान करना बहुत ही पुण्य का काम माना जाता है। दान एक सर्वोच्च गुण है और वह महान माध्यम है जिसके माध्यम से ईश्वर की दया मानव जाति तक पहुंचती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सी.एस.के. स्कूल रावतपुरा कॉलोनी फेस वन के बच्चों द्वारा माना कैंप स्थित वृद्धाश्रम में शनिवार को स्कूल के बच्चों द्वारा गर्म कपड़ों का दान किया गया। इसमें स्कूल के अभिभावकों और शिक्षिकाओं ने गर्म कपड़े दान कर अपनी अहम भूमिका निभाई। क्लास पी पी 2के बच्चों केव्यांश ,रुद्रांश ,वीरेंद्र ,तीक्षा द्वारा गर्म कपड़ों का दान किया गया।

### 70 लीटर देशी शराब जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता एवं कलेक्टर श्री गौरव सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाहियाँ जारी हैं । इसी अनुक्रम में कंपोजिट देशी मदिरा दुकान गंजपारा के पास आरोपी अमन सोनी के आधिपत्य से 390 नग पाव (70.2 बल्क लीटर) देसी मदिरा मसाला शोले जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2),59(क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिल किया गया । उल्लेखनीय है कि लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि गंजपारा में प्रातः 5:00 बजे से कुछ लोगों द्वारा अवैध मदिरा विक्रय किया जाता है, आरोपी अमन से पूछताछ करने पर उसने बताया कि आसपास के कई देसी मदिरा दुकान से इकठ्ठा करते हैं तथा रात्रि में दुकान बंद होने के बाद एवं प्रातः दुकान खुलने से पहले तक घूम घूम कर विक्रय करते हैं।

### हॉस्पिटल में मरीज को ब्लड चढ़ाने में देरी, एक कॉल में समस्या हुई दूर

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में रायपुर जिला प्रशासन द्वारा एक फोन कॉल पर समस्या का निराकरण हो रहा है। रिम्स हॉस्पिटल में भर्ती मरीज त्रिलोकी वर्मा के भतीजे हेमराज वर्मा ने कलेक्टोरेट के जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में किया। श्री वर्मा ने कॉल सेंटर में फोन कर जानकारी दी कि उनके चाचा रिम्स हॉस्पिटल में एडमिट हैं, उन्हें ब्लड चढ़ाने के लिए देरी की जा रही थी और अस्पताल प्रबंधन द्वारा भी रिस्पांस नहीं दिया जा रहा था। जिसके बाद श्री वर्मा ने कॉल सेंटर में कॉल कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद तत्काल कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अस्पताल प्रबंधन से मदद कराई गई और उन्हें तत्काल ब्लड चढ़ाया गया।

## प्रेस कांफ्रेंस में बोले- धान खरीदी की तारीख 15 दिन और बढ़ाई जाए

# धान खरीदी की परेशानियों को लेकर 10 दिसंबर को कांग्रेस का धरना

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा ने संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन करेगी। पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। जिसमें हमारे सभी नेता पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गये मैं भी चार सोसायटी गया। पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था किसान परेशान है। सरकार की कोशिश है कम से कम धान खरीदी की जाये। सोसायटियों में हमारे नेताओं ने देखा कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानो के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तो तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसायटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेवर चार्ज बढ़ गया इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा कि धान खरीदी में टोकन की व्यवस्था पर कांग्रेस पार्टी ने लगातार आवाज उठाने के बाद सरकार ने 60-40 प्रतिशत आदेश दिया है। ऐप में देखा कि 15 जनवरी तक टोकन 60 प्रतिशत तक भरा हुआ है जबकि 31 जनवरी आखिरी तारीख है।

# सीएम साय ने मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के ऐम्स परिसर में ÷निक्षय निरामय छत्तीसगढ़÷ 100 दिवसीय जांच व उपचार अभियान के दौरान लोगों में जागरूकता व टीबी जांच हेतु संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग के लिए एक एक वाहन शामिल हैं। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे।

मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा अभियान के दौरान चिन्हाकित किये गए जोखिम समूहों की टीबी हेतु स्पॉट स्क्रीनिंग की जाएगी जिससे संदेहास्पद टीबी मरीजों का स्पॉट पर ही टीबी रोग का पता लगाया जा सकेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा ए.आई. तकनीक से हैंड हेल्ड एक्स रे, ष्ट्रङ्ग-टीबी जांच व 16 चैनल वाले ट्रूनाट मशीन से टीबी के संभावित मरीजों की तुरंत एक्स रे द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा।

## बस्तर के तोकापाल की सुश्री बबीता नाग ने मुख्यमंत्री को बांधा निरामय सूत्र

**रायपुर/नवप्रदेश।** एम्स रायपुर के आडिटोरियम में आज निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिनों तक टीबी, मलेरिया एवं कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी तथा उनका उपचार किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे लोगों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने टीबी और कुष्ठ जैसी बीमारियों से लड़ाई लड़ी और आज स्वस्थ जीवन का आनंद उठा रहे हैं। इन्हीं मे से एक हैं बस्तर के तोकापाल की रहने वाली बबीता नाग जो कुछ समय पहले तक टीबी के रोग से पीड़ित थीं। इन्होंने सरकारी अस्पताल में अपनी जांच करायी और शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए समय पर दवाइयों और पोषण आहार का सेवन किया। इसकी वजह से बबीता आज पूरी तरह स्वस्थ हैं। बबीता ने अपने स्वस्थ होने का श्रेय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को दिया है जिनकी पहल की वजह से वो टीबी जैसी बीमारी के प्रति जागरूक हो सकीं और समय पर अपना इलाज कराया।

## सरकार बताये कहां गए 18 लाख आवास : दीपक बैज

**रायपुर/नवप्रदेश।** भाजपा सरकार ने दावा किया था कि केन्द्र ने प्रधानमंत्री आवास के लिये 18 लाख आवासों की स्वीकृति हो गयी है। छत्तीसगढ़ में 18 लाख नए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार ने अभी तक एक भी नए हितग्राही को आवास निर्माण के लिए एक नया पैसा नहीं दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव साय सरकार के तथाकथित प्रधानमंत्री आवास केवल विज्ञापनों और होल्डिंग तक ही सीमित रह गया है, हकीकत भाजपा की सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ में एक भी हितग्राही के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोई भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। उल्टे पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के द्वारा ÷छत्तीसगढ़ आवास न्याय योजना÷ भी अघोषित तौर पर बंद कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से ÷मोर ज़मीन मोर मकान÷ योजना पर भी ग्रहण लग चुका है। साय सरकार की दुर्भावना के चलते लाखों गरीबों से उनका पक्का आवास का हक़ छिन गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का वादा था 2022 तक हर गरीब के सिर पर पक्का छत देने का लेकिन 100 दिन में महंगाई कम करने, कालाधन वापस लाकर सभी के बैंक खातों में 15-15 लाख देने और 2 करोड़ रोजगार हर साल की तरह हर गरीब को पक्का आवास देने का वादा भी जुमला निकला। केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकान की संख्या को स्वीकृति नहीं दिया है। केंद्रीय योजनाओं में राज्य सरकार को लक्ष्य करने का अधिकार नहीं होता लेकिन विष्णुदेव सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ तक दबा रही है यदि 18 लाख नए सरकारी पीएम आवास के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवास योजना के आवासहीनों नाम सार्वजनिक करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार ने पीएम आवास योजना के लिए 3799 करोड़ का जो बजट प्रावधान किया है उसमें 18 लाख क्या 5 लाख आवास भी नहीं बन सकते।

## निहारिका कमेटी के अध्यक्ष को फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने मंत्रालय में शासन द्वारा गठित निहारिका कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती निहारिका बारीक से भेंटकर प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया।

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में तय किए गए मुद्दों को लेकर निहारिका कमेटी के समझ अपना पक्ष रखा है। जिसमें प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को भाजपा घोषणा पत्र अनुसार केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया एवं जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ते के एरियर्स को मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 68 (2) अनुसार भविष्य निधि खाते में समायोजित करने, लिपिक सहित विभिन्न संवर्ग के वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने,प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8,16, 24 एवं 32 वर्ष देने,अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 करने,प्रदेश के सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को अन्य कर्मचारियों के समान त्रिस्तरीय वेतनमान स्वीकृति करने,केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता कार्यभारित /आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों को समान वेतन के रिक्त पदों पर समायोजित करने,गोपनीय प्रतिवेदन, अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन करने आदि शामिल है।

## डॉ. स्मित को मिला कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान

**रायपुर/नवप्रदेश।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान प्राप्त हुआ है। इसी के साथ यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. स्मित श्रीवास्तव। डॉ. स्मित श्रीवास्तव को आज लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला है। उन्हें एफसीएसआई प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित फैलोशिप दीक्षांत समारोह में भारत के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि थे। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं। इसके अलावा डॉ. स्मित को 05 से 08 दिसंबर को आयोजित कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के 76 वें वार्षिक सम्मेलन की वैज्ञानिक समिति में राष्ट्रीय संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया है। विदित हो कि कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का मुख्य लक्ष्य कार्डियोवैस्कुलर रोगों (सीवीडी) और उसके बाद होने वाली मृत्यु दर की रोकथाम और उन्मूलन की दिशा में काम करना है। इसका उद्देश्य लोगों में कार्डियोवैस्कुलर रोगों के कारणों और प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह सोसाइटी पर्यावरण और जीवनशैली के साथ कार्डियोवैस्कुलर रोगों के सह-संबंध के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता के स्तर को बढ़ाने की दिशा में काम करता है। सोसाइटी का वर्तमान ध्यान गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और कार्डियोवैस्कुलर रोगों की रोकथाम के लिए बाद के नए मार्गों पर है।

# धान खरीदी केंद्रों में हमाली, फिर भी किसानों से ली जा रही है हमाली की राशि!

**बैकुंठपुर /नवप्रदेश।** कोरिया जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवम्बर से चालू है जहाँ इस वर्ष ज्यादा वर्षा के कारण फसल में रोग लगने से उत्पादन प्रभावित होने की संभावना के बावजूद भी समितियों में धान की आवक बढ़ी है। जहां शासन द्वारा किसानों को इस वर्ष एक एकड़ में 21 किवंटल की खरीदी की मात्रा भी निर्धारित की गई है वही 3100 की घोषणा को देखते हुए किसान अपने खातों में पंजीयन अनुसार खाते में धान की पूरी मात्रा देकर धान की विक्रय कर रहे है। वही शासन द्वारा किसानों को सोसायटी में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए प्रासंगिक व्यय की राशी भी जारी कर दी गई ताकि समितियों में धान लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके बावजूद भी कोरिया जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों की समस्या कम होने का नाम नही ले रही है वही इस वर्ष हर खरीदी केंद्रों में कलेक्टर कोरिया ने नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है जो कि समिति में जाकर किसानों की समस्या से रूबरू होंगे व हो रही समस्या को तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराएंगे ,इसके बावजूद भी किसानों से मिली जानकारी अनुसार शायद ही किसी खरीदी केन्द में किसी ने किसानों की समस्या का हल किया हो वही किसान इस कारण विरोध नही कर पाता की कही हमारा धान न ख़रीदा जाये या समितियों द्वारा शिकायत करने वाले किसानों को अनावश्यक परेशान किया जाता है जिस कारण किसी के द्वारा भी कोई शिकायत नही की जाती है जिस कारण समितियों में हर किसान समिति प्रबंधकों के अनुसार ही धान विक्रय करने को मजबूर है वही जिले से गठित निगरानी समिति में नोडल अधिकारी भी किसी प्रकार की गड़बड़ी होने से इंकार कर रहे है जो कि समझ से परे हैं ।इस वर्ष जिले पे धान खरीदी के लिए 21 खरीदी केंद्र बनाये गए है जहाँ इस वर्ष शासन द्वारा धान खरीदी का लक्ष्य 13 7195 मैट्रिक टन रखा गया है जो की पिछले वर्ष की तुलना से थोड़ा ज्यादा है ।वही शासन द्वारा मिले दिशा निर्देश के अनुसार जिले में धान खरीदी में जहा पूरी तरह पारदर्षिता अपनाने के दावे किए जा रहे है किंतु वास्तविकता कुछ और ही है जहाँ किसानों का शोषण किया जा रहा है जिससे कई समितियों में किसानों की समस्याये कम होने के बजाय बढ़ रही है। वहीं अधिकारी सही तरीके से धान खरीदी होने का दावा कर रहे है ।मिली जानकारी अनुसार शासन ने हर खरीदी केंद्रों में किसानों से धान खरीदी के दौरान नपाई टोलाई ,सिलाई व बोरा को फड़ तक पहुचाने व इसकी सुरक्षा के लिए जानकारी अनुसार पर किवंटल 12 रूपए की राशी अग्रिम ही हर समितियों को दे चुकी है इसके बावजुद जिले के कई समितियों में किसानों से खरीदी केंद्रों पर ही एक़ बोरे के भराई टोलाई ,सिलाई व फड़ तक चढ़ाने के नाम पर 10 से 12 रूपए समिति में कार्य कर रहे हमाली द्वारा लिए जा रहे है जिसकी जानकारी जिले के अधिकारियो को अब तक नही है जब की शासन द्वारा 1 किवंटल पे यदि सुरक्षा को छोड़ दिया जाये तो मिली जानकारी अनुसार 8 से 9 रूपए दिए जा रहे है आखिर यह राशि कहां जा रही है । वहीं संवाल यह उठता है कि आखिर जिले के कई समितियों में किसके निर्देश पर किसानों से यह हमाली राशी ली जा रही है जबकि समिति को हमाली राशि का भुगतान करना है ,जिससे कही न कही किसानों के शोषण के साथ ही सुविधा के नाम पर लाखों रूपए का खेल भुगतान के आहरण के दौरान होने की संभावना है वही जिला प्रशासन व राजनीतिक पार्टी की निगरानी समिति ने इस पर अब तक कोई भी आपत्ति दर्ज नही की जो की समझ से परे है। जहाँ एक और केंद्र सरकार के साथ साथ राज्य सरकार राज्य के किसानों को अधिक से अधिक लाभ देने की बात कर रही है वही जिले के कई समितियों में किसानों से लिए जा रहे धान में एक़ बोरे पे 10 रूपए की राशि सुविधा के नाम पर लेकर समितियों द्वारा लाखो रूपए के गोलमाल पर चुपी साधे रहना समझ से परे है जब की यदि देखा जाये तो इस वर्ष अब तक कोरिया जिले में किसानों से लगभग 22977.92 मे0 टन धान की खरीदी अब तक हो चुकी है ।

बहरहाल कलेक्टर कोरिया ने किसानों को खरीदी केंद्रों पर किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये है किंतु अधिकारियों की उदासीनता के कारण हमाली के कारण किसानों को हो रही समस्या की जानकारी जिला प्रशासन तक नही पहुच पा रहा वही अधिकारी जाच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर वापस अपने मुख्यालय आ जा रहे हैं । वही किसी भी प्रकार की समस्या नही मिलने की बात कह रहे है ।

### हमाली समिति को देने का निर्देश

जयपाल एक्का ,प्रभारी पंजीयक सहकारिता विभाग बैकुंठपुर - कोरिया -इस वर्ष जिले में खरीदी में पूरी पारदर्षिता है कहि भी हमाली राशि लेने की शिकायत किसानों से नही मिली है वही हमाली राशि के संबंध में सभी समिति को नोटिस जारी किया गया हैं यदि जाच में पाया गया तो कार्यवाही होगी । वही सभी समितियों में हमाली राशि किसानों से नही लेने के सम्बंध में सूचना पटल पर उल्लेख का सख्त निर्देश हैं ।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं ने छत पर बनाया खुद का बिजली घर

**कांकेर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा को घरों तक पहुंचाकर उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत सौर ऊर्जा अपनाने वाले नागरिकों को सरकार की ओर सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे इसकी लागत कम हो जाती है। जिले में इस योजना ने कई परिवारों की आर्थिक और ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया है। समीप के ग्राम ठेलकाबोड़ निवासी श्रीमती सुमित्रा मंडावी ने चार किलो वॉट का सोलर ऑन-ग्रिड प्लांट लगाया, जिससे उन्हें 78 हजार रूपए की सब्सिडी का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजना से विद्युत देयक में 80 प्रतिशत तक की बचत होती है। सरकार की सब्सिडी ने सौर ऊर्जा और अधिक आसान बना दिया है।

इसी तरह ग्राम पंडरीपानी के विद्युत उपभोक्ता श्री धनेश साहू ने उक्त योजना के तहत अपने घर की छत पर तीन किलो वॉट का सोलर ऑन-ग्रिड रूफटॉप प्लांट स्थापित किया है। श्री साहू ने बताया कि इस योजना के तहत मिलने वाले अनुदान से बिजली को और भी किफायती बना दिया है। यह योजना आम आदमी के लिए वरदान है। इसी प्रकार सुभाष वार्ड कांकेर के निवासी व्यवसायी श्री मनोहर मंगलानी ने बताया कि उन्होंने भी तीन किलो वॉट का सोलर ऑन-ग्रिड प्लांट अपनी छत पर स्थापित कराया है। श्री मंगलानी ने कहा- 'सौर ऊर्जा ने हमें आत्मनिर्भर बनाया है और सरकार की मदद से यह संभव हो पाया है।'

### किलोवॉट के अनुसार 30, 60, 78 हजार की मिलेगी सब्सिडी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता श्री सतीश किण्डो ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सरकार ने सौर ऊर्जा सिस्टम बनाने के लिए सब्सिडी का प्रावधान किया है। इसके तहत एक किलो वॉट में 120 तक की बिजली फ्री रहेगी। इसमें 30 हजार रूपए की सब्सिडी दी गई है, जो एक छोटे घर के लिए लाभदायक है। इसी तरह दो किलो वॉट में 240 से अधिक यूनिट तक की बिजली फ्री रहेगी। इसके तहत 60 हजार रूपए की सब्सिडी दी जाएगी, जो एक मध्यम घर के लिए लाभदायक होगा। इसी तरह तीन किलो वॉट में 360 तक यूनिट तक बिजली फ्री रहेगा, इसके तहत 78 हजार रूपए की सब्सिडी दी जाएगी, जो एक बड़े घर के लिए लाभदायक है। उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना' के तहत लगाए जाने वाले रूफ टॉप सोलर पैनल की 25 साल की वारंटी रहेगी तथा अधिकृत वेंडर द्वारा 05 साल तक प्लांट का संधारण किया जाएगा। ने छत्तीसगढ़ के परिवारों को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त किया है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित की है।

### कैसे करें आवेदन

कार्यपालन अभियंता किंण्डो ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने हेतु उपभोक्ता को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। इसके लिए pmsuryaghar.gov.in पर रजिस्टर/पंजीयन कर राज्य का चयन करना होगा, इसके बाद इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के विकल्प को चुनना होगा तथा इलेक्ट्रिसिटी कन्ज्यूमर नंबर का चुनाव कर अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दर्ज करना होगा। इसके बाद कन्ज्यूमर नंबर और मोबाइल नंबर से लॉगिन करके रूपटॉप सोलर के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद अप्रूवल मिलने के पश्चात विभाग में पंजीकृत वेंडर से सौर संयंत्र स्थापित कराना होगा। एक बार इंस्टालेशन पूरा हो जाने पर प्लांट का विवरण जमा करना पड़ेगा और नेट मीटर के लिए आवेदन करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि इसके उपरांत कमिशनिंग रिपोर्ट प्राप्त कर, अपना बैंक खाते का विवरण तथा निरस्त चेक पोर्टल के माध्यम से जमा करना पड़ेगा। 30 दिनों के भीतर उपभोक्ता को सब्सिडी प्राप्त हो जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए समीप के विद्युत कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

## न्यूज गैलरी

### कलेक्टर के निर्देश पर ओडिशा से आने वाले 150 बोरी धान लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को 3100रु प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जा रही है। इस प्रक्रिया में बिचौलियों द्वारा किसानों के नाम पर ओडिशा से अवैध धान खपाने की कोशिशें की जा रही हैं। ऐसी गड़बड़ियों को रोकने के लिए कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर विशेष चेकपोस्ट स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत

### कांग्रेस संविधान रक्षक अभियान क़े तहत रैली का आयोजन किया

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार सम्पूर्ण देश मे संविधान रक्षक अभियान क़े तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी क़े निर्देश अनुसार कोंडागांव में 07 दिसंबर दिन शनिवार को संविधान रक्षक अभियान क़े तहत विशाल रैली का आयोजन किया गया।संविधान रकक्षक अभियान बस्तर विधाय लखेश्वर बघेल जी क़े उपस्थिति में कांग्रेस भवन से निकलकर कोर्ट चौंक स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर जी क़े मूर्ति मे माल्यार्पण कर नमन कर रेस्ट हॉउस होते हुए गाँधी चौंक से शीतला मंदिर मंडी रोड होते हुए पुनः कांग्रेस भवन पहुंच रैली पश्चात संविधान सभा का आयोजन किया।

### शासकीय अस्पतालों एवं चॉइस सेंटरों में बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**कांकेर/नवप्रदेश।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत कांकेर जिला में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन' का कार्य सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों एवं समस्त चॉइस सेंटरों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को रूपये 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हे भी दोबारा पंजीयन, ई-केवाईसी करवाने की आवश्यकता है।

## एनएचएम कर्मचारियों की मांग अपूर्ण 8 को रायपुर में प्रांतीय बैठक

- **बड़े आंदोलन करने की रणनीति पर होगी चर्चा**

**कांकेर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एन एच एम कर्मचारी संघ की बड़ी बैठक रविवार 8 दिसम्बर को गुरुघासीदास प्लाजा रायपुर में आयोजित होगा.जिसमें 33 जिलों के एन एच एम स्वास्थ्य कर्मचारी जुटेंगे, विधानसभा शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसम्बर को देखते हुए बनाया जा रहा हैं बड़ा आंदोलन करने की तैयारी किया जा रहा है।जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया की प्रदेश एन एच एम कर्मचारी अपने लंबित मांग नियमितीकरण स्थाईकरन घोषित 27त्न प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित ग्रेड पेय स्केल सहित 18 बिंदु मांग को लेकर पिछले विधानसभा सत्र के दौरान भारी भारिश में विधानसभा घेरने निकले थे साथ ही विभिन्न मंच के माध्यम से मुख्य मंत्री विष्णु देव सांय उपमुख्यमंत्री अरुण साव विजय शर्मा सहित स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आवेदन देते आ रहे है विगत दिनों श्याम बिहारी जायसवाल जी ने मीडिया के समक्ष एनएचएम कर्मचारियों को उनके लंबीत 27प्रतिशत प्रतिशत वेतन वृद्धि को तत्काल देने की बात बोलें थे, जो आज प्रयत्न तक इन कर्मचारियों को अप्राप्त है, जिससे कर्मियों में भारी आक्रोश हैं. एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि उनके रेशलाइजेशन कमेटी वेतन विषगती, ग्रेड पेय स्केल निर्धारण के लिए बिना समय निर्धारण का कमेटी तो बनाया जाता हैं लेकिन कमेटी सिर्फ कमेटी बनकर ही रह जाता हैं आज तक उसमें कोई निर्णय नहीं आता हैं जिससे कर्मियों का समस्याओं का निराकरण नहीं हो पता हैं.

## बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली का जिला मुख्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली आज केशकाल से रवाना होकर जिला मुख्यालय कोंडागांव पहुंचने पर कलेक्टर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार और नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जसकेतू उसेंडी सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा खिलाड़ियों को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में शामिल होने शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। मशाल रैली को उपस्थित अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एडीएम श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एस डी एम श्री अजय उरांव वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अधिकारी/कर्मचारियों ने शनिवार अवकाश के लिए सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

**कांकेर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला इकाई कांकेर के द्वारा-05 दिसंबर 2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्षमता एवं उत्पादकता के उद्देश्य हेतु शनिवार को अवकाश घोषित एवं सेक्टर बैठक दिवस (शनिवार) को अन्य दिवस में प्रतिस्थापित करने हेतु ज्ञापन सौपा गया।छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के अधिसूचना क्रमांक एफ1-3/2022/1/5 दिनांक 02.02.2022 के माध्यम से शासन के समस्त विभागों के कार्यालयीन (अधिकारी/कर्मचारियों) की कार्यक्षमता एवं उत्पादकता के उद्देश्य से माह के सभी शनिवार को अवकाश घोषित किया गया है।उक्त आदेश के परिपालन में जिस प्रकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाई में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को समस्त शनिवार को अवकाश प्रदान किया जा रहा है, उसी भांति विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों (कार्यालयीन स्टाफ) की कार्यक्षमता एवं उत्पादकता बढ़ाने शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को अवकाश प्रदान करने की आवश्यकता है।चूंकि विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक इकाई के सेवारत अधिकारी/कर्मचारियों को शासन से आदेशित अवकाश से वंचित हो रहे है, जिससे सभी कार्यालयीन स्टाफमें इस भेद-भाव एवं जबरन कार्य लिये जाने जैसी व्यवस्था से स्वयं को ठगा हुआ एवं मानसिक प्रताडित जैसे महसूस कर रहे है। निसंदेह इस प्रकार की दोहरी व्यवस्था कर्मचारियों में आक्रोशित भावना को जन्म देती है, जिससे वे अपना पूर्ण कार्यक्षमता का उपयोग नहीं कर पाते एवं अपना शत-प्रतिशत योगदान देने में असमर्थ होते हैं। ज्ञापन सौपते हुए अवगत कराना चाहेंगे की इसी प्रदेश में कई ऐसे जिले हैं जहां मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी या खण्ड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार सेक्टर बैठक दिवस (शनिवार) को अन्य दिवस में प्रतिस्थापित कर वहां सेवारत कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों को प्रत्येक शनिवार को अवकाश प्रदान किया गया है।

### ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से थे शामिल

ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला इकाई कांकेर जिला संरक्षक रोहित वर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा, प्रशांत झा, राकेश राजपूत, कोमल पटेल, संतानू बौद्य, लालिमा सोनवानी, कुमेश्वरी सिन्हा, सिद्धांत हलदर, शीतल साहू, अमित राय, रितेश जैन सहित एनएचएम/एड्स कंट्रोल के कर्मचारी/अधिकारीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी डॉ विनोद वैद्य आकाश सिंह ठाकुर के द्वारा दी गई।

## डिजिटल कृषि से अब घर बैठे होंगे सभी काम

- **एग्रीस्टेक परियोजना से कृषकों मिलेगा लाभ**

**कांकेर/नवप्रदेश।** भारत सरकार कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना अंतर्गत एग्री स्टेक परियोजना के तहत सम्पूर्ण देश में किसान हित में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्री स्टेक परियोजना के आगामी चरण के रूप में सभी कृषि भूमि धारक का कृषि भूमि पहचान पत्र (फार्मर आईडी) का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार में भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में मास्टर ट्रेनर द्वारा राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### जानें क्या है एग्रीस्टेक परियोजना

किसानों के लिए एक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र है। इससे किसानों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। पीएम किसान सम्मान निधि फसल बीमा योजना केसीसी सस्ता ऋण, अच्छी क्वालिटी के कृषि इनपुट, स्थानीय सलाह, बाज़ारों तक आसान पहुंच, सरकारों को किसानों के लिए योजनाएं बनाने और लागू करने में मदद मिलेगी। एग्रीस्टेक के तहत, किसानों की सभी जानकारी एक जगह इकट्ठा की जाएगी। इसमें उनकी पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, बीमा, ऋण, फसल विवरण और राजस्व इतिहास शामिल होगा। किसानों की पहचान के लिए, उन्हें एक डिजिटल आईडी दी जाएगी, जो आधार कार्ड की तरह काम करेगी। इस आईडी में किसानों से जुड़े कई तरह के डेटा होंगे।

## सर्व आदिवासी समाज के बंद का कोंडागांव में व्यापक असर, व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे पूरी तरह बंद

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** सर्व आदिवासी समाज ने जिले के आदिवासी महिलाओं के साथ बढते अनाचार ,अत्याचार पर रोक को लेकर 7 दिसंबर को एक दिवसीय बंद का कोंडागांव मे व्यापक प्रभाव देखने को मिला। समाज ने महिलाओं के खिलाफबढ़ते अत्याचार, शासकीय भर्ती में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता और आदिवासी युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष यतीन्द्र छोटू सलाम के विरुद्ध सौंप गए ज्ञापन समेत कई मुद्दों पर अपनी मांगों को लेकर बंद का आह्वान किया था।जिसके चलते नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। चौपाटी मैदान में सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले सभा आयोजित की गई, जिसमें समाज के प्रमुख सदस्यों और विभिन्न संगठनों ने भाग लेकर समर्थन जताया। सभा में वक्ताओं ने अपनी मांगों को रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और शासकीय नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें प्रमुख मांगें महिलाओं की सुरक्षा, स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर और समाज से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई को लेकर थीं। बंद के दौरान नगर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, पुलिस बल हर संवेदनशील स्थान पर तैनात किया था।

## बाबा साहेब सेवा संस्था में डॉ.अम्बेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धाजंलि दी गई

**कोण्डागांव/नवप्रदेश।** बाबा साहेब संस्था कोंडागांव, में छत्तीसगढ़ एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा संयुक्त रूप से बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय अंबेडकर चौक में शुक्रवार 06 दिसंबर 2024 को संध्या 7 बजे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस की सभा की गई। इस दौरान बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा इस अवसर बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से संस्था के संरक्षक नेशनल अवार्डेड आर्टिजन पंचू सागर , अधिवक्ता तिलक पांडे, प्रमोद भारती , अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय , सचिव रमेश पोयाम , ओमप्रकाश नाग , हितेंद्र श्रीवास , मंगउ देवांगन , विरेन्द्र नेताम , झिटकु मरकाम ,देवानंद चौरे , संदीप कोर्राम ,अजाक्स पदाधिकारीगण जगमोहन भोयर, धवलसिंह पोटाई , छत्तीसगढ़ एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन जिला कोंडागांव अध्यक्ष नरसिंह देव मंडावी , रमन ठाकुर , गरंजु नेताम , संदीप वासनिकर , सुनील बंजारे , ईसाताई चौरे, तत्थसील चौरे,वरेण्य मंडावी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## प्रथम पेज का शेष

**बेरहम इंसान की करतूत ने ले ली ..**

शावक के होने से काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। बताना लाजिमी होगा कि घटना के लगभग 20 दिनों बाद घायल हाथी शावक का इलाज किया गया, जहां हाथियों के झुंड के साथ ही शावक की मां ने भी उसे अकेले छोड़ दिया था। शावक को ट्रेंकुलाइज कर उसका इलाज किया गया, उसके बाद स्थिति में थोड़ा सुधार आने लगा, इसके बाद रिजर्व प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। लेकिन अचानक शावक की तबियत बिगड़ गई थी, जिसको लेकर विभाग सहित डॉक्टर्स की टीम लगी हुई थी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से ...**

संदेश आए, जिसमें कहा गया था कि संदेश भेजने वाला बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। इस संदेश में चेतावनी दी गई थी कि अगर सलमान खान ने पांच करोड़ रुपये नहीं दिए तो उनकी हत्या कर दी जाएगी। भेजने वाले ने चेतावनी दी कि वह मैं सिकंदर हूं गीत के लेखक को भी मार देगा। हालांकि पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया था।

**गृहमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा...**

केंद्रीय मंत्री बस्तर ओलंपिक के समापन में भी शामिल होंगे। शर्मा ने बताया कि शाह 14 दिसंबर की रात को रायपुर पहुंचेंगे और 16 दिसंबर की शाम को वह दिल्ली लौट जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक के समापन और रायपुर में पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान शाह नक्सल अभियान से संबंधित बैठक भी लेंगे। शर्मा ने शाह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि शाह 14 तारीख की रात 9:00 बजे दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। आगामी 14 दिसंबर को वह रात्रि विश्राम करेंगे। आगामी 15 दिसंबर की सुबह शाह पुलिस परेड ग्राउंड में प्रेसिडेंट पुलिस कलर अवॉर्ड में शमिल होंगें। इसके बाद उसी दिन वह जगदलपुर के लिए रवाना होंगे जहां बैठक में जितने भी पुलिस कमांडर हैं व जिन्होंने नक्सल ऑपरेशन में हिस्सा लिया है, वे शामिल होंगे। इसके बाद दूसरे दिन सुबह में वह शहीदों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस दौरान शाह शहीद परिवार से मुलाकात भी करेंगे। शाह एक कैंप का भ्रमण भी करेंगे। उसके बाद वापस रायपुर आएंगे, जहां एलडब्लूई की समीक्षा बैठक भी होगी। उसके बाद शाम 4:00 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**दिल्ली कूच के लिए पहुंचे 60 किसान ...**

भेज दिया गया। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन की तानाशाही चल रही है। आंदोलन को दबाने के लिए उनके नेताओं को जेल भेज दिया है। लेकिन किसान अपना हक लेकर रहेंगे। किसानों का जेल भरो आंदोलन जारी रहेगा।

**नक्सलियों ने की मुखबिरी के शक में आंगनबाड़ी ..**

हत्या के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बीच बचाव करने पहुंचे बेटे के साथ हमलावरों ने हाथापाई की और लक्ष्मी की हत्या कर दी। लक्ष्मी पदम को दो बार पहले भी धमकी मिल चुकी थी। सूत्रों के मुताबिक हमलावरों ने कैम्प से 1 किलो मीटर वारदात को अंजाम दिया। रात को हुई इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। घटना की आधिकरिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

**सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में ..**

सोलर प्लेट, हथियार बनाने की मशीन, बड़ी संदुके, तेल टिन, साबुन एवं अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री को सुरक्षा बलों द्वारा मौके पर नष्टीकरण की कार्यवाही किया गया। उक्त नक्सल विरोधी अभियान में नारायणपुर डीआरजी एवं बीएसएफकी संयुक्त कार्यवाही रही।

**सीरिया: संघर्ष में ..**

भीषण लड़ाई के बाद सीरियाई सशस्त्र बल हमा शहर से हट गए।

**किसान ने कर्ज नहीं लिया फिर...**

है, लेकिन यही कहानी अकेले जितेंद्र की नहीं है. यादव राम वर्मा, राजकुमार वर्मा, शेखर वर्मा और प्रदीप वर्मा सहित कई किसानों को इसी तरह ठगा गया. इन किसानों ने न कभी लोन के लिए आवेदन किया, न ही उन्हें इसकी जानकारी थी।

कर्ज का रकम काटने का डर

इस फर्जीवाड़े की शुरुआत तब हुई, जब सोसायटी प्रबंधक ने नवीनीकरण के नाम पर किसानों से ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद बैंक कर्मचारियों के साथ मिलकर उनके नाम पर लोन स्वीकृत कराया और रकम हड़प ली। जब किसानों को इस धोखाधड़ी का पता चला, तब तक उनकी धान बेचने की व्यवस्था भी बाधित हो चुकी थी। किसानों का आरोप है कि बैंक और सोसायटी ने उनकी मेहनत की कमाई को तो लूटा ही, अब उन्हें मंडी में अपनी उपज बेचने तक की अनुमति नहीं मिल रही। उनकी चिंता यह है कि अगर धान बेचते हैं तो उससे मिली रकम सीधे बैंक कर्ज में काट ली जाएगी।

## न्यूज गैलरी

### पति को प्राणघातक चोंट पहुंचाने वाली महिला गिरफ्तार

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी डायमण्ड सोरी पिता सुन्दरू सोरी उम्र 28 वर्ष साकिन आमझर थाना जिला गरियाबंद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपनी पत्नि राजकुमारी सोरी के साथ अपने ससुराल में रोजी मजदूरी कर रहा है। घटना दिनांक को डायमण्ड सुबह मजदूरी करने खेत गया था शाम मजदूरी कर घर वापस आकर चुल्हा के पास आग ताप रहा थाए उसकी पत्नि राजकुमारी खाना बना रही थी। डायमण्ड द्वारा अपनी पत्नि राजकुमारी से खाना मांगा तो राजकुमारी गाली गलौज करने लगी तब डायमण्ड चुल्हा के पास से उठकर आने लगा उसी समय राजकुमारी अपने पति डायमण्ड को जान से मारने की धमकी देते हुए जाने से मारने की नियत से वहीं पास पड़े लकड़ी के डण्डा से सिर में मारकर प्राणघातक चोंट पहुंचाई जिससे प्रार्थी का सिर गहरी चोंट लगा है। जिसका डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया।

### आयुक्त विश्वकर्मा ने किया टाका घर का निरीक्षण

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज टाकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने कर्मचारियों की संख्या, कार्य का समय, पानी टेंकर, सफाई संबंधी गाड़ी के अलावा विद्युत की जानकारी ली। मोटर विभाग के प्रभारी टैंकर तथा जे.सी.बी. आदि के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डो में एवं आयोजनों में टेंकर सप्लाई की जाती है, स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के लिये जे.सी.बी. टिप्पर, टेक्टर भी सुबह निकल जाते है तथा डिवाईडर एवं पेड पौधें में सिचाई की जाती है। आयुक्त ने सभी गाड़ियों की आवश्यक मेंटनेंस व मरम्मत करने के निर्देश दिये और कहा कि आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर वाहनों का संचालन पेयजल व सफाई में किया जाये।

# कोपरा नगर पंचायत चुनाव: नए चेहरों की तलाश में मतदाता, विकास रहेगा प्रमुख मुद्दा

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** गरियाबंद जिले की नवगठित कोपरा नगर पंचायत में पहले चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। यह पहला मौका होगा जब मतदाता सीधे तौर पर अपने नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। कोपरा की जनता इस बार पुराने चेहरों से अलग नए नेतृत्व की तलाश में है, जो उनके विकास के सपनों को साकार कर सके।

### प्रत्यक्ष प्रणाली का असर

कैबिनेट द्वारा नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मंजूरी के बाद शहरी क्षेत्र के मतदाता अब सीधे अपने अध्यक्ष का चयन करेंगे। इससे राजनीतिक दलों पर नए और प्रभावशाली उम्मीदवारों को सामने लाने का दबाव बढ़ गया है।

### विकास होगा चुनाव का मुख्य मुद्दा

ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनने के बाद से कोपरा में विकास की गति ठहर-सी गई है। बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे- सड़क, पेयजल, आवासीय पट्टा, पीएम आवास योजना, आय-जाति प्रमाणपत्र, आदि बड़े मुद्दे बने हुए हैं। नगर पंचायत बनने के बावजूद यहां की जनता को राहत नहीं मिली है। इस बार मतदाता ऐसे नेता को चुनना चाहते हैं जो इन समस्याओं का समाधान कर सके।

### बीजेपी के संभावित उम्मीदवार

भारतीय जनता पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेता कमलेश साहू अध्यक्ष पद के सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। उनके अलावा निम्न नाम चर्चा में हैं, रूपनारायण साहू (नगर पंचायत के मनोनीत उपाध्यक्ष के पति),झाड़ू राम तारक के नाम भी प्रमुखता से चर्चा में हैं। इसके अलावा,एमनलाल साहू,सष्टम साहू,दशरथ यादव,छमन लाल साहू,चतुर राम साहू,बसंत पटेल, महिला आरक्षण की स्थिति में भारती साहू, केकती साहू, और आशा छमन साहू भी प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं।

### कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार

कांग्रेस पार्टी के खेमे से भी कई बड़े नाम उभरकर सामने आए हैं पूर्व जनपद सदस्य और पूर्व सांसद प्रतिनिधि ठाकुर राम साहू,जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू,पूर्व उप सरपंच राजेश यादव,पूर्व जनपद सदस्य नारायण साहू,नंदकुमार साहू पूर्व अध्यक्ष गौठान समिति,,पूर्व सरपंच प्रतिनिधि और पूर्व पंच अजय साहू,पूर्व प्रभारी सरपंच मोतीराम साहू,पूर्व सरपंच सूरज दाऊ के अलावा पत्रकार गोरेलाल सिन्हा के नाम कांग्रेस के संभावित दावेदारों में शामिल है। महिला आरक्षण लागू होने की स्थिति में कांग्रेस की तरफसे ये नाम भी संभावित माने जा रहे हैं

### जनता की मांग नए चेहरे और नई सोच

स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि पुराने चेहरों को जनता पहले ही आजमा चुकी है। इस बार लोग ऐसे नेतृत्व की तलाश में हैं जो नगर पंचायत को नई दिशा दे सके। साथ ही, कोपरा की प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित कर विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में सक्षम हो।

### राजनीतिक दलों के लिए चुनौती

कोपरा की राजनीति हमेशा से गरियाबंद जिले में महत्वपूर्ण रही है। यहां के चुनावी नतीजे बड़े स्तर पर असर डालते हैं। राजनीतिक दलों के लिए यह चुनौती होगी कि वे जनता के विश्वास को जीतने के लिए सही उम्मीदवार को मैदान में उतारें।

### चुनाव की तैयारी और आचार संहिता

त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव एक साथ कराए जाने की योजना के बीच, इस माह के अंत तक आचार संहिता लागू होने की संभावना है। इससे चुनावी गतिविधियां और तेज होंगी।

### टिकट नहीं मिलने पर बागी बदल सकते हैं समीकरण

दोनों प्रमुख दलोंकृबीजेपी और कांग्रेसकृके टिकट दावेदारों की लंबी सूची को देखते हुए यह तय है कि सभी को संतुष्ट करना संभव नहीं होगा। पार्टी से टिकट नहीं मिलने की स्थिति में कई नेता निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला कर सकते हैं। इससे राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं और मुख्य दलों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब सवाल यह है कि कोपरा का पहला अध्यक्ष कौन होगा? नए चेहरे को मौका मिलेगा या पुराने नामों की राजनीति फिर से चलेगी? जनता की पसंद जल्द ही साफहो जाएगी।

# अडाणी फाउंडेशन का युवाओं को सरकारी व स्पर्धात्मक परीक्षा के मार्गदर्शन के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत

■ **युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए तैयार करेगा यह विशेष प्रशिक्षण**

**रायगढ़/नवप्रदेश।** शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी अदाणी फाउंडेशन ने जिले के तमनार प्रखंड के कुंजेमुरा गांव स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बेल्ट फोर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एसएससी, बैंकिंग, पटवारी, अग्निवीर जैसी सरकारी नौकरियों के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करना है। बुधवार को आयोजित इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लैलूंगा की विधायक श्रीमती विद्यावति कुंजबिहारी सिदार, नायब तहसीलदार सुश्री रश्मि पटेल, और अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज तमनार के क्लस्टर हेड श्री मुकेश कुमार तथा श्री

बिपिन सिंह उपस्थित रहे।

लैलूंगा विधायक श्रीमती सिदार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ÷हमारे क्षेत्र में आदिवासी युवाओं को सरकारी नौकरीयों की पढ़ाई के लिए अब बाहर नहीं जाना होगा। अदाणी फाउंडेशन की कोशिशों से यह सुविधा अब यहीं उपलब्ध होने लगी है। इसके लिए मैं कंपनी के अधिकारियों को धन्यवाद देती हूँ।÷ कार्यक्रम में 60 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के साथ स्टडी किट (पुस्तकें, ट्रैक सूट और टी-शर्ट) प्रदान की गई। यह पहल छात्रों को थ्योरी और फिजिकल ट्रेनिंग दोनों में दक्ष बनाने के लिए डाइट फाउंडेशन के सहयोग से चलाई जा रही है। इस मौके पर अदाणी ग्रुप के क्लस्टर हेड श्री मुकेश कुमार ने कहा, ÷यह पहल युवाओं की क्षमताओं को बढ़ाने और उन्हें सरकारी नौकरियों में सफलता हासिल करने में मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य उन्हें हरसंभव समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सरपंच, उपसरपंच और अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने अदाणी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और इसे क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर बताया।

बेल्ट फोर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम अदाणी फाउंडेशन के शिक्षा और सामुदायिक विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह कार्यक्रम झारखंड सहित अन्य राज्यों में भी संचालित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों में सफलता के लिए तैयार किया जा सके।

# आज के दिन की घटना के बाद भी संविधान का गला घोटा : श्रीवास्तव

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि आज जो कांग्रेसी संविधान बचाने के नाम पर देशभर में शोर मचाते घूम रहे हैं, उनके राजनीतिक चरित्र का सच यह है कि उन्होंने संविधान को हर मौकों पर ताक पर रखा और महज राजनीतिक विरोध के चलते भाजपा और दीगर गैर-कांग्रेसी सरकारों को मनमाने ढंग से बर्खास्त करने में कोई हिचक नहीं दिखाई। श्री श्रीवास्तव ने 06 दिसंबर, 1992 को देश के संविधान और लोकतंत्र को लहूलुहान करने के लिए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने शुक्रवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत प्रेस ब्रीफ में कहा कि आज जिस निर्लज्जता के साथ कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की दुहाई दे रही है, उस कांग्रेस ने एक तो संवैधानिक ढाँचे को तहस-नहस करते हुए साम्प्रदायिक तुष्टीकरण की सबसे गंदी मिसाल पेश की, दूसरे लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा की चार राज्य सरकारों को रातो-रात बर्खास्त करके लोकतंत्र की खुलेआमहत्या तक की थी जिसे बाद में जबलपुर हाई कोर्ट ने अवैध ठहराया था। हालांकि निर्णय आते तक विधानसभा का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि इससे भी अधिक शर्मनाक तो यह है कि बाबरी ढाँचा ढहने के अगले दिन 07 दिसम्बर, 1992 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने संसद में कहा था कि 'मस्जिद को गिराना बर्बर कार्य था, हमारी सरकार इसका पुनर्निर्माण करवाएगी।' यह संविधान की भावनाओं के एकदम विपरीत था।


केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 30.12.2024

**स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उनके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 30.12.2024 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

**ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 29.12.2024 एवं ई-नीलामी की तिथि: 30.12.2024**

| ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक<br>कब्जा सूचना दिनांक<br>बकाया राशि | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बिड बढ़ाने की राशि | शाखा प्रबंधक का नाम<br>खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|
| मेसर्स वाहेगुरु इण्डस्ट्रीज, प्रोप. श्री भूपाल छाबड़िया पिता स्व. गुरुलाल छाबड़िया एवं श्रीमती अनिता छाबड़िया पति- श्री महेश छाबड़िया। | स्वामित्व- श्री भूपाल छाबड़िया एवं श्रीमती अनिता छाबड़िया, खसरा नंबर 13(1) एवं 13(2), प.ह.नं. 29, सतनाम मंदिर के पास, ग्राम- सोनबरसा, आरएनएम- जरौद, तहसील- सिमगा, जिला- बलौदा बाजार, भाटापारा (छ.ग.), क्षेत्रफल- 21,520.00 वर्गफीट में स्थित भूमि एवं फैक्ट्री भवन। चौहद्दी: उत्तर- गेंदराम की भूमि, दक्षिण- कच्ची सड़क, पूर्व- संतोष कुमार की भूमि, पश्चिम- अनिता की भूमि। | 18.07.2019<br>05.10.2019<br>₹ 1,00,17,160.28<br>03.09.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 20,00,000/-<br>₹ 2,00,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Vinkit Sharat (Mo. 9425505143) Bhatapara Branch 209272434 CNRB0005143 Email: cb5143@canarabank.com |
| श्रीमती संध्या बेदलाल साव | खसरा नं. 47/5, क्षेत्रफल- 0.05 हेक्टर में स्थित भूमि व भवन का ईएमटी, ग्राम- मीधानुपाली, पहरापाली, पोस्ट ऑफिस- तोषगांव, तहसील- सरईपाली, जिला-महासमुंद, छत्तीसगढ़- 493558। चौहद्दी- उत्तर- विरासत की भूमि, दक्षिण- शोभाराम की भूमि, पूर्व- बेदलाल की भूमि, पश्चिम- सड़क। | 19.11.2019<br>22.10.2020<br>₹ 42,76,193.74<br>03.09.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 10,67,000/-<br>₹ 1,06,700/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Prakash Ranjan (Mo. 9425505423) Saraipali Branch A/c No.- 209272434 IFSC Code :- CNRB0005423 cb5423@canarabank.com |
| श्रीमती कांता देवी शर्मा पति- हनुमान प्रसाद शर्मा एवं जमानतदार- श्री हनुमान प्रसाद शर्मा पिता- राम गोपालजी शर्मा | स्वामित्व- श्रीमती कांता देवी शर्मा पति- हनुमान प्रसाद शर्मा, खसरा नं. 7/3, प.ह.नं. 04, तहसील ऑफिस रोड, वार्ड नं. 21, गुप्ता कॉम्प्लेक्स के बाजू में नगर पालिका परिषद चांपा, ब्लॉक- बम्हनीडीह, आर.एन.एम. एवं तहसील- चांपा एवं जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.), क्षेत्रफल-0.03 एकड़ या 0.012 हेक्टेयर में स्थित भूमि एवं भवन का ईएमटी। चौहद्दी: उत्तर- मातु यादव की भूमि, दक्षिण- राजा गुप्ता की भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- राजा गुप्ता की भूमि | 31.05.2023<br>05.09.2023<br>₹ 11,60,378.99<br>03.09.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 45,00,000/-<br>₹ 4,50,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Ujjwal Prakash Dewangan (Mo. 9518009443) Champa Branch A/c No:- 209272434 IFSC Code :- CNRB0004306 cb4306@canarabank.com |
| 1. श्रीमती के. जानकी राव पति- के. लक्ष्मण राव रेलवे, कालोनी, स्टेशन पारा, वार्ड नं. 8, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441, 2. श्री के. लक्ष्मण राव पिता- के. भीमा राव, कालोनी, स्टेशन पारा, वार्ड नं. 8, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 | खसरा नं. 496/16(क), 496/37, 496/94, सुषमा अपार्टमेंट, ब्लॉक-बी, फ्लैट नं. ए/2, प्रथम तल, कौरीनभाठा, प.ह.नं. 44, वार्ड नं. 44, कौरीनभाठा, क्षेत्रफल- 812 वर्गफिटमें स्थित आवासीय फ्लैट। संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता का मकान, उत्तर- सड़क, दक्षिण- विक्रेता का मकान। | 07.04.2021<br>10.12.2021<br>₹ 35,15,476.27<br>03.09.20244 पर भविष्य का ब्याज और लागत, खर्चे आदि | ₹ 16,30,000/-<br>₹ 1,63,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Rajeev Ranjan (Mo. 9425502146) Rajnandgaon Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005146 Email: cb5146@canarabank.com |
| 1. श्रीमती संजू सिंह राजपूत पति- राकेश सिंह राजपूत, मकान नं. 175/1, वार्ड नं. 15, लेबर कालोनी, राजनांदगांव-491441 (छ.ग.) 2. राकेश सिंह राजपूत पिता- महेश्वर सिंह राजपूत, मकान नं. 175/1, वार्ड नं. 15, लेबर कालोनी, राजनांदगांव-491441 (छ.ग.) | स्वामित्व- श्रीमती संजू सिंह पत्नी श्री राकेश सिंह, खसरा नं. 496/10(क), 496/37, 496/94, सुषमा अपार्टमेंट, ब्लॉक-बी, फ्लैट नं. बी/3, द्वितीय तल, कौरीनभाठा, प.ह.नं. 55, वार्ड नं. 55, कौरीनभाठा, क्षेत्रफल- 612 वर्गफिट में स्थित आवासीय फ्लैट। चौहद्दी: उत्तर- खुला असमान, दक्षिण- सुषमा की संपत्ति, पूर्व- फ्लैट नं. ए/3, पश्चिम- खुला असमान। | 12.05.2021<br>23.09.2021<br>₹ 27,15,245.42<br>03.09.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत, खर्चे आदि | ₹ 15,65,000/-<br>₹ 1,56,500/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Rajeev Ranjan (Mo. 9425502146) Rajnandgaon Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005146 Email: cb5146@canarabank.com |
| 1. श्री राजकुमार वर्मा (ऋणी), पिता- गंगा राम लोधी, 36, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) 2. श्रीमती त्रिवेणी बाई पति- राजकुमार लोधी, 22, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.), 3. श्री कुलेश्वर वर्मा पिता- गोविंद राम वर्मा, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) | खसरा नं. 559/4, ग्राम- बोटेपार, प.ह.नं. 06, आर.आई. सर्कल- घुमका, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) क्षेत्रफल- 0.06A (0.024 हे./2610 वर्गफीट) में स्थित आवासीय मकान। चौहद्दी: उत्तर- सड़क, दक्षिण- गोविंद की भूमि, पूर्व- गंगाराम की भूमि, पश्चिम- निर्मल की भूमि. | 28.04.2023<br>23.08.2023<br>₹ 3,02,764.05<br>03.09.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत, खर्चे आदि | ₹ 10,15,000/-<br>₹ 1,01,500/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Yogesh Ranga (Mo. 8461998989) Patewa Branch Rajnandgaon A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0015265 Email: cb15265@canarabank.com |
| श्रीमती रजिनी मानिकपुरी पति- रोमन दास मानिकपुरी | खसरा नं. 66/1 व 66/2, प.ह.नं. 01, वार्ड नं. 1, सरदार पटेल वार्ड, रामा वेली कालोनी, बिलासपुर, रायपुर रोड, आशीर्वाद वेली के सामने, मौजा- बोदरी, आरएनएम- बिल्हा, तहसील- बिल्हा, जिला- बिलासपुर छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 139.00 वर्गफिट (12.918 वर्ग मीटर) कार्यालय नं. 0-17, रामा सिटी सेंटर, प्रथम तल में स्थित दुकान का ईएमटी। चौहद्दी: उत्तर- गलियारा, दक्षिण- गलियारा, पूर्व- कार्यालय नं. 0-18, पश्चिम- गलियारा. | 08.07.2022<br>18.10.2022<br>₹ 48,15,700.52<br>10.10.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 4,68,000/-<br>₹ 46,800/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Vikash Singh (Mo. 6800140772) Vyapar Vihar Branch 209272434 CNRB0005979 cb5979@canarabank.com |
| मेसर्स रंजीत ऑटोमोबाइल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोप.- श्री रंजीत कुजूर पिता- सुखु कुजूर (ऋणी) एवं श्रीमती असिंता कुजूर पति- रंजीत कुजूर (जमानतदार)। | स्वामित्व- श्रीमती असिंता कुजूर पत्नी श्री रंजीत कुजूर, खसरा नंबर 202/6 (क्षेत्रफल 0.013 हेक्टेयर) और 213/12 (क्षेत्रफल- 0.086 हेक्टेयर) मोहल्ला-गणपुर खुर्द, कन्या परिसर रोड के पास, तहसील- अंबिकापुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि एवं दुकान स्टोरी बिल्डिंग का ईएमटी। क्षेत्रफल- 10.010 हेक्टेयर + 0.086 हेक्टेयर = 0.096 हेक्टेयर) चौहद्दी: उत्तर- खसरा नं. 213/2 व 202/3, पूर्व- खसरा नं. 213/1 व 202/1, दक्षिण- सड़क, पश्चिम- विक्रेता का प्लॉट। | 24.04.2023<br>10.07.2023<br>₹ 80,32,807.09<br>10.10.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 99,00,000/-<br>₹ 9,90,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Sourabh Mohan Gupta (Mo. 9425504309) Ambikapur Branch 209272434 CNRB0004309 Email: cb4309@canarabank.com |
| श्री मोहित कुमार पुत्र- श्री ओमप्रकाश एवं श्री रिंकी देवी पत्नी- श्री मोहित कुमार | पुराना क्रम सं. 1240/1, 1240/2, नया नंबर 1240/12 का भाग बलौदा बाजार प.ह.नं.- 15, आर.आई.सी. एवं तह. बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार - भाटापारा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल का विवरण क्षेत्रफल- 0.012 हेक्टेयर या 122 वर्ग मीटर में स्थित भूमि एवं भवन का ईएमटी। चौहद्दी: उत्तर- पटेल का मकान, दक्षिण- सड़क, पूर्व- बंजारे का मकान, पश्चिम- सड़क। | 02.04.2024<br>28.06.2024<br>₹ 55,16,193.87<br>03.09.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 28,35,000/-<br>₹ 2,83,500/-<br>₹ 10,000/- | Moka Shahbaz Hussain (Mo. 9516009437) Baloda Bazar Branch 209272434 CNRB0005147 Email: cb5147@canarabank.com |
| मेसर्स साई ट्रेडर्स, प्रोप. श्री निर्भय नायक, पिता- राजगुलापी नायक | स्वामित्व- श्री दैवानंद नायक पिता- राजगुलापी नायक, शॉप नं. 81, खसरा नं. 613/44, ग्राम- बलम, आरआईसी- पटेवा, तहसील व जिला- महासमुंद, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 165.00 वर्गफीट में स्थित वाणिज्यिक भवन व भूमि। चौहद्दी: उत्तर- रोहित पटेल का शॉप नं. 80, दक्षिण- सुरेश देवांगन का शॉप नं. 82, पूर्व- खाली भूमि, पश्चिम- सड़क. | 29.03.2022<br>23.06.2022<br>₹ 19,12,980.47<br>03.04.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 8,32,000/-<br>₹ 83,200/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Vaibhav Khare (9425502262) Mahasamund Branch 209272434 CNRB0005262 cb5262@canarabank.com |
| मेसर्स बत्रा प्रेस इलेक्ट्रिकल्स, प्रोपराईटर- श्री सैयद हुसैन सहजादा, पुत्र- इसर कादर एवं जमानतदार- श्रीमती नुसरत जबीन पत्नी- सैयद हुसैन सहजादा | स्वामित्व- श्रीमती नुसरत जबीन पत्नी- सैयद हुसैन सहजादा, प्लॉट/खाता नं. 333/11, नमन विहार के बाजू में, वार्ड नं. 12, तहसील व जिला- कोरबा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 2500 वर्गफिट। चौहद्दी: उत्तर- सड़क, दक्षिण- नमन विहार (कम्पाउंड दीवार), पूर्व- देव की भूमि, पश्चिम- दिनेश पटेल की भूमि। | 27.10.2021<br>28.12.2021<br>₹ 54,25,129.34<br>03.09.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत, खर्चे आदि | ₹ 33,30,000/-<br>₹ 3,33,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Neeraj Kumar Chaurasia (Mo. 9036459722) Korba Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002490 Email: cb2490@canarabank.com |
| मेसर्स श्री एसोसिएट्स, प्रोप.- श्री फणेन्द्र मिश्रा पुत्र- एम.सी. मिश्रा (ऋणी) एवं श्रीमती ज्योति मिश्रा पत्नी- फणेन्द्र मिश्रा (बंधककर्ता) | 1. मालिक- श्री फणेन्द्र मिश्रा पुत्र- श्री एमसी मिश्रा, खसरा नं. 1081 एवं 1082, प.ह.नं. 25/47, मौजा- पेंड्री, आर.आई. सर्किल - सकरी, ब्लॉक- तखतपुर, ग्राम पंचायत पेंड्री, तहसील- तखतपुर, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 8284 वर्गफीट में स्थित भूमि का ईएमटी। संपत्ति की चौहद्दी: उत्तर- नानक का प्लॉट, दक्षिण- रामप्रसाद का प्लॉट, पूर्व- सड़क, पश्चिम- देवी प्रसाद का प्लॉट। 2. मालिक- श्रीमती ज्योति मिश्रा पत्नी फणेन्द्र मिश्रा, खसरा नं. 395/1 एवं 396/2 प्लॉट नंबर 379, प्रथम तल, इंदावन परिसर, तेली पारा रोड, प.ह.नं. 22/29, शीट नंबर 02, ब्लॉक नंबर 06, वार्ड नंबर 28, मौजा - जूना बिलासपुर, शिवाजी नगर वार्ड, तहसील- बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल- 448 वर्ग फीट में स्थित दुकान नं. ए/ 305 का ईएमटी। संपत्ति की चौहद्दी: उत्तर- दुकान नं. 306, दक्षिण- दुकान नं. 304, पूर्व- निस्तारी रोड, पश्चिम- फणेन्द्र मिश्रा का प्लॉट। | 21.06.2024<br>27.08.2024<br>₹ 1,57,65,462.72<br>16.09.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | Property -1: ₹ 47,55,000/-<br>₹ 4,75,500/-<br>₹ 10,000/-<br>Property -2: ₹ 43,45,000/-<br>₹ 4,34,500/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Sanjay Kumar Kerketta (Mo. 9937136359) Bilaspur Main Branch 209272046 CNRB0000191 Email: cb0191@canarabank.com |
| मेसर्स लालचंदानी केमिकल्स, मालिक श्री संजय लालचंदानी. | शीर्षक धारक का नाम (लीज की गई संपत्ति- पट्टेदार का नाम): मेसर्स लालचंदानी केमिकल्स, मालिक श्री संजय लालचंदानी पुत्र श्री वीरदेव लाल लालचंदानी के माध्यम से ख. नं. 13 व 42 का भाग, मौजा- सिलपहरी, सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र, ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर 10, तहसील- बिल्हा एवं जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 21528 वर्ग फीट /0.49 एकड़ में स्थित भूमि एवं भवन (लीज की गई संपत्ति) का ईएमटी। चौहद्दी: उत्तर- प्लॉट नंबर 43 ए. बी एवं सी, दक्षिण- 24 मीटर चौड़ी सड़क, पूर्व- प्लॉट नं. 11, पश्चिम- प्लॉट नं. 9. | 24.06.2024<br>17.09.2024<br>₹ 26,77,528.85<br>26.09.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 55,00,000/-<br>₹ 5,50,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Vikas Singh (Mo. 8800140772) Bilaspur Vyapar Vihar Branch 209272434 CNRB0005979 Email: cb5979@canarabank.com |
| श्रीमती सुशीला स्वर्णकार पत्नी श्री रामकुमार स्वर्णकार, वार्ड नं. 6, बी., डी महंत उपनगर, म.न. 210, नैला, जांजगीर, छत्तीसगढ़ श्री राम कुमार स्वर्णकार, वार्ड नं. 6, बी.डी. महंत उपनगर, म.नं. 210, नैला, जांजगीर, छत्तीसगढ़ | खसरा नं. 3750/2, प.ह.नं. 41, आरएनएम- बी.डी. उप नगर, जांजगीर, जिला- जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ़-495668, क्षेत्रफल- 3050 वर्गफीट में स्थित भूमि एवं भवन। चौहद्दी: उत्तर- रामनरेश का मकान, दक्षिण- दयाराम का मकान, पूर्व- सड़क, पश्चिम- सड़क। | 30.07.2024<br>04.10.2024<br>₹ 2,34,532.99<br>06.12.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 40,89,000/-<br>₹ 4,08,900/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Santosh Kumar (Mo. 9516000455) Bilaspur Rajkishor Nagar Branch 209272434 CNRB0005648 Email: cb5648@canarabank.com |
| मेसर्स मनीष तिवारी पुत्र रामअवतार तिवारी, 331/क बाबा राम देव वार्ड, धरमार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़ श्री राम अवतार तिवारी पुत्र रामपाल तिवारी, 331/क बाबा राम देव वार्ड धरमार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़ | स्वामित्व- श्री राम अवतार तिवारी पुत्र- श्री रामपाल तिवारी, खसरा नं. 194/1, कुल खसरा नं. 01, क्षेत्र का भाग 1.13 एकड़, मकान नं. 34, ग्राम- सिंघौरी, पीसी नं. 28, आरआई एवं तहसील- बेमेतरा, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 560 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन। चौहद्दी: उत्तर- सड़क, दक्षिण- निजी भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- मकान नं. 33. | 29.07.2024<br>08.10.2024<br>₹ 9,42,247.64<br>06.12.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 5,60,000/-<br>₹ 56,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Mithilesh Kumar Pandey (Mo. 9425522204) Bemetara Branch 209272434 CNRB0005204 Email: cb5204@canarabank.com |
| मेसर्स चौहान पोल्ट्री फार्म, प्रोप. श्रीमती संतोषी चौहान पत्नी- श्री कैलाश चौहान, ग्राम- मधानीकला, पोस्ट- मरका, कवर्धा छत्तीसगढ़-493332 | स्वामित्व- श्री कैलाश चौहान पुत्र- श्री अंजोर चौहान, खाता नं. 138/2, प.ह.नं. 39, ग्राम- मधानीकला, सर्कल- मरका, तहसील- कवर्धा, जिला-कबीरधाम, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 0.081 हेक्टेयर में स्थित भूमि एवं भवन। संपत्ति की चौहद्दी: उत्तर- सड़क, दक्षिण- अंजोर की संपत्ति, पूर्व- सड़क, पश्चिम- सड़क। | 12.06.2024<br>02.09.2024<br>₹ 1,69,1427.82<br>06.12.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 2,30,000/-<br>₹ 23,000/-<br>₹ 10,000/- | Mr. Navneet Dubey (Mo. 7795753688) Kawardha Branch 209272434 CNRB0005258 Email: cb5258@canarabank.com |

**ई-नीलामी की शर्तें-** (1) ई-नीलामी "जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जावेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 29.12.2024 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खाते में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No: 8291220220, Help Line E-mail ID :- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल www.bankeauctions.com में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को दिनांक 29.12.2024 को सायं 3.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। अ. ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। ब. पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। स. इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। द. इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित सम्यावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्चे/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@cssl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No: 8291220220, Help Line E-mail ID :- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचें। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सके। (नोट: नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तो के तहत होगी।)

*विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 08.12.2024 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।*

दिनांक : 07.12.2024 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## न्यूज गैलरी

### गांजा तस्कर को 15 साल का कारावास

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** मादक पदार्थ गांजा एवं प्रतिबंधित कफ सिरप के आरोपी विशाल उर्फ पांड़े खटिक को 15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना के स्वतंत्र गवाहों के मुकरने के बाद भी पुलिस कर्मचारियों के बयान पर न्यायालय ने आरोपी को दंडित किया । थाना सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्व अप.क्र. 546/2023 धारा 20-बी, 21, 22 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार विशाल उर्फ पांड़े आ. भोंदू खटिक, उम्र 25 साल साकिन खटिक मोहल्ला टिकरापारा, मामा भांजा तालाब के पास प्लास्टिक थैला में गांजा 01 किलो 150 ग्राम एवं नशीला मादक पदार्थ प्रतिबंधित कफ सिरप 21 नग कुल 2100 एम.एल. को विक्रय करने की मुखबिर सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में विधिवत कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नशीला प्रतिबंधित कफ सिरप 21 नग कुल 2100 एम.एल. एवं 850 रूपये बिक्री रकम जप्तकर विवेचना पूर्ण होने के उपरांत मामले में चालान मा. न्यायालय में पेश किया गया था । प्रकरण के स्वतंत्र गवाहों के द्वारा अभियोजन का समर्थन नहीं किया गया किन्तु मामले में विवेचना अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के कथनों के आधार पर मा. विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस. एक्ट न्यायालय बिलासपुर के द्वारा दिनांक 30.11.2024 को प्रकरण के आरोपी को धारा 21 एन.डी.पी.एस. एक्ट में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपये का अर्थदंड एवं धारा 20 बी एन.डी.पी.एस. एक्ट में 5 वर्ष का कारावास एवं 50 हजार रूपये के अर्थदंड के दंड से दंडित किया गया है, अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 06 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया गया है । उक्त प्रकरण की विवेचना उनि बसंत साहू के द्वारा किया गया है एवं मामले में अन्य हमराह स्टाफ का विशेष योगदान रहा है ।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 9 से

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों पर भरती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वार्ड क्रमांक 66 पंडित शिव दुलारे मिश्रा नगर में आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्त होनी है।

---

### कलेक्टर की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक में डीएमएफ के नए नियमों पर विचार-विमर्श

# अब खदान के 15 किमी का दायरा प्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र और 25 किमी अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र

■ **बैठक में केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू हुए शामिल**

***बिलासपुर/नवप्रदेश।*** *कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में डीएमएफ शासी निकाय की चौदहवीं बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें डीएमएफ के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी नये मार्गदर्शिका की जानकारी दी गई और इस पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, धरम जीत सिंह, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, सुशांत शुक्ला भी बैठक में शामिल हुए।*

कलेक्टर अवनीश शरण ने बैठक में नियमों के बदले प्रावधानों से सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब खदान के 15 किलोमीटर दायरे को प्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र और 25 किलोमीटर इलाके को अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र माना जाएगा। हमारे जिले की सीमा जो पड़ोसी जिले की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रभावित जोन में आता हो, तो उसका सर्वे कर संबंधित जिलों को रिपोर्ट दिया जाएगा। संबंधित जिले द्वारा उन क्षेत्रों के विकास के लिए राशि आवंटित की जाएगी। नए नियमों में प्राथमिकता क्षेत्र में विकास के लिए राशि का आवंटन 60 से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण आदि प्राथमिकता सेक्टर में शामिल हैं। न्य प्राथमिकता सेक्टर में राशि 40 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत किया गया है। बिलासपुर जिले की डीएमएफ फंड में कोरबा जिले का बड़ा अंशदान होता था। नए नियमों के तहत अब इसकी संभावना बहुत कम हो जायेगी। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बैठक के अंत में आभार व्यक्त किया।बैठक में निगम आयुक्त अमितकुमार, संयुक्त कलेक्टर और डीएमएफ प्रभारी मनीष साहू सहित डीएमएफ शासी समिति के अन्य सदस्य और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पीएम आवास योजना के तहत रेत का मामला गरमाया

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रेत का मामला भी बैठक में उठा। कलेक्टर ने कहा कि इस पर रोक नहीं है, लेकिन संबंधित के पास पीएम आवास निर्माण किए जाने का सरपंच अथवा जनपद पंचायत का प्रमाण पत्र होना चाहिए ताकि उनकी पहचान हो सके। उन्हें रात में ढुलाई करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। श्री शरण ने डीएमएफ मद से पूर्व में स्वीकृत कार्यों के निर्माण में तेजी लेकर अगले 15 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिए ताकि नए पंचायत चुनाव के बाद किसी तरह की परेशानी अथवा हिसाब में गड़बड़ी की नौबत ना आए। गौरतलब है कि जनवरी 2024 में आयोजित शासी निकाय की बैठक में 62 करोड़ के 183 विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया था। इनमें से 41 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति दी गई और 20 करोड़ के कार्यों के लिए राशि जारी की गई।

---

### जातिसूचक गालियों के मामले को लेकर गरमाई सियासत

# डॉक्टर से मारपीट को लेकर सरकार और आईएमए आमने-सामने

**आरोपी विशेषर पटेल को बचाने में जुटी सरकार, आईएमए ने जताया विरोध**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल के खिलाफ डॉक्टर से मारपीट और जातिसूचक गालियों के गंभीर मामले में सरकार की एफआईआर वापस लेने की प्रक्रिया ने विवाद खड़ा कर दिया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस कार्रवाई को डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान पर हमला करार दिया है और शासन के कदम का कड़ा विरोध जताया है।

**गंभीर आरोप और राजनीतिक बचाव की कोशिश**

डॉ. सूर्यकांत भारती ने 2020 में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि विशेषर पटेल और उनके समर्थकों ने अस्पताल परिसर में उनके साथ मारपीट की, गालियां दीं, और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें अपमानित किया। यह मामला कबीरधाम के सत्र न्यायालय में दर्ज है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 323, 506, एट्रोसिटी एक्ट की धारा 3(1)(10) और छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिनियम 2010 की धारा 4-5 शामिल हैं। अब, शासन ने इस मामले को राजनीतिक दबाव में वापस लेने की सिफारिश की है, जिससे चिकित्सा समुदाय में रोष फैल गया है। आईएमए का कहना है कि यह न्याय की प्रक्रिया में हस्तक्षेप है और डॉक्टरों के अधिकारों का हनन है।

**अध्यक्ष बनने के बाद बढ़ा विवाद**

विशेषर पटेल को हाल ही में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद, उनके खिलाफ दर्ज मामले को राजनीतिक बदले की साजिश बताकर वापस लेने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, ढ्ढरूऔर पीड़ित डॉक्टर इसे कानून और न्याय के खिलाफ बताते हुए इसका विरोध कर रहे हैं।

**आईएमए की अपील और सरकार से सवाल**

आईएमए ने शासन से मांग की है कि मामले को न्यायालय में चलने दिया जाए और किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि यह डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान का मामला है और इसे वापस लेने का मतलब चिकित्सा क्षेत्र को कमजोर करना है।

### नटराज आश्रम में मनाया गया राम जानकी विवाह

**पेण्ड्रा/नवप्रदेश।** बस्ती बगरा जिला अंतर्गत स्थित पतंजलि आश्रम नटराज मंदिर बस्ती में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जानकी विवाह महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले के गौरेला ब्लाक की दूरस्थ क्षेत्र बस्ती बगरा जहां नटराज आश्रम में विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर राम जानकी विवाह का आयोजन किया गया जिसमें सदगुरु स्वामी सदानंद महाराज के प्रिय शिष्य शिवानंद महाराज का मंगलमय पदार्पण हुआ, जहां स्वामी जी के स्वागत में क्षेत्रीयों के द्वारा हरी कीर्तन एवं गौरा गौरी नृत्य से किया गया । साथ ही शिवानंद महराज के सानिध्य में पूजा पाठ एवं सत्यनारायण कथा का विधिवत् मंत्रो के साथ प्रभु राम और माता सीता का विवाह संपन्न किया गया। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया यह आश्रम अति ही स्मरणीय एवम महापुरुषों की तपो भूमि है तो वही स्वामी जी अपने उदबोधन में सभी श्रद्धालु भक्तो को संदेश दिए की मानव शरीर बहुत ही दुर्लभ है केवल भगवान की भक्ति के लिऐ यह शरीर मिला है इसे व्यर्थ न जाने दे। कार्यक्रम पश्चात श्रद्धालु भक्तों ने आश्रम परिसर में बैठ कर प्रसाद ग्रहण किये,साथ ही संगीत के साधकों ने भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध किए । इस कार्यक्रम में नटराज आश्रम समिति बस्ती व सेवा समिति एवं बेलगहना आश्रम से जुड़े सभी आश्रमों के सदस्य एवं भक्त और आसपास के ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

---

# मुंगेली के नवरंगपुर में नया 33/11 केव्ही उपकेन्द्र ऊर्जीकृत

■ **उपकेन्द्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के 6 हजार उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा: अम्बस्ट**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवीन उपकेन्द्रो का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभागीय मुंगेली संभाग के नवरंगपुर में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 2 करोड़ 34 लाख की लागत से नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिसका लोकार्पण उप मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उपकेन्द्र के प्रारंभ होने से विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में वृद्धि होगी तथा उनसे प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जा सकेगा। विद्युत कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधाओं में सतत् विस्तार करते हुये विभिन्न कार्य स्वीकृत किये गये हैं। इस उपकेन्द्र से 22 गांवों के उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। बिलासपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ए.के.अम्बस्ट ने बताया कि उपकेन्द्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लगभग 6 हजार उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस अवसर बिलासपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े कार्यपालन अभियंताद्वय अंशु वार्ष्णेय, यू.के. सोनवानी सहायक अभियंता सौरभ विश्वकर्मा एवं सम्माननीय उपभोक्तागण तथा परियोजना, मेंटेनेंस व एस.टी.एम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** मस्तूरी विकास खंड के बहतरा के जनपद प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक शशि भूषण मरावी का तीन दिन पहले शराब के नशे में स्कूल आने का वीडियो वायरल हुआ था। जांच के बाद शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय जनपद प्राथमिक शाला के ग्राम में पढ़ाने वाले सहायक शिक्षक शशि भूषण मरावी के खिलाफ शराब पीकर आने की लगातार शिकायत मिल रही थी। लेकिन बीईओ कार्यालय से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। तीन दिन पहले फिर शराब पीकर स्कूल पहुंचा। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ।

**बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने जिला खनिज संस्थान न्याय निधि की बैठक में सम्मिलित होकर क्षेत्र के विकास के विषय में विभिन्न मुद्दों पर अपना पक्ष रखा। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची एवं क्षेत्र के गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।**

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सौर ऊर्जा उत्पादन का विस्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों में वर्ष 2010-11 से हरित विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिए कार्यालय एवं स्टेशन भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा हैं।

**सौर ऊर्जा संयंत्रों की विशेषताएं**

सौर ऊर्जा संयंत्र तत्काल उपयोग के लिए ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं, इसे बैटरी में संग्रहीत किया जा सकता है, या अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रिड में वापस भेजा जा सकता है। सोलर पैनल फोटोवोल्टिक प्रभाव का

उपयोग करके प्रकाश को विद्युत धारा में परिवर्तित करते हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सौर ऊर्जा उत्पादन का विकासक्रम**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 2010-11 में केवल 5 किलोवाट के संयंत्र से शुरुआत की थी। वर्तमान में अब तक, 5451 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र कार्यालय एवं स्टेशन भवनों की छतों पर स्थापित किए जा चुके हैं। ये संयंत्र प्रतिमाह लगभग 3.8 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे ?10.1 लाख की बचत हो रही है। इसके अलावा, हर महीने 315.2 टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आई है। सौर पैनलों के कुशल प्रदर्शन के लिए नियमित सफाई आवश्यक है। इस उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ज़ोन ने यंत्रीकृत सफाई प्रणाली विकसित की है।

**भविष्य की योजनाए**

स्थापना कार्य स्वीकृत- बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों में 7776 किलोवाट सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए ?34.6 करोड़ की लागत से कार्य स्वीकृत किया गया है। 139 कार्यालय भवनों की छत पर। 2280 आवासीय क्वार्टरों की छत पर। 175 प्लेटफॉर्म शेल्टर/स्टेशन भवनों पर। प्रतिमाह लगभग 5.4 लाख यूनिट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन। 14.40 लाख की बचत। 449.5 टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का उद्देश्य अधिक से अधिक उपलब्ध स्थानो का उपयोग कर सौर ऊर्जा का उत्पादन को बढ़ावा देकर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना है ।

---

**स्कूल शिक्षा** | **जिले के स्कूलों में अब तक 1492 न्योता भोज आयोजित**

# सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने का अनूठा रास्ता है न्योता भोज

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** न्योता भोज हमारे प्रदेश में कोई नया कांसेप्ट नहीं है, बल्कि ये हमारी ग्रामीण संस्कृति का हिस्सा है। गांव-घर में अपनी खुशियों को आस-पड़ोस के लोगों के साथ बांटने के लिए न्योता भोज किए जाते रहे हैं और अब भी होते हैं, जहां खुशियों का आनंद स्वाद के साथ लिया जाता है। इसी ग्रामीण संस्कृति की परंपरा को प्रदेश के सरल, सौम्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्कूलों में बच्चों के पोषण और स्वाद से जोड़ा है। न्योता भोज सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने का जरिया है और इसी कांसेप्ट को मुख्यमंत्री की अभिनव पहल पर स्कूलों में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक पोषक बनाने की पहल की गई है। इसी कड़ी में जब फरवरी माह में अपने 60वें जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय जशपुर के बगिया बालक आश्रम शाला के बच्चों के बीच पहुंचे, उन्होंने न्योता भोज में बैठकर बच्चों के साथ भोजन का आनंद लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपील की थी कि अपने जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे खास मौके पर अपने पास के स्कूल, आश्रम, छात्रावास में जाकर बच्चों के साथ न्योता

भोज में शामिल हों। इससे समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास होगा और साथ ही भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री श्री साय की इसी अपील पर अमल करते हुए सरगुजा जिले के स्कूलों में समय-समय न्योता भोज आयोजित किए गए हैं जिनमें जिले के जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी स्कूली बच्चों के साथ हिस्सा लिया है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 1492 न्योता भोज आयोजित किए गए हैं, जिसमें 55 हजार से ज्यादा बच्चों ने पोषक एवं स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। न्योता भोज में नियमित आहार में बच्चों के स्वादानुसार मिष्ठान, पकवानों को जोड़ा जाता है। इस पहल को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है और जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित आमजन भी इसमें सहभागी बन रहे हैं।

### तीन छात्राएं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए चयनित

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर से तीन छात्राओं कुमारी अनामिका कक्षा 12वीं, कुमारी चन्द्रमुनी बेक कक्षा 8वीं और कुमारी वर्षा सिंह कक्षा 8वीं का चयन 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुआ है। कुमारी अनामिका लुधियाना पंजाब में 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हैण्डबॉल के बालिका वर्ग 19 में चयनित हुई है। इसी तरह कुमारी चन्द्रमुनी बेक का चयन वाराणसी उत्तर प्रदेश में 10 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2024 तक आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालीवॉल के बालिका वर्ग 14 में चयनित हुई है। कुमारी वर्षा सिंह का चयन मंदसौर मध्यप्रदेश में 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हॉकी के बालिका वर्ग 14 में चयनित हुई है। राज्य के विभिन्न कैंपों में ट्रेनिंग उपरांत छात्राएं क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

## न्यूज गैलरी

### नपं रामानुजगंज को नपा गठित करने आपत्ति/सुझाव आमंत्रित

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के अधिसूचना तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 (1) (क) में पदस्थ शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अनुसूची में वर्णित क्षेत्र को नगरपालिका रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज गठित करने का अभिप्राय प्रगट किया गया है। अनुसूची-1 में प्रस्तावित नपा रामानुजगंज की सीमा में सम्मलित किये जाने वाले क्षेत्र का विवरण नगर पंचायत रामानुजगंज, जनसंख्या 25000 तथा अनुसूची-2 में नगर पंचायत रामानुजगंज की सीमाएं ही नगरपालिका रामानुजगंज की सीमा होगी। उक्त संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो स्थानीय प्राधिकारी अथवा व्यक्ति अपना आपत्ति/सुझाव कार्यालय कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज को कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 19 दिसंबर 2024 तक कर सकते हैं।

### अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले में लगातार अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार के नेतृत्व में ग्राम पंचायत तातापानी स्थित धान उपार्जन केन्द्र के साथ में लगी शासकीय भूमि पर से अवैध अतिक्रमण को राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा समिति को कब्जा दिया गया। इसी प्रकार दामोदरपुर में भी किये अवैध अतिक्रमण को संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण मुक्त कर उक्त भूमि पर ग्राम पंचायत को कब्जा दिया गया।

### विद्या विकास कॉन्सेप्ट स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर

**रायगढ़/नवप्रदेश।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में नालसा तथा सालसा के विशेष अभियान के तहत आज रायगढ़ के विद्या विकास कॉन्सेप्ट स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को महिलाओं के प्रति हो रहे जघन्य अपराधों की रोकथाम पर समाज को जागरूक करने की प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी होने से अवगत कराया गया। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाओं को कार्यस्थलों पर महिलाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनों पर जानकारी प्रादान की गई। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य में निवास करने वाले वृद्धजनों के संबंध में संचालित अभियान करूणा के अतिरिक्त अन्य अभियान आसरा, हमर अंगना इत्यादि योजनाओं की जानकारी प्रदान कर निश्‍शुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के संबंध में टोल फ्री नंबर 15100 से भी अवगत कराया गया।

---

पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं उन्मूलन की कार्य योजना बनाने पर्यावरण बोर्ड के निर्देश

# क्लीन एयर प्रोग्राम के मानकों के अनुरूप शहर को स्वच्छ बनाएं

**रायगढ़/नवप्रदेश।** सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनकैप) के तहत पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं उन्मूलन के संबंध में एक अहम बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर भी उपस्थित रहे। सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कहा कि जिले के वातावरण को बेहतर करना आवश्यक है। इसके लिए सभी अधिकारी उचित कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार उठाव एवं अपवहन कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी हॉस्पिटल से प्राधिकार लेना सुनिश्चित करें। जिससे उन पर नियमों का पालन नहीं करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जा सके। उन्होंने चौक-चौराहों में वाहनों के माध्यम से हो रहे प्रदूषण नियंत्रण के लिए आरटीओ, पर्यावरण एवं खनिज विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए। ताकि सभी मालवाहक वाहन निर्धारित नियमों का पालन करें। उन्होंने नगर निगम को शहर के वातावरण को बेहतर करने एनकैप के तहत प्लानिंग करने के निर्देश दिए ताकि शहर का वातावरण स्वच्छ हो सके। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों द्वारा अपने ढाई सौ मीटर के दायरे में धूल नियंत्रण हेतु आवश्यक उपाय करने हेतु निर्देशित किया। इसी

तरह मालवाहक वाहनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी एसओपी का पालन नहीं करने पर आरटीओ, पर्यावरण एवं खनिज विभाग को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ताकि वाहनों चालकों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया जाए, जिससे पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने जानकारी दी कि पर्यावरण प्रदूषण रोकने हेतु जिला स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत फ्लाईएश के उचित निपटान, एसओपी का पालन नहीं करने एवं बिना तारपोलिन ढके माल वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

**शहर के विभिन्न इलाकों का किया दौरा**

सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए शहर के वातावरण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बड़े भण्डार से छातामुड़ा शहर के ढिमरापुर चौक, पतरापाली, जेएसपीएल, रायगढ़ से तराईमाल क्षेत्रों का भ्रमण किया। साथ ही जेएसपीएल एवं तराईमाल के आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों का भी पर्यावरणीय अवलोकन किया। उन्होंने वाहनों द्वारा फ्लाईएश परिवहन द्वारा प्रदूषण, डस्ट, सड़क की स्थिति का जायजा लिए एवं पर्यावरणीय सुधार हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

---

धान उठाव में तेजी लाने के प्रयास में लगे अधिकारी

# समितियों से धान का उठाव बनी बड़ी समस्या, खरीदी हो रही प्रभावित

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिले में धान खरीदी को 23 दिन बीत चुके है। 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी शुरू हुई है। जिले के 30 हजार 635 किसानों से 13 लाख 25 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है, इनमें 07 लाख 75 हजार 351 क्विंटल मोटा, 3054 क्विंटल पतला और 05 लाख 47 हजार 161 क्विंटल सरना धान शामिल है। बड़ी मात्रा में धान खरीदी के बाद अब समितियों में धान का उठाव बड़ी समस्या बनी हुई है। मौसम में हो रहे परिवर्तन को लेकर समिति प्रबंधकों की नींद उड़ी हुई है। समितियों में पर्याप्त मात्रा में ताल-पत्री न होने से धान की सुरक्षा को लेकर समिति प्रबंधक परेशान है।

जिले के 66 समितियों के 105 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से लगातार जारी है। धान खरीदी केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। इसमें से कई केंद्र ऐसे है, जहां 06 दिसंबर की स्थिति में धान का बफर लिमिट तय सीमा से अधिक तक पहुंच गया है। कई केंद्र तो ऐसे है, जहां क्षमता से दोगुना धान जमा हो चुका है। दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को समितियों में फिर से धान की खरीदी शुरू होगी। यही कारण है कि खरीदी केंद्रों में किसानों की भीड़ रहेगी और धान की आवक तेज होगी। शुक्रवार तक 13 लाख 25 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से मात्र 40 हजार 904 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है। खरीदी केंद्रों में 12 लाख 84 हजार 532 क्विंटल धान पड़ा हुआ है। मौसम में परिवर्तन को लेकर समिति प्रबंधको की नीदं उड़ी हुई है। खरीदी केन्द्रों में धान के बोरो का अंबार लगा हुआ है। उसकी तुलना में ताल-पत्री की कमी है। उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधक परेशान है। विपणन विभाग में खरीदी केंद्रों की जानकारी लेकर बारदाने की उपलब्धता कराई जा रही है।

### प्रबंधकों को धान की सुरक्षा को लेकर निर्देश

मौसम में बदली को देखते हुए धान खरीदी केन्द्रों में रखे धान के बोरो को सुरक्षित रखने के लिए ताल-पत्री की व्यवस्था की गई है। समिति के प्रबंधकों को धान की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया है। जल्द ही धान उठाव के प्रयास किये जा रहे है।

**-संतोष सिंह, जिला नोडल अधिकारी**

---

## धान उपार्जन केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

***व्यवस्थाओं पर किसानों से ली प्रतिक्रिया**

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत धान खरीदी केंद्र डौरा-कोचली का निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केंद्र प्रभारी से धान की आवक के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र, बारदाने की उपलब्धता, अब तक कुल की गई धान खरीदी के संबंध में पूछा तथा तौल यंत्र पर धान की वजन का अवलोकन भी किया। उन्होंने धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौसम के दृष्टिगत अनिश्चित एवं आकस्मिक बारिश जैसी परिस्थितियों से धान को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर अमित श्रीवास्तव मौजूद रहे।

---

## महिलाएं अहिल्या देवी होल्कर के आदर्शों का अपनाएं : चतुर्वेदी

**पेण्ड्रा/नवप्रदेश।** शासकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय पेंड्रा के हरित प्रांगण में आयोजित पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश चतुर्वेदी ने उपरोक्त उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि उज्वल चरित्र ,पतिव्रता पत्नी,वात्सल्यमय मां ,राष्ट्र निर्मात्री ,व्यवहार कुशल व धर्मशील सदुणों को अपनाकर देश की हर नारी अहिल्यादेवी होलकर बनकर राष्ट्र की हर समस्या का समाधान अपनी क्षमता व योग्यता के दम पर कर सकती है ।

उन्होंने त्रिशताब्दी समारोह पर सभी छात्र-छात्राओं को लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर के साहित्य को पढ़ने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर नगर पंचायत पेंड्रा के पूर्व अध्यक्ष ,भाजपा के वरिष्ठ नेता व महाविद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष राम जी श्रीवास ,विशिष्ट अतिथि नीरज जैन,कार्यक्रम के जिला अध्यक्ष व संयोजक जनार्दन श्रीवास , कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मथुरा सोनी ने वीणापाणि मां सरस्वती, मां दुर्गा, लोकमाता अहिल्यादेवी ,एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्पाहार अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना करते हुए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के उत्कृष्ट संचालक कुशल सिंह धुर्वे ने अहिल्याबाई होलकर के 300 वी जयंती पर सारगर्भित जानकारी देते हुए जनार्दन श्रीवास जी को आमंत्रित किया, उन्होंने इस कार्यक्रम के विषय में उपस्थित छात्रा छात्राओं व महाविद्यालय परिवार का स्वागत करते हुए त्रि शताब्दी कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में अत्यधिक उत्साह देखा गया। महाविद्यालय की प्रभारी उप प्राचार्य के द्वारा भी उद्बोधन देते हुए कहा गया कि देश के महापुरुषों के जीवन से हमे प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती एफ जे लाल, श्रीमती माया बनर्जी, श्रीमती स्वाति पांडे, श्रीमती ओटी, श्रीमती प्रेमलता धृत लहरे, संजय केवर्ट,अजीत लहरी ,दानवेंद्र सिंह कोमल खलखो, राम नारायण मरावी राधे लाल साहू ,आनंद श्रीवास, नागेंद्र केवट ,सहित महाविद्यालय के सभी 180 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।अंत में श्रीमती लाल ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और महाविद्यालय के सभी स्टाफ से परिचय कराया।

---

### पेंशनधारकों का बनेगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि डाक विभाग के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा पेंशनधारकों का डिजीटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में डाकघरों में बनाया जा रहा है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक/डाकघरों द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने का शुल्क मात्र 70 रूपये है। डाक विभाग द्वारा सरगुजा जिले के सभी गांव, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर पेंशनधारकों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया जायेगा। इस हेतु इच्छुक पेंशनधारी अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में सम्पर्क कर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

---

## निरीक्षक संजय सिंह को सायबर कॉप ऑफ द ईयर 2024 सम्मान मिला

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सिटी कोतवाली निरीक्षक संजय सिंह राजपूत को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला सायबर कॉप ऑफद ईयर 2024 का सम्मान। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा की उपस्थिति में सम्मान मिला। डिजिटल अरेस्ट और फाइनेंसियल फ्रॉड के मामले में आरोपियों के केरल और दिल्ली से गिरफ्तारी और लगभग शत प्रतिशत रकम बरामद करने के फलस्वरूप सम्मान मिला। मुंगेली कोतवाली निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना लोरमी के धारा 318(4) बीएनस 66 आईटी एक्ट में जिसमे आरोपी फब्राज मुहम्मद निवासी मालापुरम केरल द्वारा डिजिटल अरेस्ट कर प्रार्थी डॉक्टर दीपक लॉज से लगभग 800000 आठ लाख की धोखाधड़ी

की गई एवं थाना सरगांव के 154/24 धारा 318(4) बीएनस 66 आईटी एक्ट जिसमें आरोपियों द्वारा प्रार्थी बजरंग साहू से लगभग 700000 सात लाख रुपए की बैंक अधिकारी बनकर धोखाधड़ी की गई थी। जिसमें दोनों प्रकरण के आरोपियो की क्रमशः केरल और दिल्ली से आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की और धोखाधड़ी के लगभग शत प्रतिशत रकम बरामद करने के फलस्वरूप निरीक्षक संजय सिंह राजपूत को सायबर कॉप ऑफद ईयर 2024 के सम्मान से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं राज्य में पुलिस के मुखिया अशोक जुनेजा द्वारा सम्मानित किया गया।

---

## मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जन-जन तक पहुंच रही योजनाएं

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के जीवन में खुशियों की सौगात लेकर आई है। इस योजना से न केवल ग्रामीण अपितु शहरी क्षेत्रों के कमजोर वर्गों को अपना खुद का पक्का मकान मिल रहा है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत महावीरगंज के निवासी श्री नान्हू रवि का परिवार वर्षों से पक्के घर का सपना देखता रहा है। लेकिन नान्हू की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वो बचत कर सके।नान्हू रवि गरीब आदिवासी परिवार से हैं ।श्री नान्हू ने बताया कि वे अपनी पत्नी व बच्चों के साथ एक कच्चे मकान में रहते थे, इस मकान में हर मौसम की मार ने उनके जीवन को बेहद कठिन बना दिया था। नान्हू मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते वे कभी पक्का मकान बनवाने का सपना पूरा नहीं कर पाये, जहां वह अपने परिवार के साथ सुकून से रह सकें।

तब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी मिली, जिसके तहत शासन द्वारा गरीब परिवारों को पक्के उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के लिए तुरंत आवेदन किया। सर्वेक्षण के

बाद अधिकारियों ने उनके परिवार को इस योजना के लिए पात्र पाया और जल्द ही उनके खाते में आवास निर्माण के लिए राशि स्थानांतरित कर दी गई। नान्हू ने अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए खुद निर्माण कार्य में योगदान दिया और मजदूरी भी की। उन्होंने बताया कि पहले तो ये सब मुझे एक सपने जैसा लगता था, लेकिन अब हमारा पूरा परिवार पक्के मकान में सुरक्षित और खुशी से रह रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही शासन की अन्य योजनाओं के तहत उनके परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और बैंक खाते भी बनाए गए। बैंक खाता खोलने से परिवार को आर्थिक प्रबंधन में सुविधा मिली और अब वे छोटी-छोटी बचत कर अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए योजनाएं बना रहे हैं। नान्हू की पत्नी को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1000 रुपये भी मिल रहा है।

---

**अग्निवीर भर्ती** | तीन दिनों में 3008 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में हुए शामिल, 999 कैंडिडेट दौड़ में सफल

# अग्निवीर भर्ती रैली में प्रदेश के युवा पूरे उत्साह से ले रहे भाग

**रायगढ़/नवप्रदेश।** रायगढ़ में 04 से 12 दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली चल रही है। यहां पूरे प्रदेश से पहुंचे युवा शारीरिक दक्षता परीक्षा में अपना दम-खम दिखा रहे हैं। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की जिलेवार रोस्टर के अनुसार फिजिकल टेस्ट सेना के अधिकारियों की निगरानी में हो रहा है। रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई है।

अग्निवीर भर्ती रैली के पहले दिन जांजगीर-चांपा और सारंगढ़ के कुल 770 अभ्यर्थी शामिल हुए। जिसमें 285 लोगों ने दौड़ पास की है। वहीं दूसरे दिन सक्ती, मुंगेली, रायगढ़, सरगुजा, बीजापुर, कोरबा और गरियाबंद जिलों के 1063 अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट में शामिल हुए। जिसमें से 351 अभ्यर्थी दौड़ में सफल रहे। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ के 02 जिलों बिलासपुर और बालोद के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। कुल 1175 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और इसमें से 363 युवाओं ने दौड़ पास की है। दौड़ पास उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरना होता है। गौरतलब है कि सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़

में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए सभी श्रेणियों की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 8556 युवा शामिल होंगे। रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था। इसी तरह अप्रैल-मई 2024 में ऑनलाइन सीईई का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन सीईई का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया और शार्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था। उम्मीदवारों को रैली एडमिट कार्ड में दी गई तारीख और समय पर रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ के गेट पर रिपोर्ट करना है। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, 8वीं, 10वीं, 12वीं व स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट, जेआईए और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर लेकर आना है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है।

---

## चिकित्सा शिविर 8 दिसंबर तक

**मुंगेली/नवप्रदेश।** योग नेचुरोपैथी वैलनेस सेंटर बिलासपुर एवं भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय रक्त मोक्षण के अंतर्गत सिगी/लीच चिकित्सा शिविर 7 एवं 8 दिसंबर को स्थान झूलेलाल धाम रायपुर रोड में आयोजित है। हरिद्वार से पधार रहे परंपरागत अनुभवी वैद्य द्वारा सिंगी/लीच चिकित्सा उपचार किया जाएगा। रोगों से पीड़ित व्यक्ति के सिंगी/लीच चिकित्सा बहुत ही उपयोगी, कारगर एवं तत्कालिक लाभ देने वाला सिद्ध हुआ है। जैसे शरीर के सूजन, गठिया, चर्म रोग, हृदय के रोग, हाथी पाव, रक्त विषाक्तता, घुटना दर्द, ओस्टियोआर्थराइटिस, शरीर में गांठे होना एड़ी में दर्द, कमर दर्द, कंधा दर्द, वेरीकोज वेंस आदि। इस अनोखी चिकित्सा का लाभ लेने हेतू यथा शीघ्र संपर्क करें। अग्रिम पजीयन अनिवार्य है। सिंगी ध्लीच चिकित्सा हेतू पंजीयन करवाने वाले व्यक्ति के लिए रेंडम हीमोग्लोबिन एग्जामिनेशन के अंतर्गत हीमोग्लोबिन तथा ब्लीडिंग टाइम एंड क्लोटिंग टाइम एवं रेंडम सारोलॉजी टेस्ट के अतर्गत हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी एवं एचआईवी जांच करवाने की व्यवस्था उपरोक्त शिविर स्थल पर की गई है।

## सिम्स में 4600 एचआईवी मरीजों का चल रहा उपचार

# पिछले 14 वर्षों में एचआईवी के 8700 मरीजों का हुआ उपचार

■ केंद्रीय जेल के 35 बंदियों का चल रहा उपचार

■ सिम्स बिलासपुर में आयोजित विश्व एड्स जागरूकता सप्ताह का समापन

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* सिम्स के एआरटी सेंटर द्वारा 1 से 7 दिसम्बर तक विश्व एड्स जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिसका उद्देश्य एचआईवी/एड्स से संबंधित जागरूकता बढ़ाना और समाज में इसके प्रति सही मानसिकता विकसित करना था। इस सप्ताह की थीम थी मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स बिलासपुर, ने कार्यक्रम की शुरुआत की और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथि डॉ. लखन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, सिम्स बिलासपुर, डॉ. बी.पी. सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, कोनी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, और डॉ. भूपेंद्र कश्यप, दंत चिकित्सा विभाग, सिम्स बिलासपुर, भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जैसे रंगोली, पोस्टर प्रस्तुति और स्लोगन प्रतियोगिता, जिनमें चिकित्सा छात्रों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। जिसमें प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. भूपेंद्र कश्यप ने भी कार्यक्रम को सराहा और स्वास्थ्य के अधिकारों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम सिम्स बिलासपुर के एआरटी सेंटर द्वारा एड्स से संबंधित जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और समाज में इसके प्रति गलत धारणाओं को समाप्त करने का प्रयास किया गया।

### 2010 में हुई थी एआरटी सेंटर की स्थापना

एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज टेंभूर्णिकार ने बताया कि सिम्स ए आर टी सेंटर की स्थापना 2010 में हुई थी, और आज तक 8700 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, जिनमें से 4600 मरीजों का उपचार निरंतर चल रहा है। इसके अलावा, सेंटर द्वारा जेलों और अन्य उच्च जोखिम वाले समूहों में भी जागरूकता और चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जेल में अभी 35 मरीज है जिन्हे वही जाच और उपचार प्रदान किया जाता हैं। एआरटी सेंटर के प्रभारी डॉ. रक्षित जोगी ने बताया कि सेंटर द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्टिक थेरेपी भी उपलब्ध कराई जाती है, सिम्स के ओपीडी मे 24 घण्टे दवा उपलब्ध रहता है। जिससे यदि कोई स्वास्थ्यकर्मी किसी या कोई एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के रक्त के संपर्क में आता है, तो उसे तुरंत इलाज दिया जाता है। अब तक 105 ऐसे मामले सामने आए हैं, जिन्हें पूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### एड्स जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम

सिम्स के एआरटी सेंटर द्वारा 1 से 7 दिसंबर तक विश्व एड्स जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिसका उद्देश्य एचआईवी एड्स से संबंधित जागरूकता बढ़ाना और समाज में इसके प्रति सही मानसिकता विकसित करना था। इस सप्ताह की थीम थी मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार यह कार्यक्रम सिम्स के एआरटी सेंटर द्वारा एड्स से संबंधित जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और समाज में इसके प्रति गलत धारणा को समाप्त करने का प्रयास किया गया।

■ न्यूज गैलरी

### 17 पाव देशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब बिकी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 17 पाव देशी प्लेन शराब एवं 6 केन बियर कुल 6 बल्क लीटर जब्त की गई जिसकी कीतम 2550 रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा आपरेशन प्रहार के तहत थाना क्षेत्र में अवैध नशा के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित दिये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद साबद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी सिटी कोतवाली निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा नशा के कारोबार करने वालो की पतासाजी मुखबीर से सूचना मिली कि टिकरापारा के पास कोई अज्ञात व्यक्ति देशी प्लेन शराब एवं बियर केन को घर में रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना पर मुखबिर पंचनामा तैयार कर स्टाफ मुखबीर के बताये स्थान में गवाहों को साथ में लेकर दबिश दी। आरोपी सुमित उर्फ चुन्नी खटिक पिता स्व. पप्पी खटिक निवीस खटिक मोहल्ला टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर छ.ग. के कब्जे से 17 पाव देशी प्लेन शराब एवं 6 बियर केन

## चीफ जस्टिस सिन्हा की डिवीजन बेंच ने कहा कि कोटपा एक्ट के प्रावधान का सख्ती से हो पालन

# स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर नशे का सामान पूर्णतः हो बंदः हाईकोर्ट

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** हाईकोर्ट स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास नशे की सामग्री की बिक्री को लेकर सख्त है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य के चीफ सेक्रेटरी को हिदायत दी है कि वह तय करें कि इन स्थानों पर नशे की सामग्री की बिक्री पर पूरी तरह से अंकुश लगे। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने कहा है कोटपा एक्ट के प्रावधान का सख्ती से पालन करने के लिए शासन को ठोस कदम उठाने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। राज्य भर में स्कूलों के आसपास सार्वजनिक जगहों पर नशे के सामानों की बिक्री के मामलों को जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। डिवीजन बेंच ने इस मामले में बिलासपुर के नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि निगम क्षेत्र में रोकथाम के लिए किए गए उपायों की जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करें।इससे पहले कोर्ट के निर्देश पर मुख्य सचिव ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया था। इसमें बताया गया कि स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर कोटपा एक्ट को प्रभावी कर दिया गया है।

### महाधिवक्ता ने रखा शासन का पक्ष, कहा- संयुक्त अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई

राज्य शासन की ओर से पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने डिवीजन बेंच को बताया कि, कोटापा एक्ट के प्रावधानों के तहत पूरे प्रदेश में कार्रवाई की जा रही है। बिलासपुर जिला व पुलिस प्रशासन की तरफ से संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना भी ठोका जा रहा है। डिवीजन बेंच ने बिलासपुर नगर निगम के कमिश्नर को शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने कहा है। कोर्ट ने पूछा कि निकाय क्षेत्र में कोटपा एक्ट के प्रावधानों को किस तरह लागू किया जा रहा है। पूरी कार्ययोजना बताने के निर्देश दिए हैं।

### शपथ पत्र में पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का दावा

मुख्य सचिव ने शपथ पत्र में बताया कि प्रदेश में स्कूलों के आसपास और सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। मुख्य सचिव ने यह भी जानकारी दी कि जिला और स्थानीय प्रशासन को कोटपा एक्ट के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

■ डीएसपी ट्रैफिक ने ली ट्रक यूनियन की बैठक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा शहर के मध्य से भारी वाहनों की आवाजाही से वातावरण प्रदूषित होने के साथ संभावित दुर्घटनाओं की आशंका एवं यदा-कदा कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर द्वारा शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों के परिवहन हेतु प्रतिबंध किया गया है। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस, बिलासपुर के प्रभारी शिवचरण सिंह परिहार ने बताया कि शहरी क्षेत्र के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के संबंध में ट्रक यूनियन के पदाधिकारी कि आज बैठक ली गई, ताकि ट्रैकों के संचालन करने वाले एवं वाहन चालकों को उचित जानकारी दी जा सके, बिलासपुर शहर के निरंतर विकास और स्मार्ट सिटी के प्रयोजन के साथ-साथ यातायात के बढ़ते दबाव को ध्यान रखते हुए, बिलासपुर शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु शहर के विभिन्न मार्गो से प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को विशेष समय पर ही परिवहन की अनुमति दिए जाने के साथ-साथ भारी वाहनों को शहर की सीमावर्ती बाईपास मार्गो से परिवहन करने की जानकारी दी गई, आदेश का उल्लंघन करने वालों पर प्रतिबंधित मार्ग में प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी।

## युवा खिलाड़ी आईपीएल और देश के लिए खेलने का लक्ष्य रखें: धर्मजीत

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी की मेजबानी में शुक्रवार को सक्रेसा आडिटोरियम रेलवे के ग्राउंड में धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्याल सकरी की प्राचार्य डॉ रूबी मिल्होत्रा तथा विशिष्ट अथिति की भूमिका में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि मेहर थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा मुझे खुशी है कि बिलासपुर में राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मेरे विधानसभा क्षेत्र तखतपुर के अंतर्गत नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी जिला बिलासपुर की मेजबानी में यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। युवा खिलाड़ी यहां से अच्छा प्रदर्शन कर खेल में विजयी हों,शुभकामनाएं हैं, इन प्रतिभाओं में कुछ लोग आई पी एल तथा इंडिया लेबल के क्रिकेट खेल में चयनित हों, छत्तीसगढ़ प्रदेश का और अपने गृह ग्राम तथा माता - पिता का नाम रोशन करें।

### क्रिकेट में बस्तर व कोरबा की जीत

आज के खेल में बलौदाबाजार को बस्तर ने तथा राजनांदगांव को कोरबा ने हराकर मैच जीत लिया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ रूबी मिल्होत्रा प्राचार्य ने तथा कार्यक्रम को रवि मेहर ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम के आयोजन सचिव ,खेल अधिकारी डॉ अजय सिंह से खिलाड़ियों की रहने,ठहरने तथा कितने टीम इस खेल में राज्य भर से आयेंगे और 5दिन तक लगातार चलने वाली इस राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के संबंध में पूरी जानकारी ली।कार्यक्रम में आयोजक महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ फूल दास महंत तथा डॉ विद्याचरण शुक्ला साथ ही डॉ श्वेता जायसवाल, मनीषा यूके, अजीता राजकुमारी तिग्गा,अंकिता श्रीवास, डॉ सरिता पटेल, सौमित्र शर्मा, संजय कुर्रे, आकाश पटेल, बरखा हलवाई, रेलवे क्षेत्र के पार्षद अजय यादव, खेल अधिकारी अशीष बाजपेई, डॉ शेख शाहिद, डॉ अजय मिश्रा, शांतनु घोष,अमित मरकाम, सत्यनारायण सोनत, चेतन श्रीवास, रवींद्र ध्रुव, डॉ आशीष गोयल, ज्योति यादव ,मनीष श्रीवास्तव तथा समस्त खिलाड़ीजन तथा नगर के वरिष्ठ नागरिक खिलाड़ी उपस्थित हुए।

### फिजियोथेरेपिस्ट के पदों पर नियुक्ति के लिए दस्तावेज सत्यापन 12 को

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** समग्र शिक्षा बिलासपुर जिले के विकासखण्डों में दिव्यांग बच्चों हेतु संचालित समावेशी संसाधन स्त्रोत केन्द्रों हेतु फिजियोथेरेपिस्ट के 3 पद हेतु एनआईसी बिलासपुर के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके अनुक्रम में 11 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदकों के प्रमाण पत्रों का परीक्षण 12 दिसंबर को जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला पंचायत के द्वितीय तल में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे के बीच किया जाना है। आवेदकों का सम्पूर्ण विवरण जिला कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर में चस्पा किया गया है।

## सरकार की योजनाओं से दिव्यांग की बदली जिंदगी

■ रोजगार की तलाश से रोजगार देने तक का अनूठा सफर

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शासन की कल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों का जीवन खुशहाल हो रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर दिव्यांग रत्ना के जीवन में खुशहाली आई है, वह न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनी है बल्कि अन्य दिव्यांगों को भी रोजगार देकर उन्हें सशक्त बना रही है। रत्ना ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उसके जीवन में यह बदलाव सरकार की मदद से आया हैं।

बंधवापारा नूतन चौक पर अपनी सिलाई की दुकान चलाकर रत्ना अपने परिवार की आजीविका चला रही हैं। सिलाई मशीन चलने में ऐसी पारंगत की कहना मुश्किल है कि वे पैरों से 80 प्रतिशत विकलांग है। रत्ना बताती है कि उनके पति भी विकलांग हैं और घर की आजीविका कमाने वाली वही मुख्य सदस्य है, रत्ना कहती हैं कि जब वे बिलासपुर ब्याह कर आई तो उनके पास कुछ भी नहीं था। न अपना घर और न ही कोई व्यवसाय अपने हुनर की बदौलत और सरकारी मदद से दुकान मिली और लोन दिया गया। जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय की शुरुआत की। बुटीक से उन्हें हर माह 25 से 30000 की कमाई हो जाती है जिससे वो अपने दोनों बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पा रही हैं। बच्चों को सरकार की ओर से छात्रवृत्ति भी मिलती है। सरकार की ओर से उन्हें पक्का आवास भी दिया गया है जिसमें वो अपना खुशहाल जीवन बिता रही हैं।

## साइबर ठगी से बचने व नशे से नुकसान पर विद्यार्थियों को किया जागरुक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा नशा एवं साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने जन जागरूकता कार्यक्रम ''चेतना'' संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम लोगों को साइबर ठगी से बचने के उपाय, नशा करने से होने वाली आर्थिक, शारीरिक एवं सामाजिक नुकसान के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में थाना सरकण्डा क्षेत्रांतर्गत स्थित ड्रीमलैण्ड स्कूल बंधवापारा की प्राचार्या श्रीमती निवेदिता सरकार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह, एवं अति.पुलिस अधीक्षक अर्चना झा रहे, जिनकी उपस्थिति पर स्कूल की प्राचार्या निवेदिता सरकार एवं वाइस प्रिंसिपल तपोषी सरकार द्वारा पुष्प गुच्छ ग्रीन बुके से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम पश्चात कार्यक्रम की शुरूवात देशभक्ति गीत की मनोहर प्रस्तुति के बाद कविता पाठ का आयोजन किया गया। कविता का मुख्य बोल साइबर कमीशन क्राइम को कहे बाय-बाय के माध्यम से स्कूली बच्चों द्वारा साइबर ठगी संबंधी मनोहर जानकारी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुये उपस्थित स्कूली बच्चे, शिक्षक/शिक्षिका, गणमान्य नागरिकों को साइबर ठगी से कैसे बचें, नशा करने से होने वाली आर्थिक/शारीरिक एवं सामाजिक हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### स्कूली बच्चों को साइबर ठगी की दी जानकारी

## असामाजिक तत्वों पर कसेगा शिकंजा

■ तोरवा और तारबाहर थाना क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शराब दुकानों से कुछ दूरी पर एवं सुनसान जगहो पर असामाजिक तत्वों की मौजूदगी की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जयसवाल के योजना अनुसार सीएसपी कोतवाली अक्षय साबद्रा आईपीएस सुमित धोत्रे द्वारा थाना प्रभारी हम हमराह स्टाफ़ के साथ तोरवा एवं तारबहार क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया। उक्त गश्त एवं चेकिंग के दौरान लगभग 25 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई दोनों थानों में मिलाकर की गई है। शराब दुकानों के आस पास अचानक सेदबिश देकर असामाजिक तत्वों को भगाया गया है और हाथों में सखूत हिदायत दी गई है कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि या नशाखोरी के सखूत से सखूत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में अक्षय प्रमोद साबद्रा, सुमित धोत्रे, थाना प्रभारी तोरवा, थाना प्रभारी तारबाहर तथा अन्य आरक्षक सकारात्मक रूप से सक्रिय रहे।

**आयोजन**

## एसईसीएल मुख्यालय में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया

# एसईसीएल कर्मियों ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर किया अंशदान

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** एसईसीएल मुख्यालय में आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एन. फ्रेन्कलीन जयकुमार सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के लिए बनाए गए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में अंशदान दिया। वर्ष 1949 से हर वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों के कल्याण हेतु सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन झंडे की खरीद से होने वाली आय शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च की जाती है। 7 दिसंबर 1949 से शुरू हुआ यह सफर आज तक जारी है। इसी क्रम में 7 दिसम्बर को एसईसीएल मुख्यालय में भी सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के लिए दान एकत्रित की गई।

### हरीश दोहन एसईसीएल के नए सीएमडी अनुशंसित

लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी), भारत सरकार द्वारा एसईसीएल के नये चेयरमेन कम मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) हेतु हरीश दोहन के नाम की अनुशंसा की गयी है। श्री दोहन वर्तमान में कोलइण्डिया की अनुषंगी कम्पनी सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक तकनीकी के पद पर कार्यरत हैं। श्री दोहन को माईनिंग क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है जिसमें फर्स्ट माईल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन, डिजिटाईजेशन तथा सौर परियोजनाओं के विकास का अनुभव शामिल है। श्री दोहन ने नागपुर विश्वविद्यालय से माईनिंग में स्नातक उपाधि अर्जित की तथा उन्होंने वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स से कोलइण्डिया में अपनी सेवा की शुरूआत की। उन्होंने फर्स्ट क्लास माईन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी अर्जित की है। श्री दोहन कोलइण्डिया की अनुषंगी कम्पनी नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निगाही परियोजना के एरिया जनरल मैनेजर तथा कारपोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं।

## न्यूज गैलरी

### ईडी ने 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसका कुल मूल्य 387.99 करोड़ रुपये है। प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इनमें चल संपत्तियां शामिल हैं। इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड की संपत्तियां, इएफपीआई और एफडीआई के माध्यम से दुबई स्थित हवाला ऑपरेटर हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई व मध्य प्रदेश में कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसका कुल मूल्य 387.99 करोड़ रुपये है। इस मामले में एजेंसी टिबरेवाल से पूछताछ कर रही है।

### अंडमान में बड़े पैमाने पर आयकर छापे जारी

**नई दिल्ली।** कोलकाता से आई एक आयकर टीम पोर्ट ब्लेयर के चर्च रोड, फीनिक्स बे, मरीन हिल्स, एबरडीन बाजार और दिलानीपुर इलाकों में कई कार्यालयों में छापेमारी कर रही है। बाबू लेन और जंगलीघाट इलाकों में भी तलाशी अभियान चल रहा है। आयकर विभाग के 120 से अधिक अधिकारी अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में कई स्थानों पर तलाशी ले रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयकर अधिकारी ने बताया कि द्वीपसमूह के कुछ व्यापारियों द्वारा रिटर्न दाखिल करने में संदिग्ध अनियमितताओं के चलते 4 दिसंबर को तलाशी शुरू हुई थी और अभी भी कार्रवाई जारी है। अधिकारी ने बताया, कोलकाता से आई एक आयकर टीम पोर्ट ब्लेयर के चर्च रोड, फीनिक्स बे, मरीन हिल्स, एबरडीन बाजार और दिलानीपुर इलाकों में कई कार्यालयों में छापेमारी कर रही है। बाबू लेन और जंगलीघाट इलाकों में भी तलाशी अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि एमजी रोड और गुरुद्वारा लेन स्थित कार्यालयों में भी इसी तरह की छापेमारी चल रही है। अधिकारी ने कहा, यह एक सुव्यवस्थित ऑपरेशन है और हम जल्द ही इसके निष्कर्षों का खुलासा करेंगे। हमें रिटर्न दाखिल करने में अनियमितता और जीएसटी से संबंधित मुद्दों का संदेह है।

पहली छमाही में, सरकार ने वित्त वर्ष 25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये के अपने पूंजीगत व्यय लक्ष्य का केवल 37.3 प्रतिशत खर्च किया

# *वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- तीसरी तिमाही में होगी मंदी की भरपाई*

**नई दिल्ली।** आम चुनाव और पूंजीगत व्यय में कमी की वजह से पहली तिमाही में विकास की गति कम रही। इसका असर दूसरी तिमाही पर भी पड़ा है। पहली छमाही में, सरकार ने वित्त वर्ष 25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये के अपने पूंजीगत व्यय लक्ष्य का केवल 37.3 प्रतिशत खर्च किया। अब इस सुस्ती पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है, सितंबर तिमाही में जीडीपी में मंदी व्यवस्थित नहीं थी और तीसरी तिमाही में बेहतर सार्वजनिक व्यय के साथ आर्थिक गतिविधि मंदी की भरपाई कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यह बात कही। भारत ने जुलाई-सितंबर वित्त वर्ष 25 में 5.4 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की, जो सात तिमाहियों में सबसे कम थी। पहली तिमाही में वृद्धि 6.7 प्रतिशत थी। सीतारमण ने एक कार्यक्रम में कहा, ÷यह एक व्यवस्थित मंदी नहीं है। यह सार्वजनिक व्यय, पूंजीगत व्यय और इसी तरह की अन्य गतिविधियों में कमी की वजह से है... मुझे उम्मीद है कि तीसरी तिमाही इन सबकी भरपाई कर देगी। वित्त मंत्री ने कहा, ÷इसलिए, विकास दर की संख्या ऐसी चीज है जो जरूरी नहीं कि बुरी तरह प्रभावित हो। हमें कई अन्य कारकों पर जोर देने की जरूरत है।÷ वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अगले साल और उसके बाद भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आम चुनाव और पूंजीगत व्यय में कमी की वजह

से पहली तिमाही में विकास की गति कम रही। इसका असर दूसरी तिमाही पर भी पड़ा है। पहली छमाही में, सरकार ने वित्त वर्ष 25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये के अपने पूंजीगत व्यय लक्ष्य का केवल 37.3 प्रतिशत खर्च किया। वित्त मंत्री की टिप्पणी भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से चालू वित्त वर्ष के लिए अपने विकास अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत करने के कुछ ही देर बाद आई। सीतारमण ने कहा कि विकास को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों में वैश्विक मांग में स्थिरता शामिल है, जिसने निर्यात वृद्धि को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, भारतीयों की क्रय शक्ति में सुधार हो रहा है, लेकिन भारत में, आपको पर्याप्त वेतन की भी चिंता करनी होती है। हम इन कारकों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, जिनका भारत की अपनी खपत पर असर हो सकता है। वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 24 के लिए अपने आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5-7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया था। उन्होंने कहा, हमारे पास एक ऐसा प्रधानमंत्री है जो हर चुनौती में अवसर तलाशता है। कोविड-19 के दौरान चुनौती को सुधार लाने के अवसर के रूप में देखा गया। उस समय पांच मिनी बजट पेश किए गए थे, जिनमें से प्रत्येक ने एक तरफ राहत, समर्थन, सहायता दी और दूसरी तरफ यह सुनिश्चित किया कि छोटे और उपेक्षित लंबित सुधार किए जाएं।

2025-26 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा

# सीतारमण ने बजट पूर्व परामर्श के लिए अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय हर साल विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट 2025-26 के लिए इनपुट और सुझाव एकत्र करने हेतु प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बजट-पूर्व बैठक की शुरुआत की।

वित्त मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पी. चौधरी, वित्त सचिव, दीपम सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार भी उपस्थित थे। यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी में हुई। हालांकि, बजट के दौरान किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। वित्त मंत्रालय हर साल

विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। पिछले वर्षों की तरह, 2025-26 का बजट 1 फरवरी को पेश किए जाने की उम्मीद है। 2025-26 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा। सभी की निगाहें मोदी 3.0 कार्यकाल के शेष समय के लिए प्रमुख घोषणाओं और सरकार के दूरगामी आर्थिक मार्गदर्शन पर होंगी। बैठक के बाद स्वदेशी जागरण मंच के सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा कि अर्थशास्त्री इस बात पर एकमत थे कि भारत को अपनी स्वयं की व्यापक विनिर्माण नीति की आवश्यकता है। महाजन ने संवाददाताओं को बताया, ÷हमने खाद्य मुद्रास्फीति, जलवायु परिवर्तन, राजकोषीय समेकन और कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतियों पर सुझाव दिए। व्यक्तिगत आयकर को कम करने के लिए भी सुझाव दिए गए।÷ बैठक में उपस्थित प्रख्यात अर्थशास्त्री अनिल शर्मा ने बेरोजगारी को एक गंभीर मुद्दा बताया।

शर्मा ने कहा, हमने जिला स्तर पर कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करने का सुझाव दिया है। हालांकि यह राज्य सरकार की पहल प्रतीत होती है, लेकिन यदि केंद्र सरकार इसमें पहल करती है तो इससे रोजगार को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिल सकता है।÷ बैठक के दौरान कुछ अर्थशास्त्रियों ने व्यक्तिगत आयकर को कम करने की आवश्यकता दोहराई।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया आईपीओ लाएगी

## एजीआई इन्फ्रा को बोर्ड से शेयर विभाजन की मंजूरी

**दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय प्राधिकरण (एनसीएलएटी) ने जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. की दिवालिया कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। प्राधिकरण ने कहा, सभी मुद्दों पर विचार के बाद हमारा मानना है कि एनसीएलटी के आदेश में हस्तक्षेप का आधार नहीं है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लि. ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी के पास शुक्रवार को दस्तावेज जमा कराया है। इसके मुताबिक, प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक के 10.18 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश है।

एजीआई इन्फ्रा लि. की परिचालन आय दूसरी तिमाही में 9 फीसदी बढ़कर 7,756.26 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। बोर्ड ने कंपनी के शेयरों को 1.2 अनुपात में विभाजित करने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए रिकॉर्ड तिथि की घोषणा शेयरधारकों की मंजूरी के बाद होगी।

# धोखाधड़ी से ग्राहकों की सुरक्षा के लिए बैंक एआई और मशीन लर्निंग का प्रयोग करेंगे

**नई दिल्ली।** डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे ग्राहकों को धोखेबाजों से बचाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) सहित उन्नत तकनीकों को अपनाएं। यह निर्णय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी बैंकों और भुगतान बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ डीएफएस के सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे ग्राहकों को धोखेबाजों से बचाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) सहित उन्नत तकनीकों को अपनाएं। यह निर्णय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई),

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी बैंकों और भुगतान बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ डीएफएस के सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। बैठक में डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया गया, विशेष रूप से अवैध लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले खच्चर खातों की बढ़ती संख्या पर। वित्तीय सेवा विभाग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ÷बैंकों को वास्तविक समय में खच्चर खातों का पता लगाने, धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम के लिए बैंक कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें बेहतर बनाने, आम नागरिकों को धोखेबाजों के झांसे में न आने के लिए अधिक से अधिक वकालत और जागरूकता लाने के लिए समाधान सहित उन्नत तकनीकों को अपनाने का निर्देश दिया गया था। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव ने नागरिकों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा के लिए सक्रिय उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया और इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों और प्रथाओं का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.091 हुआ आंकड़ा

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.091 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने यह जानकारी दी। जारी आंकड़ों के अनुसार 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.061 अरब डॉलर बढ़कर 568.852 अरब डॉलर हो गईं। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.091 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में कुल भंडार 1.31 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 656.582 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया था।

## *तीन कैंसररोधी दवाओं की कीमतें कम की गईं, लोकसभा में दी जानकारी*

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने एक कार्यालय ज्ञापन जारी कर कंपनियों को निर्देश दिया कि वे जीएसटी दरों में कमी और सीमा शुल्क से छूट के कारण इन दवाओं पर एमआरपी कम करें ताकि उपभोक्ताओं को कम करों और शुल्कों का लाभ दिया जा सके। इस बारे में केंद्रीय रसायन उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में क्या कहा, सरकार ने तीन कैंसर रोधी दवाओं ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया है। इन कैंसर रोधी दवाओं पर जीएसटी की दरें भी 12त्न से घटाकर 5त्न कर दी गईं। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग

ने अधिसूचना 30/2024 दिनांक 23.07.2024 के तहत तीन कैंसर रोधी दवाओं अर्थात ट्रैस्टुजुमाब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमाब पर सीमा शुल्क को शून्य करने का एलान किया है। सरकार ने अधिसूचना संख्या 05/2024 दिनांक 08.10.2024 के तहत इन कैंसर रोधी दवाओं पर जीएसटी दरें भी 12त्न से घटाकर 5त्न कर दी हैं। औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 (डीपीसीओ, 2013) के अनुसार, दवाओं/फॉर्मूलेशन के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में लागू कर और शुल्क शामिल होते हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने एक कार्यालय ज्ञापन जारी कर कंपनियों को निर्देश दिया कि वे जीएसटी दरों में कमी और सीमा शुल्क से छूट के कारण इन दवाओं पर एमआरपी कम करें ताकि उपभोक्ताओं को कम करों और शुल्कों का लाभ दिया जा सके। कंपनियों को कीमतों में बदलाव के बारे में जानकारी देने के लिए फॉर्म दाखिल करने का निर्देश किया गया। उसके जवाब में दवा निर्माताओं ने इन दवाओं पर एमआरपी कम कर दी और एनपीपीए के पास सूचना दाखिल कर दी।

# टीवी चैनलों पर अश्लील विज्ञापनों के खिलाफ 73 शिकायतें

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि शिकायतों का तीन स्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली द्वारा उचित ढंग से समाधान किया गया। मुरुगन ने कहा कि केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियमों के तहत स्थापित तंत्र में प्रसारकों द्वारा स्व-नियमन, प्रसारकों के स्व-नियामक निकायों द्वारा स्व-नियमन और केंद्र सरकार की निगरानी प्रणाली शामिल है। सरकार ने संसद को बताया है कि पिछले तीन वर्षों में नियामक संस्थाओं को निजी टेलीविजन चैनलों पर अश्लील और फूहड़ विज्ञापनों के खिलाफ 73 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि शिकायतों का तीन स्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली द्वारा ÷उचित÷ ढंग से समाधान किया गया। मुरुगन ने कहा कि केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियमों के तहत स्थापित तंत्र में प्रसारकों द्वारा स्व-नियमन, प्रसारकों के स्व-नियामक निकायों द्वारा स्व-नियमन और केंद्र सरकार की निगरानी प्रणाली शामिल है।

मंत्री ने कहा कि जहां भी विज्ञापन संहिता का उल्लंघन पाया जाता है, वहां सलाह, चेतावनी, माफी मांगने का आदेश और ऑफ-एयर

आदेश जारी करके उचित कार्रवाई की जाती है। एक अलग प्रश्न के उत्तर में, मुरुगन ने कहा कि ओटीटी प्लेटफार्मों को आईटी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के भाग- ढ्ढढ्ढ के तहत आचार संहिता का पालन करना आवश्यक है। मंत्री ने कहा, ये संहिताएं स्व-नियामक प्रकृति की हैं। मुरुगन ने कहा कि इन आचार संहिताओं के तहत प्रकाशकों को ऐसी कोई भी सामग्री प्रसारित नहीं करनी होगी जो कानून द्वारा प्रतिबंधित हो और नियमों में दिए गए सामान्य दिशानिर्देशों के आधार पर सामग्री का आयु-आधारित स्व-वर्गीकरण पांच श्रेणियों में करना होगा। उन्होंने कहा कि दिशा-निर्देशों में यह प्रावधान है कि इस प्रकार का स्व-वर्गीकरण करते समय, ऐसी सामग्री में दर्शाए गए काल के संदर्भ तथा उस देश और लोगों के समकालीन मानकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए जिनसे ऐसी सामग्री संबंधित है।

**व्यापार** | फेड के नीतिगत दृष्टिकोण को आकार देने के लिए ये मीट्रिक्स महत्वपूर्ण हैं

# सोना 79150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर, चांदी 300 कमजोर हुई

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी 300 रुपये की गिरावट के साथ 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी शुक्रवार को 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी 300 रुपये की गिरावट के साथ 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। गुरुवार को चांदी 93,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी शुक्रवार को 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 181 रुपये यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,657 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। जानकारों के अनुसार, ÷एमसीएक्स पर सोने में मामूली बढ़त दर्ज की गई,

क्योंकि बाजार शाम को गैर-कृषि वेतन और बेरोजगारी के महत्वपूर्ण आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतीन त्रिवेदी ने कहा, फेड के नीतिगत दृष्टिकोण को आकार देने के लिए ये मीट्रिक्स महत्वपूर्ण हैं। जबकि सोना सकारात्मक रुख बनाए हुए है। मार्च डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 426 रुपये या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 92,850 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 0.42 प्रतिशत बढ़कर 2,659.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। विशेषज्ञ मानते हैं कि अपेक्षा से अधिक मजबूत अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़े फेड को इस महीने ब्याज दरों में कटौती रोकने के लिए मजबूर कर सकते हैं, जिसका सोने की कीमतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## दास बोले- सिर्फ व्यापार को जोखिम मुक्त करने पर हमारा ध्यान

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स मुद्रा से जुड़ी चर्चा पर बोलते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह विचार समूह के एक सदस्य की ओर से प्रस्तुत किया गया है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस पर कुछ चर्चाओं के अलावा कोई प्रगति नहीं हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार बताया कि भारत की अपने व्यापार को डॉलर मुक्त करने की कोई योजना नहीं है और वह केवल अन्य तरीकों से जोखिम कम करने पर विचार कर रहा है। वह अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी से संबंधित उस प्रश्न का उत्तर दे रहे थे कि यदि ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर से दूर जाने का निर्णय लेते हैं तो उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। दास ने यहां केंद्रीय बैंक मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, जहां तक भारत का सवाल है, हमने डॉलर को समाप्त करने आदि के संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है। ब्रिक्स मुद्रा के बारे में उन्होंने कहा कि यह विचार समूह के एक सदस्य की ओर से प्रस्तुत किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

## धान खरीदी के एवज में 6.80 लाख किसानों को 6807.82 करोड़ रूपए का भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 6.80 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 6807 करोड़ 82 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 6 दिसम्बर को 66181 किसानों से 2.95 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 76378 टोकन जारी किए गए थे।

राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी

### धान खरीदी केन्द्रों में 72,194 गठान बारदाना उपलब्ध

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कुल 4 लाख गठान नये बारदानों की आवश्यकता है, जिसके विरूद्ध 3.51 लाख नये बारदानें प्रदेश को प्राप्त हो गए है, शेष बारदानें आगामी 15 से 20 दिवसों में प्राप्त हो जायेंगे। अभी तक धान उपार्जन में पीडीएस बारदाने 32392 गठान, मिलर बारदानें 23078 गठान, किसान बारदानें 10176 गठान उपयोग किये जा चुके है। उपार्जन केन्द्रों में पीडीएस बारदाने 18985 गठान, मिलर बारदानें 54209 गठान उपयोग हेतु उपलब्ध है। वर्तमान में प्रदेश के किसी भी उपार्जन केन्द्र में बारदानों की कमी नहीं है।

### समिति में आपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय हेतु किसानों द्वारा टोकन आवेदन समिति माड्यूल एवं टोकन तुहर हाथ एप्प के माध्यम से किये जाने की सुविधा प्रदाय की गई है। कुल टोकन आवेदन का 40 प्रतिशत समिति माड्यूल एवं 60 प्रतिशत एप्प के माध्यम से आरक्षित किया गया है। जिन कृषकों को एप्प के माध्यम से टोकन आवेदन करने में कठिनाई हो रही हो, वे समिति में आपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन करा सकते हैं।

### किसान बारदाना के लिए प्रति नग 25 रूपए

*भारत सरकार की नवीन बारदाना नीति अनुसार धान का उपार्जन नये एवं पुराने बारदानों में 50 अनुपात 50 में किया जाना है। प्रदेश में अनुमानित धान उपार्जन 160 लाख टन के आधार पर सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था कर ली गई है। उपार्जन केन्द्रों में पुराने बारदानें के रूप में मिलर बारदाना, पीडीएस बारदाना, समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये बारदानों का उपयोग किया जा रहा है। जिसका 25 रू. नग के मान से किसानों को भुगतान हेतु राशि 11 करोड़ 23 लाख रूपए अपेक्स बैंक को दी जा चुकी है।*

## न्यूज़ गैलरी

### अवैध धान पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध धान पर कार्रवाई निरंतर जारी है। ग्राम बरबन्दा में अवैध धान पर कार्रवाई की गई है। 25 क्विंटल अवैध धान के साथ जितेंद्र पटेल के पास से मिला है। जिसकी कीमत 57, 500 रूपए है। इसी तरह ग्राम पथरी में कुन्ज बिहारी वर्मा के पास से 25 क्विंटल अवैध धान मिला। जिसकी कीमत 57500 है। साथ ही, ग्राम गोड़ी में धान 20 क्विंटल अवैध जब्त किया है। जिसकी कीमत 46000 रूपए है।

### संविदा पदों के लिए दावा-आपत्ति

महासमुंद-रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें लेखापाल, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-03 के प्राप्त आवेदनों का इन्द्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत अभ्यर्थियों से उक्त सूची में लिपिकीय त्रुटि से संबंधित दावा-आपत्ति के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 05:30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने बताया कि स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति के लिए आवेदन का प्रारूप तथा पात्र/अपात्र सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है। प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात् दावा-आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने पर मान्य नहीं किया जाएगा। केवल त्रुटि सुधार ही मान्य किया जाएगा।

### राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। अपर संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता राजधानी रायपुर में 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होने वाली थी। उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी जनवरी माह में संभावित है, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

### कार ने बुजुर्ग को ठोका, गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पचपेढ़ीनाका चौक में एक तेज रफ्तार क्रेटा कार सुबह 7 बजे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गई। इस दौरान ब्रिज पर पैदल चल रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। वही कार की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार चालक को भी चोट आई हैं। घटना के बाद आप पास लोगों ने 108 मदद से घायल को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

### ब्रेकर मशीन के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। यह मामला सक्ती जिले का हैं। जहा साकिन नगझर व्यक्ति एक चन्द्रा केशर उद्योग चलाता है। जिन्होंने शिकायत दर्ज कर अजीत यादव पर आरोप लगाया हैं। दरअसल आरोपी अजीत यादव, जो माइनिंग खनन कार्य के लिए पोकलेन मशीन का ठेका कार्य कर रहा था, उद्योग की पत्थर तोड़ने की ब्रेकर मशीन चोरी कर ली। बरसात के समय खनन कार्य बंद होने पर आरोपी ने अन्यत्र जाने का बहाना बनाकर मशीन चुरा ली। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। आरोपी का पता लगाते हुए टीम ने उसे शहडोल से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, और चोरी की गई मशीन बरामद कर ली गई। मशीन की कीमत कीमत 78,00,000 बताई जा रही। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अजीत यादव को जेएमएफसी न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### सिर कुचलकर युवक की हत्या

दुर्ग,रायपुर/नवप्रदेश। बीती रात ट्रांसपोर्टनगर में कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक की सिर कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है, वहीं मामला जांच में लिया है। मृतक का नाम लोकेश्वर बंजारे है जो की भिलाई के ही कुर्सी पार का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर रही है तो वही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खंगाला जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी में रखवा दिया गया है। दरअसल पूरी घटना देर रात की है जब लोकेश्वर बंजारे अपने दो साथियों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर के पास बैठा हुआ था। हालांकि लोकेश्वर बंजारे और उसके साथी नशा कर रहे थे कि नहीं यह अभी खुलासा नहीं हो पाया है । लेकिन फिर भी जहां लोकेश्वर बंजारे का शव मिला है उसके पास शराब की बोतल भी मिली है ।

### आर्थिक सहायता के लिए आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग ने राज्य के संतुलित और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रासंगिक और विकासोन्मुखी विषयों पर अध्ययन प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए शिक्षकों, शोधकर्ताओं और निजी अनुसंधानकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है।

# आईसोलेशन वार्ड और जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

**संविदा भर्ती के 47 विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु दिए आदेश पत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय जीपीएम में 20 बिस्तरीय आईसोलेशन सह पीडियाट्रिक वार्ड का लोकार्पण और भारतीय जन औषधि केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती के 47 विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आदेश पत्र दिए। उन्होंने सभी लोगों को भारत को टी. बी. मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई। संविदा भर्ती के पदों में स्टॉफ नर्स एनआरसी, नर्सिंग ऑफिसर एनएचएमपी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (मनोरोग नर्स), साइकोलॉजिस्ट-क्लिनिकल, द्वितीय एएनएम, एएनएम (आरबीएसके), डेंटल असिस्टेंट, ब्लॉक सुपरवाइजर (बीबीडी), एसटीएस, ओटी टेक्निशियन, लैब सहायक, नर्सिंग अधिकारी, जूनियर सचिवीय सहायक (एनएचएम), सचिवीय सहायक (आईडीएसपी), जूनियर सचिवीय सहायक (एनसीडी), जिला डाटा सहायक एवं सचिवीय सहायक (एनएचएम) के पद शामिल है।

# टोकन जारी करने की प्रक्रिया का पालन करें कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा सभी कलेक्टरों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था के तहत किसानों को टोकन जारी करने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक ने सभी कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में टोकन आवेदन समिति मॉड्यूल एवं टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से किए जाने की सुविधा का उल्लेख करते हुए कहा है कि कुल टोकन आवेदन का 40 प्रतिशत समिति मॉड्यूल एवं 60 प्रतिशत एप के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। टोकन आवेदन हेतु रविवार से शुक्रवार तक प्रातः 9.30 बजे सायं 5 बजे तक का समय निर्धारित है।

किसानों द्वारा आवेदन के दौरान आवश्यक प्रविष्टि करने के उपरांत आवेदन दिनांक से 15 जनवरी 2025 तक रिक्त स्लॉट में धान विक्रय हेतु दिवस का चयन किया जा सकता है। समितियों में, धान विक्रय किये जाने हेतु पंजीकृत रकबा एवं खरीदी अवधि को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन खरीदी लिमिट में निर्धारित है, जिसकी जानकारी खाद्य अधिकारी माड्यूल एवं समिति माड्यूल में उपलब्ध है। प्रतिदिन खरीदी लिमिट अंतर्गत टोकन तुहर हाथ एप के माध्यम से आवेदित टोकन लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य वही अनुपात निर्धारित है, जो उस समिति में पंजीकृत लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य है। प्रतिदिन खरीदी लिमिट अंतर्गत समिति माड्यूल के माध्यम से आवेदित टोकन में लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य किसी प्रकार कोई अनुपात निर्धारित नहीं किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए राज्य में लघु एवं सीमांत कृषकों को 2 टोकन एवं दीर्घ कृषकों 3 टोकन की सुविधा प्रदाय की गई है। लघु सीमांत कृषक अपने दूसरे टोकन में तथा दीर्घ कृषक अपने तीसरे टोकने में उनके द्वारा अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा के अध्यधीन शेष संपूर्ण मात्रा के लिए टोकन ले सकेगा।

# कलेक्टर ने ऋण स्वीकृत नहीं करने पर बैंकों पर जताई नाराजगी

**डीएलसीसी की कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। बैठक में सभी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना के ऋण प्रकरण की कम संख्या में स्वीकृति देने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाते हुए बैंक ऋण प्रकरण में दस्तावेजों का परीक्षण गंभीरता के साथ करें और अधिक से अधिक संख्या में स्वीकृति दिलाएं। ऐसे प्रकरण में संवेदनशीलता से विचार करें और स्वीकृत दें। कलेक्टर ने कहा कि स्लम बस्तियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बैंकों के सीएसआर मद का इस्तेमाल करने में सहयोग किया जाएं। डॉ सिंह बैंकों को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए रायपुर को डिजिटल जिला बनाने के लिए निर्देश दिया। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों विशेषकर महिला समूहों को लोन प्रदान करते समय प्रक्रियाओं को सरल करें। महिला समूहों के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाकर जल्द से जल्द लोन प्रदान करें। इस

# खुड़िया मल्टी-विलेज योजना से 206 गांवों को मिलेगा पेयजल

**290 करोड़ रुपए से अधिक की योजना से 60 हजार परिवार होंगे लाभान्वित**

रायपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के तहत खुड़िया मल्टी-विलेज योजना से जिले के तीनों विकासखंडों के 206 गांवों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। मुंगेली जिले के करीब 60 हजार परिवारों को योजना का फायदा मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव 7 दिसम्बर को मुंगेली जिले के खुड़िया में 290 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन करेंगे। खुड़िया जलाशय के सामने ही 23 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। योजना का काम एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। खुड़िया मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना में खुड़िया जलाशय के पानी को शुद्ध कर गांव-गांव में बनी पानी टंकियों के माध्यम से घरों तक पहुंचाया जाएगा। जल गुणवत्ता से प्रभावित और ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने से संकटग्रस्त गांवों को इससे पूरे साल भर स्वच्छ पेयजल मिलेगा। मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के 84 गांवों के 27 हजार 627 परिवार, मुंगेली विकासखंड के 86 गांवों के 19 हजार 737 परिवार और पथरिया विकासखंड के 36 गांवों के 12 हजार 248 परिवार योजना से लाभान्वित होंगे। शासन द्वारा योजना के लिए 290 करोड़ 12 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के अंतर्गत मुंगेली जिले के 206 गांवों में पेयजल की आपूर्ति के लिए 430 किलोलीटर क्षमता के एमबीआर के साथ ही अलग-अलग क्षमता के छह जेडबीआर भी बनाए जाएंगे। 45 बीएचपी क्षमता की रॉ वाटर पंपिग मशीनरी और 95 बीएचपी क्षमता की क्लीयर वाटर मशीनरी स्थापित की जाएगी।

# मौसम में बदलाव, बारिश का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। आईएमडी मौसम विभाग एजेंसी द्वारा जारी समाचार के अनुसार मौसम में अगले 24 घंटे में बदलाव के साथ ही 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मौसम में बदलाव के साथ कुछ जिलों में बारिश के साथ ही अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है। बस्तर में 8 दिसंबर एवं सरगुजा में अगले 48 घंटे में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। ज्ञात हो कि इस बार नवंबर में प्रतिवर्षानुसार पडऩे वाली ठंड का अभाव देखा गया है। नवंबर में भी अधिकांश ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोग रात एवं दिन को पंखा लगाकर सोते पाये गये। छत्तीसगढ़ में मौसम के मिजाज बदलने के साथ ही पश्चिमी क्षेत्र के कारण होने वाली बदली बारिश में कोरिया मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर गरियाबंद, धमतरी, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, कांकेर एवं नारायणपुर में अगले 48 घंटों में मध्यम से हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बस्तर संभाग के जिलों में आज शाम रात को पानी बरस सकता है। वहीं सरगुजा में मौसम शुष्क होने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा।

**तोकापाल दंतेवाड़ा में 7 मिली बारिश दर्ज**

पिछले सप्ताह गुरुवार को प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा यहां रात का तापमान 9.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। बस्तर जिले के तोकापाल दंतेवाड़ा, कटेकल्याण में 7.2 मिली बारिश हुई।

# व्हाइट कोट सेरेमनी: नवप्रवेशित चिकित्सा छात्रों ने ली शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में एम. बी. बी. एस. प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाने के लिए 'व्हाइट कोट सेरेमनी' का वृहद गौरवशाली आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति रही। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि एम. बी. बी. एस. प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित 230 छात्र - छात्राओं को राज्यपाल महोदय की उपस्थिति में चिकित्सा आचार संहिता महर्षि चरक शपथ दिलाया जाना महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है।

मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने मेडिकल प्रोफेशन के क्रियान्वयन के समय निभाए जाने वाले नैतिक मूल्यों और आदर्शों की जानकारी दी। डॉ. नेरल ने कहा कि मरीज दवाइयों के अलावा एक आदर्श चिकित्सक से अपनत्व, मुस्कुराहट और मित्रवत व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। मेडिकल साइंस सभी विज्ञानों में सबसे अधिक मानवीय और सभी मानविकी में सबसे अधिक वैज्ञानिक होता है। एक डॉक्टर ताउम्र विद्यार्थियों की तरह सीखता रहता है। अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने चरक आचार संहिता की शपथ विद्यार्थियों को दिलाई, उनके द्वारा कहे गए शब्दों को नवप्रवेशित 230 छात्र-छात्राओं ने अपना दाहिना हाथ उठाकर दोहराया।

**वीरता को सैल्यूट...** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हुये शामिल राज्यपाल

# सैनिकों के लिए मदद करे समाज : राज्यपाल डेका

**झण्डा दिवस निधि में राज्यपाल ने दी दो लाख की सहयोग राशि**

रायपुर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में राजभवन के दरबार हॉल में गौरवपूर्ण समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि सैनिक निस्वार्थ भाव से हमेशा देश की रक्षा के लिए तैयार रहते है और अपना जीवन देश सेवा के लिए लगाते है। समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है कि उनके लिए मदद करें। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अधिक से अधिक सहयोग देकर वीर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करें। राज्यपाल ने सशस्त्र झण्डा दिवस निधि के लिए 2 लाख रूपए की सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने सभी शहीदों की वीर नारियों एवं माताओं, आश्रितों को सम्मान राशि

7 हजार 100 और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वीरता अलंकरण प्राप्त कर्ताओं और झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया। राज्यपाल ने आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्नातक उपाधि 6 भूतपूर्व सैनिकों को प्रदान कर प्रोत्साहित किया। राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिससे हम अपने भूतपूर्व सैनिकों की उचित तरीके से देखभाल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि नियमित और अनुशासित होना सफल जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती सुधा सक्सेना की सराहना की जो एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी है और अपने पेंशन की राशि से प्रतिवर्ष झण्डा दिवस निधि में विशेष योगदान देती हैं। हमारे समाज में ऐसे असंख्य अदृश्य हीरे है जो समाज की निस्वार्थ सेवा करते है। उन्होंने कहा कि विकास के मॉडल में आम आदमी की भूमिका बढ़ानी होगी। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और खुद को लगातार अपग्रेड करते रहें।

# पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम चरण के आबंटन की तिथि जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने डीएलएड, बीएड, बीएबीएड और बीएससीबीएड पाठ्यक्रम 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण की तिथियां घोषित कर दी है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व चरणों में प्रवेश नहीं लिया है, वे निःशुल्क तथा जो पहली बार पंजीयन कर रहे होंगे वे निर्धारित पंजीयन शुल्क के साथ किसी महाविद्यालय/संस्था का 7 दिसंबर 2024 को सुबह 10:30 बजे से 12 दिसंबर 2024 तक अपने विकल्प ऑनलाइन दर्ज कर सकते है। अंतिम चरण की प्रथम सूची का प्रकाशन 12 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि 12 से 16 दिसंबर 2024 को शाम 5 बजे तक निर्धारित है। इसी प्रकार द्वितीय सूची का प्रकाशन 19 दिसंबर 2024 एवं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2024 शाम 5 बजे तक होगी। अंतिम सूची की प्रकाशन 23 दिसंबर 2024 को एवं अंतिम प्रवेश की तिथि 24 दिसंबर 2024 को शाम 5 बजे तक होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक: चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654